www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:20 सूर्यास्त 5:26

आज का तापमान

| शहर | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| शिमला | 7.04 | 17.05 |
| धर्मशाला | 7.02 | 21.00 |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72410.38 |
| निफ्टी | 21778.70 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023 | 14 पौष, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 11 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए | चंबा के शासकों की भगवान श्रीराम के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है सीता-राम मंदिर ...पेज 3

## अयोध्या में कंकड़–पत्थर भी सुनाएंगे प्रभु श्रीराम की गौरवगाथा

अनंत ज्ञान विशेष

**अयोध्या** नगरी को राममयी बनाने के लिए शिल्पकार और मूर्तिकार अपनी कला का बेहतरीन नमूना पेश कर रहे हैं। हर कलाकृति और भित्तिचित्रों में पौराणिक कथा के उल्लेखानुसार अध्योध्या नगरी को स्वरूप दिया जा रहा है। भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले पूरे क्षेत्र के कायाकल्प की प्रक्रिया जारी है। 30 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे से पूर्व श्रीराम जन्म भूमि मंदिर को जोड़ने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर रामायण काल के प्रमुख प्रसंगों का मनमोहक चित्रण किया जा रहा है।




अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) की श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों की दीवारों को टेराकोटा फाइन क्ले म्यूरल कलाकृतियों से सजाने की प्रक्रिया जारी है।

दूसरी ओर अयोध्या विकास प्राधिकरण ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों की दीवारों को कंकड़-पत्थर से बनी कलाकृतियों से सजाने का कार्य भी शुरू कर दिया है। 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।



**50** से ज्यादा म्यूरल स्कल्प्चर्स, भितिचित्र और पेंटिंग्स बनेंगी, जिनकी थीम अलग-अलग रामायण कांड पर आधारित होगी। इसमें महीन मिट्टी (केवल नदी तल की फाइन क्ले) का उपयोग होगा।



**2** महीने में होगा यह निर्माण कार्य

**9** फुट ऊंचाई और 20 फुट चौड़ाई कंकड़-पत्थरों से बनी कलाकृतियों के लिए निर्धारित की गई है।

### राम मंदिर में नहीं होगी मां सीता की मूर्ति

**राम** मंदिर 360 फुट लंबा और 235 फुट चौड़ा होगा। मंदिर का शिखर 161 फुट ऊंचा होगा। 70 एकड़ में बनने वाले राम मंदिर में भगवान रामलला की मूर्ति गर्भ गृह में विराजित होगी। यह राम का वह रूप होगा, जिसमें वे पांच साल के बालक रूप में होंगे, क्योंकि मूर्ति भगवान के बाल स्वरूप की है, इसलिए मंदिर में मां सीता की कोई मूर्ति नहीं होगी।

### ट्रस्ट की बैठक आज

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की 29 दिसंबर को महत्वपूर्ण बैठक होगी। इसके लिए ट्रस्ट के सभी 15 सदस्यों को बुलाया गया है। अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास, महासचिव चंपत राय समेत सभी सदस्य इस बैठक में शामिल होंगे।

▶ नष्ट होने से बचाने के लिए कलाकृतियों के निर्माण में लगेगी यूरिया और नमक से मुक्त मिट्टी



### अयोध्या में शराब बिक्री पर रोक

भगवान राम की नगरी अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में शराब की बिक्री को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया है। परिक्रमा क्षेत्र में स्थित सभी शराब की दुकानें हटाई जाएंगी। ये शराब बंदी सिर्फ 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर रहेगी। श्रीराम मंदिर क्षेत्र में पहले ही शराब बंदी लागू हो चुकी है।

**970-1050** डिग्री तापमान पर कलाकृतियों की बेकिंग (फायरिंग) को पकाया जाएगा।

**8** इंच भितिचित्रों का उभार होगा और प्रत्येक भाग, टुकड़े और ब्लॉक को पॉलिमर मोर्टार से दीवार पर लगाया जाएगा, जिन पर वेदर कोटिंग वाले पेंट ही लगाए जाएंगे।

**20** कलाकृतियां धर्म पथ के अगल-बगल बनेंगी।

**22** जनवरी तक पूर्ण करने पर फोकस

## न्यूज शॉर्ट्स

### 'आप' मंत्री बोले- पंजाब में हो हरियाणा-हिमाचल का विलय

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा के बीच सतलज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर को लेकर चल रहे विवाद के बीच पंजाब की 'आप' सरकार के कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने विवादित बयान दिया है। भुल्लर ने कहा कि हरियाणा और हिमाचल प्रदेश को पंजाब से अलग करके बनाया गया था। अब इन दोनों राज्यों का वापस पंजाब में विलय कर 'महापंजाब' बना देना चाहिए।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की चार्जशीट में प्रियंका का नाम

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पहली बार मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रियंका गांधी का जिक्र किया है। यह मामला एनआरआई बिजनेसमैन सीसी थंपी से जुड़ा है, जिसमें प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा पर भी आरोप हैं। ईडी का कहना है कि रॉबर्ट वाड्रा और बेटी प्रियंका गांधी ने हरियाणा में जमीन खरीदी। उसी रियल एस्टेट एजेंट ने एनआरआई बिजनेसमैन सीसी थंपी को भी जमीन बेची थी।

### बारामूला में लश्कर का आतंकी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले से आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक सहयोगी आतंकी को गिरफ्तार किया है। सुरक्षाबलों ने उसके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। श्राकवारा क्रीरी में सुरक्षाबलों को देखकर सहयोगी आतंकी भागने लगा और उसे दबोच लिया।

## टॉप स्टोरीज

जिलों में हेलिपैड बनते ही 18 मिनट का होगा चंडीगढ़ से शिमला का सफर: सुक्खू ...पेज 3

लड़ाई सिर्फ विचारधारा की, भाजपा देश को ले जा रही गुलामी की ओर ...पेज 16

एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634

ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

मुख्य कार्यालय

98162-32526, 98160-10065



# भारत ने पाक से मांगा आतंकी हाफिज सईद

## मुंबई हमले का है मास्टरमाइंड, पाकिस्तान में काट रहा सजा

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारत** ने पाकिस्तान सरकार से लश्कर-ए-तैयबा के सरगना और मुंबई में 26/11 हमले के मास्टरमाइंड आंतकी हाफिज सईद को सौंपने की मांग की है। भारत सरकार ने प्रत्यर्पण को लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने की बात कही है।



▶ कई आतंकवादी गतिविधियों में रहा शामिल

हाफिज सईद को 2008 में मुबंई हमले समेत कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का दोषी पाया है। वैश्विक स्तर पर भी हाफिज सईद आतंकवादी घोषित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र ने हाफिज सईद को वांटेड आतंकवादियों की सूची में डाला है। फिलहाल, हाफिज पाकिस्तान की जेल में सजा काट रहा है।

पिछले साल पाकिस्तान की आतंकवाद निरोधी अदालत ने हाफिज सईद को दो टेरर फाइनेंसिग केस में 32 साल की सजा सुनाई थी। इससे पहले पांच अलग-अलग मामलों में हाफिज को 36 साल की अलग सजा सुनाई गई थी। हालांकि, दोनों सजाएं एक साथ चल रही हैं, लेकिन हाफिज पाकिस्तानी जेल में सजा काट रहा है या नहीं, इस पर भी सवाल उठते रहे हैं। पाकिस्तानी मीडिया ने खुलासा किया है कि भारत सरकार ने औपचारिक रूप से पाकिस्तान से हाफिज सईद के प्रत्यर्पण को लेकर अनुरोध किया है।

### अमेरिका ने भी रखा है इनाम

हाफिज सईद के संगठन पर अमेरिका ने एक करोड़ डॉलर इनाम रखा हुआ है। अमेरिका ने हाफिज के संगठन लश्कर-ए-तैयबा को भी आतंकी घोषित किया है आतंकी फंडिंग मामले में उसे जेल में बंद किया गया है।

### पुलवामा हमले के पीछे भी रहा है हाथ

**हाफिज** सईद पुलवामा हमले का भी मास्टरमाइंड है और जमात उद दावा के नाम से भी लश्कर के लिए छद्म संगठन चलाता है। हाफिज के संगठन लश्कर-ए-तैयबा जम्मू-कश्मीर में कई बार फिदायीन हमले करा चुका है। लश्कर-ए-तैयबा के पाकिस्तान में कई ठिकाने हैं।

### पाक में आम चुनाव में उतर रही है हाफिज की पार्टी

**हाफिज** सईद की पार्टी पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) अगले साल फरवरी में होने वाले चुनाव लड़ेगी। पीएमएमएल के अध्यक्ष खालिद मसूद सिंधु ने कहा कि उनकी पार्टी ज्यादातर सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

### पाकिस्तान विदेश प्रवक्ता बोलीं- सिर्फ अटकलें

**पाकिस्तानी** विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता जहरा बलोच ने हाफिज सईद के भारत प्रत्यर्पण के सवाल पर कहा कि यह अटकलों पर आधारित रिपोर्टिंग के तहत पूछा गया सवाल है। इस तरह की रिपोर्टों पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगी। हाफिज सईद इस समय जेल में बंद है। पाकिस्तान के इस बयान से साफ है कि वह अपने पाले हुए हाफिज सईद को सौंपने के मूड में नहीं दिखाई दे रहा है।

## पांच आईएएस अफसरों को सुपरटाइम स्केल

**अरविंद शर्मा, शिमला।** प्रदेश सरकार ने पांच आईएएस अफसरों को सुपरटाइम स्केल दिया है। इन आईएएस अफसरों को सचिव का पद मिल गया है। पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक अमित कश्यप सेवानिवृत्ति से तीन दिन पहले सचिव बन गए हैं। अमित कश्यप 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होंगे। चीफ सेक्रेटरी प्रबोध सक्सेना ने आदेश जारी कर दिए हैं।

▶ अमित कश्यप को रिटायर होने से तीन दिन पहले तोहफा

सरकार ने आईएएस एवं डिवीजनल कमिश्नर शिमला कदम संदीप बसंत, स्टडी लीव पर चल रहे आशीष सिंघमार, पर्यटन विकास निगम के एमडी अमित कश्यप, सेक्रेटरी राजभवन राजेश शर्मा और डिवीजनल कमिश्नर मंडी राखिल काहलो को प्रमोट किया है। अब सरकार अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर भी तैनाती देने वाली है। अगले सप्ताह तक इनकी प्रमोशन हो सकती है। दो अधिकारी जो प्रधान सचिव के पद पर हैं, उनको एसीएस बनाया जाएगा। इसमें ओंकार शर्मा का नाम सबसे आगे है। इसके अलावा भरत खेड़ा और आरडी नजीम , अनुराधा ठाकुर, अमनदीप गर्ग को भी सरकार प्रमोट कर सकती है। (अनंत ज्ञान)

## देवभूमि में पत्रकारिता के जगत में एक और सूर्य का उदय

**देवभूमि** हिमाचल प्रदेश में पत्रकारिता के जगत में एक और सूर्य का उदय हुआ है। ज्ञान का यह सूर्य है 'अनंत ज्ञान'। प्रदेश के निचले क्षेत्र में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करवाने के बाद अब यह दैनिक समाचार पत्र आज से राजधानी शिमला में भी दस्तक दे रहा है। प्रदेश की अवाम का प्यार और विश्वास ही है, जिसके सहारे हम आगे बढ़ेंगे और प्रदेश की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगे।



पुरुषोत्तम जमुआल

यूं तो प्रिंटिंग प्रेस का इतिहास ब्रिटिशकालीन भारत से शुरू हो जाता है। साल 1848 में कई पत्र-पत्रिकाएं हिल्स क्वीन शिमला में शुरू हुईं और समय के साथ बंद हो गईं। इनमें अंग्रेजी, हिंदी व उर्दू के समाचार पत्र शामिल थे। आजाद भारत में पत्रकारिता जगत में भी एक नई क्रांति आई। बात देवभूमि के निचले क्षेत्र की हो, तो नब्बे के दशक तक कई समाचार पत्र यहां के लोगों से जुड़ चुके थे, लेकिन पहली प्रिंटिंग प्रेस देवभूमि के निचले क्षेत्र में 29 दिसंबर, 1997 को शुरू हुई थी। संयोग से आज भी 29 दिसंबर ही है। मैं खुद को सौभाग्यशाली समझता हूं कि इन दोनों अवसरों का मैं साक्षी बना।

अपने हाथों से प्रेस लगाने का काम सफलतापूर्वक किया। यह मेरे 39 साल के संघर्ष से पाया अनुभव है, जो आज मेरे काम आ रहा है। सफर में कई चुनौतियां आईं, लेकिन कदम नहीं डगमगाए। इस बीच कई लोगों का सहयोग मिला। कुछ लोगों से सीखा भी और कई को सिखाया भी। परमपिता परमात्मा की कृपा और माता-पिता व गुरुजनों के आशीर्वाद से अक्तूबर 1984 को मैंने उत्तर भारत के एक समाचार पत्र समूह के साथ 18 वर्ष से भी कम उम्र में सफर शुरू किया था।

उस दौर में ब्लैक एंड व्हाइट प्रिंटिंग (छपाई) का जमाना था। 13 वर्ष तक मैंने उस समाचार पत्र समूह में सेवाए दीं।

1997 में देवभूमि के निचले क्षेत्र में पहले समाचार पत्र का प्रकाशन शुरू हुआ। मुझे भी उस परिवार का सहयोगी बनने का अवसर मिला। दिन-रात कड़ी मेहनत और कई बड़ी चुनौतियों का सामना करने के बाद मैंने उस संस्थान में 15 वर्ष से भी अधिक समय तक सेवाएं दीं। पूरे तन और मन से जिम्मेदारी को निभाया। चार दशक का समय छोटा नहीं होता। आज पीछे मुड़कर देखता हूं तो पाता हूं कि काफी कुछ हासिल है। यही मेरी पूंजी है।

## कोरोना के 702 मामले छह लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** कोरोना से 24 घंटों में 702 नए मामले आए हैं, जबकि छह लोगों की मौत हुई है। नए वेरिएंट जेएन-1 के 157 मामले आए हैं। महाराष्ट्र में दो और दिल्ली, कर्नाटक, केरल और पश्चिम बंगाल में एक-एक मरीज की मौत हुई है।

## कोरोना से डीएमडीके के चीफ विजयकांत का निधन

**एक्टर** से राजनेता बने विजयकांत (71) का चेन्नई के अस्पताल में वीरवार को निधन हो गया। वे राजनीतिक दल डीएमडीके के संस्थापक थे। विजयकांत का कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव पाया गया था। इसके बाद से वे वेंटिलेटर पर थे।

## आठ पूर्व नौसैनिकों को नहीं होगी फांसी

एजेंसी, नई दिल्ली

**कतर** में कथित जासूसी के मामले में फांसी की सजा पाए आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों को बड़ी राहत मिली है। कतर की अदालत ने उनकी फांसी की सजा पर रोक लगाते हुए सजा को कम कर दिया है। फांसी की सजा के खिलाफ भारत की तरफ से अपील दाखिल की गई थी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि मामले को लेकर कतर में स्थित कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

▶ कतर की अदालत ने सजा पर लगाई रोक

अब विस्तृत फैसले की कॉपी का इंतजार है। हमारी कानूनी टीम अगले कदम को लेकर आठों भारतीयों के परिवारों के संपर्क में हैं। सुनवाई के दौरान एंबेसडर और अधिकारी कोर्ट में मौजूद रहे। भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से इस बारे में बयान जारी किया है।

मामला पहली बार 30 अगस्त को सामने आया, जब कतर की खुफिया एजेंसी 'राष्ट्रीय सुरक्षा ब्यूरो' ने बिना किसी आरोप के आठ पूर्व नौसेना अधिकारियों को गिरफ्तार किया था और एकांत कारावास में भेज दिया गया था। उल्लेखनीय है कि कतर की अदालत ने 26 अक्तूबर को नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को फांसी की सजा सुनाई थी।



### विदेश मंत्रालय जारी रखेगा कानूनी लड़ाई

**विदेश** मंत्रालय ने बताया कि कतर में हमारे राजदूत और अन्य अधिकारी उनके परिवार के सदस्यों के साथ अदालत में मौजूद थे। मामले की शुरुआत से ही हम उनके साथ खड़े हैं। हम सभी उन्हें कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे। इस मामले को कतर के अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि अभी विस्तृत फैसले का इंतजार है। इस मामले की कार्यवाही की गोपनीय और संवेदनशील प्रकृति के कारण इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं है। अगले कदम पर फैसला लेने के लिए कानूनी टीम के साथ हम लगातार परिवार के सदस्यों के साथ संपर्क में हैं।



## राम जी का अयोध्या धाम



**रामलला** की भव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और राम जन्म भूमि अयोध्या धाम में भव्य मंदिर के शुभारंभ मौके पर सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि लंबे संघर्ष के बाद श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो रहा है।

**राजेंद्र शर्मा, मंडी।**



**भगवान** राम हिंदुओं की आस्था के प्रतीक हैं। सनातन धर्म में प्रभु श्रीराम की पूजा आदर्श मानव जीवन के प्रतीक के रूप में की जाती है। मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जीवन से जुड़ी कई ऐसी बातें हैं जो आज भी लोगों को प्रेरित करती हैं।

**डॉ. संजीव शर्मा, सीएमडी रेबिसन इंडिया इल्ट्रोहोम्योपैथी, मोहल्ला ओबड़ी जिला चंबा।**



**यूपी** राज्य में स्थित अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की स्थापना अगर पूर्ण हो पा रही है तो केंद्र सरकार की देन है, जिसमें सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में मंदिर से जुड़े तमाम तथ्यों को रखा गया, जिस पर न्यायालय द्वारा मंदिर निर्माण के तहत ऐतिहासिक निर्णय सुना कर राम भक्तों को गदगद किया।

**मनुज शर्मा, चेयरमेन नॉट ऑन मैप संस्था चंबा।**



**अयोध्या** नगरी में भगवान श्री रामलला के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सभी देशवासियों को अनेक शुभकामनाएं। इस पल को सजाने के लिए अनेक स्वयं सेवकों को अपने प्राणों की आहुति दी है। हमारे जीवन में यह पल आने जा रहा है। इस दिन पुन: देश में दिवाली मनाई जाएगी।

**जय देव खट्टा, अंब**



**प्रभु** राम के भव्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को एक यादगार पल के रूप में संजोकर रखने का प्रण लिया है। इस दिन हमारा परिवार एक बार फिर से दिवाली मनाएगा। इस पल के साक्षी होने पर हमें अपने आप पर गर्व है। देश के सभी सनातनी धर्म प्रेमियों को बहुत-बहुत बधाई।

**एकता, ऊना।**



**अयोध्या** में भगवान श्रीराम का मंदिर निर्माण हर एक सनातम धर्म से जुड़े व्यक्ति के लिए गर्व की बात है। जिस श्रीराम मंदिर निर्माण व अयोध्या श्रीराम जन्म भूमि पर गत कई वर्षों तक विवाद रहा उसपर विराम लगने सहित सौहार्द वातावरण उत्पन्न हुआ है।

**शिवा कटोच, अध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा जयसिंहपुर।**



**मर्यादा** पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के मंदिर के निर्माण से हर भारतीय खुश है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के शुभारंभ और प्राण प्रतिष्ठा को एक पर्व की तरह मनाया जाए जा रहा है। यह दिन भी श्रीराम भक्तों के लिए दीपावली से कम नहीं है।

**संजय कुमार, देवठी, सोलन।**



**अयोध्या** में भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण सभी सनातनियों के लिए हर्ष का विषय है। इससे राजनीतिक रंग न देकर वासुदेव कुटुंबकम का प्रतिरूप बनाना चाहिए, ताकि किसी भी धार्मिक भावनाएं आहत न हो। इस दिन पुन: देश में दिवाली मनाई जाएगी।

**पवन कुमार गुप्ता, लोअर बाजार, सोलन।**

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में पंजाब की युवती से दुष्कर्म

**शिमला।** शिमला में पंजाब की एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में महिला थाना बीसीएस में एफआईआर दर्ज हो गई है। युवती मॉडलिंग का काम करती थी। आरोपी युवती को शूटिंग के बहाने शिमला लेकर आया। वे दोनों एक होटल में रुके थे, जहां उसने युवती से दुष्कर्म किया। जानकारी के अनुसार युवती पंजाब के जालंधर की रहने वाली है। आरोपी भी पंजाब के लुधियाना का है, जो शूटिंग के बहाने युवती को शिमला लाया था। इस दौरान वे दोनों शिमला के एक होटल में रुके थे। युवती ने आरोप लगाया है कि होटल में आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए हैं। युवती की उम्र 23 वर्ष बताई जा रही है। वह एबीसी निवासी लाडो वाली रोड जालंधर की रहने वाली बताई जा रही है।

### घर का ताला तोड़ ज्वेलरी चोरी कर ले गए शातिर

**शिमला।** संजौली में एक घर से चोरी का मामला सामने आया है। शातिरों ने एक मकान का ताला तोड़कर सोने के जेवरात चोरी कर लिए हैं। ढली पुलिस थाना के तहत मामला दर्ज कर संदिग्धों से पूछताछ और सीसीटीवी से खोजबीन शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में अमित शर्मा निवासी आनंद भवन संजौली ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर का ताला तोड़कर सोने के जेवरात चोरी कर लिए हैं। ढली पुलिस थाना के तहत समिट्री संजौली में अज्ञात व्यक्ति ने घर का ताला तोड़कर अंदर से 70 हजार की नकदी चोरी की है, जबकि इसी थाना के तहत किसी अज्ञात व्यक्ति ने छराबड़ा में ढाबे के लॉकर से करीब 95 हजार रुपए की नकदी चोरी करने की घटना को अंजाम दिया है।

### चेक बाउंस मामले में उद्घोषित आरोपी गिरफ्तार

**सुंदरनगर।** जिला मंडी पुलिस के पीओ सेल ने दो चेक बाउंस मामले में उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मामले में पीओ सेल टीम के एचएचसी मोहिंदर सैणी व रवि कुमार, कांस्टेबल विवेक भंगालिया तथा एलएचसी दिनेश चौधरी ने आरोपी को मंडी जिला की तहसील पांगणा के बिठरी गांव से गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार आरोपी हेतराम पुत्र केशव राम गांव धनवास डाकघर कुटाहची तहसील पांगणा जिला मंडी के खिलाफ एनआई एक्ट के तहत दो शिकायतें अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुंदरनगर के न्यायालय में विचाराधीन थी, लेकिन आरोपी बार-बार न्यायालय से गैरहाजिर रहा। मामले में पीओ सेल मंडी ने आरोपी को आगामी कार्रवाई के लिए पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी के हवाले कर दिया गया है। मामले की पुष्टि एएसपी मंडी सागर चंद्र ने की है।

### पिपलीवाला पंचायत के प्रधान बर्खास्त

**पांवटा साहिब।** उपमंडल पांवटा साहिब की ग्राम पंचायत पीपलीवाला के प्रधान मोहम्मद सफी को प्रधान पद से बर्खास्त कर दिया गया है। बता दें कि पंचायत प्रधान को पंचायतीराज चुनाव के दौरान नामांकन पत्र में गलत जानकारी देने और तथ्य छिपाने के आरोप में निलंबित किया गया है। उसके बाद पीपलीवाला पंचायत प्रधान का पद भी रिक्त घोषित कर दिया है। गौर हो कि स्थानीय निवासी जाहिद ने जनवरी 2023 को उपायुक्त सिरमौर को शिकायत दी थी कि जनवरी, 2021 में पंचायतीराज चुनाव में मोहम्मद सफी ने पंचायत प्रधान का नामांकन भरते समय उसमें कई सूचनाएं छिपाई थीं। शिकायत मिलने के बाद उपायुक्त सिरमौर ने मामले की जांच जिला पंचायत अधिकारी को सौंपी। जिला पंचायत अधिकारी की जांच के दौरान इस बाद का खुलासा हुआ कि मोहम्मद सफी ने पंचायत प्रधान पद के लिए दाखिल नामांकन पत्र में कई जानकारियां छिपाई थीं। उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने उक्त पंचायत प्रधान को तत्काल प्रभाव से पद से बर्खास्त कर दिया है।

### चरस तस्कर को दस साल का कठोर कारावास

**मंडी।** चरस तस्करी का एक अभियोग सिद्ध होने पर जिला न्यायालय के अतिरिक्त जिला एवं सत्र (स्पेशल जज-2) मंडी की अदालत ने पंजाब के एक आरोपी को दोषी करार देते हुए दस वर्ष का कठोर कारावास व एक लाख जुर्माने की सजा सुनाई है। स्पेशल जिला न्यायवादी मंडी चानन सिंह ने कहा कि पुलिस थाना सदर मंडी की टीम एसआई मनोज कुमार बिंद्रावणी में नाकाबंदी पर मौजूद थी। इसी दौरान मनाली से कांगड़ा जा रही न्यू प्रेम बस को चेकिंग के लिए रोका गया। इस दौरान बस में बैठे आरोपी के बैग की चेकिंग में 1.154 किलोग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी राजेंद्र गिरी पुत्र प्रेम गिरी निवासी गांव भमौर साहिब डाकघर बास भमौर जिला रूपनगर पंजाब के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया गया था।

## मां और पिता का साया सिर से उठने पर भी नहीं हारी हिम्मत, बिलासपुर की बेटी आज फैशन डिजाइनिंग में बना रही भविष्य

# नक्षत्रा सुखाश्रय योजना के तहत स्टार्टअप करने वाली प्रदेश की पहली बेटी

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर की नक्षत्रा सिंह मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत स्टार्टअप करने वाली प्रदेश की पहली बेटी बनी हैं। जिला बिलासपुर के सदर उपमंडल के अंतर्गत निदेशालय महिला एवं बाल विकास विभाग की वर्किंग वूमन हॉस्टल में रह रही नक्षत्रा सिंह हिमाचल की पहली ऐसी निराश्रित बेटी है, जिसका मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के अंतर्गत स्टार्टअप के लिए प्रोजेक्ट अप्रूव हुआ।

नक्षत्रा सिंह के पिता का स्वर्गवास 2018, जबकि माता का 2021 में हुआ। मां-बाप के जिंदा रहते नक्षत्रा सिंह ने पंजाब यूनिवर्सिटी से फॉरेंसिक साइंस एंड क्रिमिनोलॉजी में एमएससी किया। नक्षत्रा सिंह को शुरू से ही फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में रुचि रही। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के महत्वाकांक्षी योजना के तहत नक्षत्रा सिंह को भी चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट में जोड़ा गया। यूं तो बिलासपुर में अब तक 125 निराश्रित बच्चे चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट की सूची में है, मगर निराश्रित होने के बाद भी नक्षत्रा सिंह ने हिम्मत नहीं हारी और अपने फैशन डिजाइनिंग के शौक को अपना पैशन बनाया।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के अंतर्गत स्टार्टअप शुरू करने के लिए अपने प्रोजेक्ट को विभाग के माध्यम से शिमला भेजा। (अनंत ज्ञान)

### मात्र 24 घंटे में अप्रूव हुआ प्रोजेक्ट



**विभाग** ने मात्र 24 घंटे के अंदर उनका प्रोजेक्ट को अप्रूव किया और नक्षत्रा सिंह के अकाउंट में दो लाख की राशि मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत जारी की गई। नक्षत्रा सिंह ने अपने प्रोजेक्ट के अनुसार दो लाख रुपए से दिल्ली से किफायती दरों पर अच्छे से अच्छा फैब्रिक लाया और आगामी गर्मियों के लिए डेली वियर और पार्टी वियर फैशनेबल कपड़े बनाना शुरू किया है। नक्षत्रा सिंह बिलासपुर में यूथ को बेहतर दामों में अच्छे से अच्छा फैशनेबल कपड़े मुहैया करवाना चाह रही है। उनके इस काम में दो अन्य रिश्तेदार भी इनके साथ काम कर रही हैं।

### जल्द मिलेगी तीन बिस्वा जमीन और तीन लाख रुपए

**मुख्यमंत्री** सुखाश्रय योजना के अंतर्गत ही अनाश्रितों को घर बनाने के लिए तीन बिस्वा जमीन और तीन लाख रुपए की वित्तीय सहायता का भी प्रावधान है, जो कि नक्षत्रा सिंह को प्रदेश सरकार की ओर से जल्द दिया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना का मुख्य उद्देश्य ही अनाथ विशेष रूप से विकलांग बच्चों, निराश्रित महिलाओं और बच्चों और बुजुर्ग व्यक्तियों को व्यापक सहायता प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत समाज के सबसे कमजोर वर्ग और उन लोगों की सेवा की योजना है, जिनकी वास्तव में सरकार द्वारा देखभाल की आवश्यकता है। गौर हो कि अनाथ बच्चों और अन्य वंचित वर्गों की मदद के लिए कानून बनाने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है।

### घर पर गाड़ी, दो जगह कट गया ऑनलाइन चालान

**शिमला।** राजधानी शिमला में एक ऐसा मामला सामने आया है, जहां



ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हुए हैं। दरअसल ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक महिला की कार का दो मर्तबा चालान आनलाइन भेज दिया गया। इससे महिला खफा है।

महिला के पिता का कहना है कि उसकी बेटी की कार घर में ही मौजूद थी, लेकिन कार के चलान का मैसेज देख कर वह दंग रह गए और ट्रैफिक पुलिस के इस कारनामे की जांच के लिए ढली पुलिस थाना में एक शिकायत पत्र दे दिया। संजोली निवासी धर्म सिंह ने शिकायत देते हुए बताया कि दिनांक 23 दिसंबर को उसके फोन पर उसकी बेटी के नाम से रजिस्टर्ड कार नं. (एचपी 63सी-5445) का शिमला से करीब 15 किलोमीटर दूर फागु में तथा दिनांक 26 दिसंबर को आईजीएमसी के पास हुए चालान का मैसेज उनके मोबाइल पर आया, जबकि इसकी बेटी की उपरोक्त कार घर की पार्किंग में खड़ी थी। उन्होंने अंदेशा जताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति कार के नंबर का दुरुपयोग कर रहा है।

# एचआरटीसी बस और कार में टक्कर, कार ड्राइवर की मौत

## बिलासपुर में एनएच पर पेश आया हादसा, मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

किरतपुर-नेरचैक फोरलेन एक तरफ जहां लोगों कम समय में अपने गंतव्य पर पहुंचा रहा है तो वहीं इस मार्ग पर हादसों की संख्या भी




बढ़ना शुरू हो गई है। इसी कड़ी में किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर स्थित बिलासपुर जिला के पडगल में एचआरटीसी बस और कार की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में कार चालक की मौत हो गई है। जानकारी प्राप्त हुई है कि कार चालक गलत दिशा से आ रहा था और रफ्तार तेज होने के चलते सीधे एचआरटीसी बस से टक्कर हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिलासपुर भेज दिया है और मामला दर्ज है, जांच जारी है।

जानकारी के अनुसार एचआरटीसी बस सरकाघाट से दिल्ली को जा रही थी, जब बस कोठीपुरा से नीचे की ओर पडगल के पास पहुंची तो वहां पर मंडी भराड़ी पुल पर एक कार गलत दिशा में आ रही थी। इसी दौरान दोनों में टक्कर हो गई। टक्कर में कार चालक बुरी तरह घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए बिलासपुर अस्पताल ले जाया गया, वहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सुरेश कुमार निवासी तलसरी डाकघर कल्लर जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू दी है। उधर, खबर की पुष्टि करते हुए बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।

### सातवें दिन भी नहीं मिली युवक की लाश

**बालीचौकी।** लारजी बांध के समीप पिछले शनिवार को अवैध खनन की भेंट चढ़े बालीचौकी के पंजाई इलाके के युवा महेश के शव की तलाश में सातवें दिन भी परिजन दर-दर भटकते रहे। महेश के बड़े भाई दीवान चंद ने बताया कि उनका छोटा भाई बंजार क्षेत्र के एक ठेकेदार की जेसीबी में ऑपरेटर का कार्य करता था। पिछले शनिवार देर शाम को उसके मालिक ने उसे लारजी बांध के साथ एकत्र रेत को निकालने के लिए दरिया में जाने को कहा। इस दौरान जब महेश ने अपनी जेसीबी दरिया में डाली तो अचानक बांध प्रबंधन ने पानी निकासी के गेट खोल दिए और युवा महेश पानी के बहाव की चपेट में आ गया और सदा के लिए परिवार से बिछुड़ गया। मृतक के भाई ने बताया कि जब पानी का बहाव अचानक बढ़ गया तो घटनास्थल पर मौजूद ठेकेदार भाग खड़ा हुआ। वहीं, डोला गांव के दीवान खत्री ने बताया कि वे परिजनों के साथ लगातार महेश के शव की तलाश कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन ने अभी तक भी न तो शव की तलाश करने में सहायता दी और न ही परिजनों को त्वरित राहत राशि दी। वहीं, जिस स्थान पर जेसीबी ऑपरेटर महेश अपनी जान से हाथ धो बैठा उसी स्थान पर इस हादसे के बाद भी लोग अवैध रूप से रेत निकाल रहे हैं। इस पूरे क्षेत्र में स्थानीय प्रशासन एवं खनन विभाग की लापरवाही कई सवालों को जन्म देती है।

### हैप्पी बर्थडे



भरमाड़ के अभिनव कटनोरिया को अनंत ज्ञान परिवार की ओर से जन्मदिन की हार्दिक बधाई

### केरल पहुंची हिमाचली टीम

**सोलन।** केरल के कोजीकोड में आयोजित 25वीं टेनिस वॉलीबाल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश की टीम केरल पहुंच गई है। टेनिस वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीवीएफआई) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय टेनिस वॉलीबाल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की छह सदस्यीय टीम दम दिखाएगी। हिमाचल प्रदेश टेनिस वॉलीबाल एसोसिएशन के प्रधान विशाल चौहान, महासचिव गोबिंद सिंह, कोषाध्यक्ष धनीराम राम शर्मा ने बताया कि केरल के कोजीकोड में आयोजित 25वीं टेनिस वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता वीरवार से शुरू हो गई तथा 30 दिसंबर तक चलेगी।

# आपदा के खतरे से केंद्र ने किया सतर्क

## प्रदेश का 32 प्रतिशत हिस्सा भूकंप के लिए सबसे ज्यादा संवेदनशील

**अरविंद शर्मा, शिमला**

आपदा से बढ़ते खतरे ने हिमाचल की चिंता बढ़ा दी है। ऐसे में हिमाचल को आपदा के बढ़ते खतरे पर केंद्र सरकार ने सतर्क किया है। केंद्र सरकार से भेजी गई रिपोर्ट में कुल 33 अलग-अलग आपदाओं में से 25 अकेले प्रदेश में मौजूद होने की बात कही गई है।

भौगोलिक दृष्टि से प्रदेश का करीब 32 प्रतिशत हिस्सा भूकंप के लिए सबसे ज्यादा संवेदनशील क्षेत्र जोन पांच में आता है, जबकि अन्य जोन चार में आता है। इसके अलावा प्रदेश को भूकंप, भूस्खलन, बाढ़, हिमस्खलन और सूखे सहित विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के लिए संवेदनशील करार दिया गया है।



गौरतलब है कि बरसात के दौरान प्रदेश को भयानक आपदा का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा प्रदेश में भूकंप के झटके भी नियमित अंतराल में आते रहते हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में सुरक्षित निर्माण को बढ़ावा देने के लिए सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता अपनी भूमिका निभाएंगे। इस टीम में कनिष्ठ अभियंता से अधीक्षण अभियंता को शामिल किया गया है। इनकी मदद से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण करवाने वाले लोग सीधा लाभ उठा पाएंगे। प्रदेश भर में 29 इंजीनियरों ने सुरक्षित भवन निर्माण में योगदान देने के लिए अपनी सहमति जताई है। इन इंजीनियरों के साथ किया गया समझौता घर बना रहे व्यक्ति और सेवाप्रदाता इंजीनियर के बीच ही होगा और इसमें सरकार का कोई भी योगदान नहीं होगा। आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डीसी राणा ने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिविल इंजीनियरों से अपनी जानकारी राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बेवसाइट पर उपलब्ध करवाने का आह्वान किया है, ताकि संभावित खतरों को कम कर तकनीकी व्यक्तियों की सहायता से सुरक्षित निर्माण कार्यों को बढ़ावा मिल सके। (अनंत ज्ञान)

## बड़ोग टनल में गाड़ी की गलत दिशा से एंट्री पर होगा 20 हजार का जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

नए साल का जश्न मनाने को इन दिनों बड़ी संख्या में पर्यटक बाहरी राज्यों और अन्य जिलों राष्ट्रीय राजमार्ग-पांच से होते हुए सोलन से गुजरते हैं। पर कई बार शार्टकट के चक्कर में पर्यटक कुमारहट्टी से बड़ोग टनल में गलत दिशा से कर रहे एंट्री कर देते हैं।

अब यह गलती जेब पर भारी पड़ सकती है। जो भी चालक अपने वाहन को इस टनल से गलत दिशा में लाएगा उसका मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान कर 20,000 रुपए जुर्माना वसूला जाएगा। पुलिस ने वाहनों के रश को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त बल को नेशनल हाईवे में तैनात किया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने धर्मपुर की तरफ बड़ोग टनल के मुख्य द्वार पर चेतावनी बोर्ड लगाया गया है। इसके बावजूद भी कुछ वाहन चालक दुर्घटना की परवाह किए बगैर बड़ोग टनल का प्रयोग अपने निजी स्वार्थ के लिए कर रहे हैं। एसपी सोलन गौरव सिंह का कहना है कि दोषी पाए जाने वाले चालक पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

### दुकान जलकर राख, 70 लाख का नुकसान

**कुल्लू।** इन दिनों कुल्लू जिले में हर ओर सिर्फ आगजनी की घटनाएं पेश आ रही हैं, जो कि रुकने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार देर रात अग्निशमन विभाग के कार्यालय में गड़सा गांव में एक मकान में लगी आग के बारे में सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही अग्निशमन विभाग ने त्वरित कार्रवाई अमल में लाते हुए अग्निशमन दस्ते को घटनास्थल के लिए रवाना किया। अग्निशमन दस्ता करीब 24 किलोमीटर की दूरी तय कर घटनास्थल पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। गड़सा गांव में जानकी देवी पत्नी टेक राम के दो मंजिला घर में आग लगी थी और इस दौरान घर की निचली मंजिल में किराने की दुकान चला रही माला देवी पत्नी अमर सिंह निवासी गड़सा की दुकान में भी आग फैल गई, जिस कारण चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकी देवी के मकान में 20 दुकानें हैं, मगर आग को जल्दी काबू कर लेने की वजह से सिर्फ एक कमरे और एक दुकान को ही नुकसान पहुंचा। इस आगजनी में करीब 70 लाख का नुकसान हुआ है।

### ई-टैक्सी को सात साल का अनुभव जरूरी

**शिमला।** परिवहन विभाग ने राजीव गांधी स्वरोजगार योजना के तहत विभागों में हायरिंग आधार पर लगाई जाने वाली ई-टैक्सी के लिए पात्रता नियम में बदलाव किया है। प्रधान सचिव परिवहन आरडी नजिम की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार ई-टैक्सी के लिए आवेदन करने वाले युवाओं के पास ड्राइविंग एक्सपीरियंस भी कम से कम सात साल का होना चाहिए। जारी अधिसूचना के अनुसार सिर्फ बोनाफाइड हिमाचली ही ई-टैक्सी के लिए आवेदन कर सकता है। आवेदक की आयु कम से कम 23 साल होना जरूरी है। एक परिवार में सिर्फ एक ही व्यक्ति को आवेदन करने की अनुमति होगी। यदि आवेदक जमा दो पास है, तो उसके पास सात साल का ड्राइविंग एक्सपीरियंस होना जरूरी है। यदि आवेदक सिर्फ दसवीं पास है, तो ड्राइविंग एक्सपीरियंस दस साल का चाहिए। उसके पास वैलिड ड्राइविंग लाइसेंस के अलावा आधार कार्ड और बेरोजगारी का प्रमाण पत्र भी होना जरूरी है। यदि किसी आरक्षित वर्ग से है तो इसका सर्टिफिकेट अलग से चाहिए।

### चोरी का आरोपी दबोचा

**सोलन।** सपरून स्थित एक दुकान के गल्ले से हजारों रुपए चुराकर भागने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि सपरून निवासी राजन गुप्ता की सपरून में ही दुकान है। 23 दिसंबर को कोई उनकी दुकान के गल्ले से नौ हजार रुपए की नकदी चुरा ले गया था। बुधवार शाम पुलिस ने बिहार के रहने वाले आकाश तिवारी को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पुलिस को चुराए गए नौ हजार रुपए बरामद हो गए हैं।

### रजिस्ट्रार के कर्तव्यों का निर्वहन कैसे कर रहे उससे निचले स्तर के अधिकारी

**शिमला।** प्रदेश हाई कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि को-ऑपरेटिव सोसायटी के रजिस्ट्रार के कर्तव्यों का निर्वहन उससे निचले स्तर के अधिकारी कैसे कर रहे हैं। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने प्रार्थी सतीश कुमार और अन्यों द्वारा दायर याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के पश्चात उपरोक्त आदेश पारित किए। प्रार्थियों के अनुसार सरकार के बदलने से वे लोग सक्रिय हो गए, जो उनसे चुनाव हार गए थे। इसलिए उनके खिलाफ दुर्भावना से प्रेरित होकर यह कार्रवाई की गई। प्रार्थियों ने असिस्टेंट रजिस्ट्रार पर शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए उनकी कार्यकारिणी को बहाल करने की मांग की है।

**शोध**

## आईआईटी मंडी और मद्रास के शोधकर्ताओं का कमाल, दवा के उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा

# कैंसर की दवा बनाने वाले पौधे की कोशिकाएं विकसित

**अनिल शर्मा, मंडी**

कैंसर की दवा बनाना अब और आसान हो जाएगा। आईआईटी मंडी और मद्रास के शोधकर्ताओं ने एक खास पौधे की कोशिकाओं को मेटाबॉलिक रूप से इंजीनियर किया है। इस पौधे की कोशिका कैंसर के उपचार में विशेष रूप से सहायक है। कैम्पटोथेसिन (सीपीटी) टोपोटेकेन और इरिनोटेकन जैसी उच्च मूल्य वाली दवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कैंसर रोधी दवा लीड अणु है।

हालांकि, जलवायु परिवर्तन और सीपीटी निष्कर्षण के लिए किए गए व्यापक वनों की कटाई के संयोजन ने इन पौधों को लुप्तप्राय प्रजातियों की श्रेणी में धकेल दिया है। शोधमकर्ताओं ने कहा कि यह कैंसर के उपचार की दवा के उत्पादन को एक बड़ा बढ़ावा दे सकता है, क्योंकि कैंप्टोथेसिन, तीसरा सबसे अधिक मांग वाला अल्कलॉइड, भारत में व्यावसायिक रूप से नॉथापोडिट्स निमोनियाना से निकाला जाता है, जो एक लुप्तप्राय पौधा है। आईआईटी मंडी और मद्रास शोधकर्ताओं ने कम्प्यूटेशनल टूल का उपयोग कर एन निमोनियाना प्लांट कोशिकाओं के लिए एक जीनोम-स्केल मेटाबोलिक मॉडल विकसित किया है। बाजार की मांग को पूरा करने के लिए व्यापक रूप से अत्यधिक कटाई के कारण इसके प्रमुख संयंत्र स्रोत अब लाल-सूचीबद्ध हैं।

अकेले पिछले दशक में एन निमोनियाना की आबादी में 20 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई है। आईआईटी की इस रिसर्च परियोजना की प्रमुख अन्वेषक प्रोफेसर स्मिता श्रीवास्तव भूपत और ज्योति मेहता ने कहा, बायोप्रोसेस इंजीनियरिंग सिद्धांतों के साथ मेटाबॉलिक इंजीनियरिंग का एकीकरण, प्राकृतिक संसाधन के अलावा न्यूनतम समय और लागत में इसकी बढ़ती बाजार मांग को पूरा करने के लिए, कैंप्टोथेसिन के उन्नत और टिकाऊ उत्पादन को सुनिश्चित कर सकता है। अध्ययन के सह अन्वेषक प्रोफेसर कार्तिक रमन ने कहा, पौधों की कोशिकाओं की मॉडल-आधारित तर्कसंगत इंजीनियरिंग के लिए इस प्लेटफॉर्म तकनीक को कई अन्य उच्च-मूल्य वाले फाइटोकेमिकल्स के उत्पादन को बढ़ाने के लिए भी अनुकूलित किया जा सकता है।

आईआईटी के शोध पत्र के पहले लेखक, पीएचडी छात्र सरयू मुरली ने कहा, घरेलू प्रयोगात्मक डेटा का उपयोग कर इस मॉडल का पुनर्निर्माण और क्यूरेट किया गया था। (अनंत ज्ञान)

### भारत में 2025 तक कैंसर के बढ़ेंगे 15.7 मामले




**कैंसर** दुनिया भर में मौत का एक प्रमुख कारण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 2020 में लगभग 10 मिलियन मौतें हुईं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च-नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम (आईसीएमआर-एनसीआरपी 2020) के अनुसार, भारत में कैंसर से 2025 तक मामलों की संख्या 15.7 लाख तक बढ़ने की उम्मीद है। हर दिन कैंसर की बढ़ती घटनाओं के साथ, कैंसर रोधी दवा के उत्पादन में वृद्धि की मांग बढ़ रही है।

### बड़ू साहिब विवि और एराजेन लाइफ साइंसेज में समझौता

**राजगढ़।** इंटरनल विश्व विद्यालय बड़ू साहिब और लाइफ साइंसेज लिमिटेड हैदराबाद के बीच वीरवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत दोनों संस्थानों के संकाय सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों के भौतिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।




इस सहयोग में व्यवसाय, उद्योग पेशेवरों, चिकित्सकों के प्रशिक्षण, संयुक्त पाठ्यक्रम सेटिंग, छात्र इंटर्नशिप और संकाय सदस्यों के आदान-प्रदान आदि क्षेत्र शामिल हैं। इसके साथ ही औद्योगिक संस्थान की ओर से आवश्यक क्षेत्रों में छात्रों की इंटर्नशिप या अस्थायी रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। इंटरनल यूनिवर्सिटी के सहायक वाइस चांसलर डॉ. अमरीक सिंह अहलुवालिया एवं एराजेन लाइफ साइंसेज लिमिटेड के प्रेजिडेंट डॉ. नरेश कुमार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के लिए डीन एकेडेमिक्स डॉ. त्रिलोक सिंह बेनीपाल, एसोसिएट प्रो. डॉ. कमल किशोर एवं अस्सिटेंट प्रो. डॉ. अनिल कुमार का विशेष योगदान रहा।

### विद्युत कार्यालयों को बंद करने के फरमान का विरोध

**शिमला।** विद्युत व्यवस्था विंग और जेनरेशन विंग को बंद करने की तैयारी के खिलाफ मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोसिएशन ने रोष व्यक्त किया है। बिजली बोर्ड प्रबंधन ने अंदरखाते जेनरेशन विंग के कार्यालय को अन्य निगमों में समायोजित करने की योजना बना रहा है। इससे कर्मचारियों के हितों को नुकसान पहुंचेगा। बिजली बोर्ड के कार्यालयों को बंद करने के फरमान पर मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोसिएशन ने शिमला में बैठक की। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष हरिनंद वर्मा ने बताया कि विद्युत परिषद के सिविल विंग के कुछ कार्यालयों को बंद किया गया है। इस वजह से मिनिस्ट्रियल सर्विसेज कर्मचारियों के बहुत से पद खत्म हो जाएंगे। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आह्वान किया है कि कर्मचारियों के हितों को देखते हुए इस मामले में कड़ा संज्ञान लें और बोर्ड प्रबंधन के माध्यम से तैयार की जा रही योजना को खारिज कर दिया जाए।

## नागर शैली की वास्तुकला का बेहतरीन उदाहरण है चंबा में सीता-राम मंदिर, शासक पृथ्वी सिंह की नर्स बटलू दाई ने करवाया था मंदिर का निर्माण

# चंबा के शासकों की भगवान श्रीराम के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है सीता-राम मंदिर

**एमएम डैनियल, चंबा**

हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा को देवभूमि के नाम से भी जाना जाता है। यहां की धार्मिक संस्कृति एवं आस्था अपने में अहम महत्व रखती है। वहीं, अगर अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण की बात हो और चंबा जिले का जिक्र न आए तो ऐसा नहीं हो सकता, जिसकी मुख्य वजह चंबा के शासकों का भगवान श्रीराम के प्रति अटूट आस्था थी, जिसका उदाहरण चंबा जिला में स्थापित ऐतिहासिक सीता-राम मंदिर है, जिसका निर्माण शासकों द्वारा विशेष रूप से करवाया गया।

गौर हो कि 16वीं-18वीं शताब्दी चंबा मुख्यालय में पिंक पैलेस के एक छोर में निर्मित सीता-राम मंदिर, भगवान राम और उनकी पत्नी सीता को समर्पित है। इस मंदिर का निर्माण तत्कालीन शासक पृथ्वी सिंह की नर्स बटलू दाई ने 1641-1661 के दौरान करवाया था। यह मंदिर शासक पृथ्वी सिंह के शासनकाल के अंतिम चरण में वर्ष 1661 में पूरा हुआ था। नगर परिषद चंबा क्षेत्र के वार्ड हटनाला के मोहल्ला बंगोटू के चौराहे पर एक ऊंचे मंच पर निर्मित किया गया, जिसका इसका मुख दक्षिण की ओर है। वहीं, मुख्य मंदिर के किनारे भगवान श्रीराम के सेवक हनुमान का एक और छोटा मंदिर भी निर्मित है।



### स्थानीय लोगों की जुड़ी है सीता-राम मंदिर के प्रति अटूट आस्था

**मोहल्ला** बंगोटू स्थित ऐतिहासिक सीता-राम मंदिर के संग राजवंशज सहित स्थानीय लोगों की अटूट आस्था जुड़ी हुई है। सुबह से लेकर सायंकाल तक मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा जहां पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं, नवरात्र के पावन अवसर पर वर्ष में दो बार मंदिर को सुशोभित किया जाता है। श्रीराम लीला क्लब चंबा द्वारा जन्माष्टमी के दिन सीता-राम मंदिर परिसर बंगोटू से विधिवत्त पूजा कर रामलीला ध्वज शोभायात्रा निकाली जाती है। इस ध्वज को क्लब द्वारा दशहरे पर्व से पूर्व नवरात्र के दौरान ऐतिहासिक चौगान में श्रीराम लीला मंच समक्ष स्थापित कर मंच व मां दुर्गा प्रतिमाओं के निर्माण कार्य का आगाज किया जाता है। इसके अतिरिक्त राम नवमी के दौरान भी ऐतिहासिक सीता-राम मंदिर में भक्तों की चहल-पहल देखने को मिलती है। (अनंत ज्ञान)

**1661** में यह मंदिर शासक पृथ्वी सिंह के शासनकाल के अंतिम चरण में पूरा हुआ था।



### सीता-राम मंदिर भवन, संरचना सामग्री

**चंबा** शहर के मोहल्ला बंगोटू में स्थित ऐतिहासिक सीता-राम मंदिर नागर शैली की वास्तुकला पर आधारित है। मंदिर के निर्माण में नायाब कारीगिरी का अद्भुत नमूना देखने को मिलता है। धरातल तल से करीब पांच फुट ऊंचा एक मंच स्थापित कर उस पर सीता-राम मंदिर का निर्माण करवाया गया है। मंदिर में प्रयोग में दो ताम्रपत्र अनुदानों सहित प्रयुक्त भवन/संरचना सामग्री और अन्य घटक सूखी सजी पत्थरों की चिनाई की गई है। मंदिर निर्माण में कहीं भी चूने-माश दाल के मिश्रण का गारा प्रयोग में नहीं लाया गया है। हैरानी की बात है कि वर्ष1905 में आए सबसे बड़े भूकंप झटकों का भी इस मंदिर पर रतिभर भी असर देखने को नहीं मिला, जबकि इस भूकंप से कांगड़ा जिले में भयंकर तबाही सहित चंबा में स्थित कई इमारते व मंदिरों पर भूकंप का असर देखने को मिला, जिसके अवशेष आज भी मौजूद हैं, लेकिन 1905 से लेकर वर्तमान समय तक कई भूकंप के झटकों से चंबा धरती कांपी जरूर मगर रियासतकाल में निर्मित मंदिरों व भवनों पर इसका कोई असर देखने को नहीं मिला, जो तत्कालीन निर्माण शैली का एक नायाब परिचय है।

### औरंगजेब का मंदिरों को नष्ट करने का आदेश चंबा के शासक ने मानने से किया था इंकार

**चंबा** रियासत में धार्मिक संस्कृति का इतना महत्व था कि 1964 में शासक छत्तर सिंह के शासनकाल में जब औरंगजेब ने देश की हर रियासत में मंदिरों को नष्ट करने के आदेश जारी किए तो चंबा के शासक छत्तर सिंह ने औरंगजेब के इस आदेश को मानने से स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया। देश की अधिकांश रियासतों में वहां शासकों द्वारा नष्ट किया गया, लेकिन सिर्फ चंबा रियासत ऐसी रही, जहां कोई भी मंदिर नष्ट नहीं किया गया, अपितु मंदिरों का जहां सुरक्षा दायरा बढ़ाया गया, वहीं देवी-देवताओं के प्रति आस्था और भी बढ़ी, जो कि आज दिन तक कायम है।



चंबा शहर में स्थित मोहल्ला बंगोटू में ऐतिहासिक सीता-राम मंदिर।

## सीएम सुक्खू बोले, कांगड़ा में बनेगा बड़ा एयरपोर्ट

# जिलों में हेलिपैड बनते ही 18 मिनट का होगा चंडीगढ़ से शिमला का सफर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश आपदा के बाद टूरिज्म क्षेत्र में फिर अपने पैरों पर खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि टूरिज्म को कैसे बढ़ाया जाए, इसके लिए पहले स्टडी करनी पड़ती है।

सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में टूरिस्ट को कैसे एक दिन, दो दिन, तीन दिन या इससे ज्यादा दिनों तक रुकवाया जा सकता है, इस पर एक स्टडी पर स्टडी की जा रही है। एक निजी चैनल से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि एयर कनेक्टिविटी में पहले बजट में पूरे डिस्ट्रिक्ट हेडक्कार्टर्स को हेलिपैड से जोड़ने की कोशिश की जा रही है, जब ये हेडक्कार्टर्स हेलिपैड से जुड़ जाएंगे तो चंडीगढ़ से शिमला का सफर मात्र 18 मिनट का रह जाएगा और पूरा स्टेट एक घंटे में कवरअप हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे पास फिलहाल तीन एयरपोर्ट हैं और ये छोटे हैं। ऐसे में अब एक बड़ा एयरपोर्ट बनाया जाएगा। पहले कांगड़ा को टूरिज्म कैपिटल बनाया जा रहा है। इसके लिए मार्च, 2024 तक भूमि अधिग्रहण कर लिया जाएगा। साल 2026 तक हेलिपैड धरातल पर आ जाएंगे, वहीं रोड कनेक्टिविटी पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह भी धरातल पर आ जाएंगे। सीएम ने कहा कि बीते साल से अब तक हिमाचल प्रदेश डेढ़ करोड़ लोग आए हैं। इस संख्या को देखते हुए सरकार ने अब होम स्टे को मंजूरी दे दी है, क्योंकि जब इतनी बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं तो उन्हें स्टे करने के लिए होटल नहीं मिल पाते हैं। ऐसे में अब होम स्टे के लिए मंजूरी से उन्हें यहां रुकने में ज्यादा दिक्कत नहीं होगी।



# दिल्ली में चर्चा, कांग्रेस हाई कमान को सता रही सुक्खू सरकार की गारंटियों की चिंता

## पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने साधा निशाना बोले- कांग्रेस ने विकास के नाम पर कुछ नहीं किया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी बैठक का दीप कमल चक्कर शिमला में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता किसान मोर्चा के अध्यक्ष संजीव देष्टा ने की। बैठक में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन और प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी चारों लोकसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मंडल तक संगठन का विस्तार किया है और नए संगठन से पूरे प्रदेश में नई ऊर्जा का संचालन हुआ है। भाजपा कार्यकर्ताओं में आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर जोश है और इस जोश को हम धरातल पर उतरते हुए 2014, 2019 की तरह 2024 में भी एक बड़ी जीत हासिल करेंगे।

एक बार पुन: देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनेंगे और जिस प्रकार से पूरे देश को नरेंद्र मोदी पर विश्वास है, उसी विश्वास की अटूट नींव 2024 में रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बैठक दिल्ली में चल रही है पर चर्चा और चिंता केवल मात्र हिमाचल में जमीनी हकीकत की हो रही है, दिल्ली को भी आज हिमाचल में दी गई गारंटियों की चिंता सताने लगी है। कांग्रेस ने प्रदेश में विकास के नाम पर कुछ नहीं किया पर केवल मात्र केंद्र सरकार को पहुंचाने का काम किया है। डॉ. राजीव बिंदल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने समापन भाषण में किसान मोर्चा का आह्वान किया कि हम सब आज से जुट जाएं और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में बनाने का लक्ष्य ले कर काम करें।

डॉ. बिंदल ने कहा कि देश के किसानों का कल्याण नरेंद्र मोदी के साथ ही संभव है। पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने यूरिया, खाद व अन्य सिंथेटिक खादों को सदैव ब्लैक का विषय बना कर रखा। खाद की प्राप्ति सदा एक संघर्ष का विषय रहा परंतु मोदी ने आते ही नीम कोटिड यूरिया शुरू करवा दिया, जिसके कारण यूरिया की ब्लैक समाप्त हो गई व खाद सुगमता से मिलनी शुरू हो गई। दुनिया में यूरिया के दाम चार गुना बढ़ गई, परंतु मोदी सरकार ने सब्सिडी की मात्रा के मल्टीप्लाई करते हुए खादों के दामों को बढ़ने नहीं दिया।




भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी दीप कमल शिमला के चक्कर में बैठक करते हुए। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, डॉ. राजीव बिंदल व अन्य भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे ।

### डॉ. बिंदल बोले- मोदी सबसे बड़ी गारंटी

**डॉ.** बिंदल ने कहा कि किसान की पैदावार के दाम सही मिले इसके लिए गेहूं, चावल, दालों, तिलहन की एमएसपी को कई गुना बढ़ाकर खेती को घाटे के सौदे से बाहर निकाला है। हर छोटे किसान के खाते में पिछले तीन से चार साल से लगातार 6000 रुपए साल मोदी सरकार द्वारा डाला जा रहा है। साढ़े नौ करोड़ किसानों को 6000 रुपए प्रति किसान दिया जा रहा है। लगभग 60 हजार करोड़ रुपए प्रति वर्ष किसानों के खाते में लगातार डिजिटली डाला जा रहा है, जो दुनिया की सबसे बड़ी योजना है। मोदी सबसे बड़ी गारंटी हैं। केंद्र सरकार गरीब कल्याण की योजनाओं को लेकर कार्य कर रही है। 14000 करोड़ रुपए की विश्वकर्मा योजना शुरू की है, जिससे कुम्हार, सुनार, लोहार, बढ़ई, मिस्त्री आदि सभी को मजबूत करने का कार्य भाजपा की केंद्र सरकार कर रही है। साढ़े तीन करोड़ पक्के घर, 20 करोड़ घरों में स्वच्छ जल, 11 करोड़ शौचालय निर्माण, 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देते हुए गरीब कल्याण का कार्य किया।

### पंजाब की अमृत गिल लोस चुनाव के लिए हिमाचल की कम्युनिकेशन को-आर्डिनेटर

**शिमला।** पंजाब की अमृत गिल को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने लोकसभा चुनाव के लिए हिमाचल का कम्युनिकेशन को-आर्डिनेटर नियुक्त किया है। पंजाब के बठिंडा की रहने वाली अमृत गिल छह सालों से पार्टी से जुड़ी हुई हैं। इनकी तैनाती को लेकर कांग्रेस मीडिया एंड पब्लिसिटी कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने आदेश जारी किए हैं। अमृत गिल अभी पंजाब कांग्रेस की प्रवक्ता, राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन की महासचिव, नेशनल सर्वोदय कांग्रेस की ट्रेनर हैं। जाट नेता अमृत गिल ने किसान आंदोलन में भी सक्रिय रूप से भाग लिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने हिमाचल सहित 24 राज्यों के लिए कम्युनिकेशन को-आर्डिनेटर नियुक्त किए हैं। कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है।



## अयोध्या राम मंदिर से जुड़ा है पालमपुर : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि भारत ही नहीं विश्व इतिहास की एक बहुत बड़ी घटना इस 22 जनवरी को घट रही है। 500 वर्षों के लंबे संघर्ष, बहुत से लोगों की शहादत और 100 वर्षों की मुकदमेंबाजी के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण संपन्न हो रहा है।



इस ऐतिहासिक घटना के साथ पालमपुर का नाम भी ऐतिहासिक हो गया है। शांता कुमार ने वीरवार को एक बयान में कहा कि आज से 35 वर्ष पूर्व 1989 में इसी पालमपुर में भारतीय जनता पाटी ने पहली बार राम मंदिर निर्माण में आंदोलन करने का प्रस्ताव पास किया था। उसके बाद लाल कृष्ण अडवानी ने सोमनाथ से लेकर अयोध्या तक की ऐतिहासिक यात्रा की थी। उसके बाद राम मंदिर निमार्ण के लिए पूरे देश में प्रबल संघर्ष हुआ और अब राम मंदिर बन रहा है। इस पूरे इतिहास में पालमपुर का नाम भी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष से आग्रह किया है कि 22 जनवरी को पालमपुर में एक भव्य कार्यक्रम किया जाए। पालमपुर में राष्ट्रीय कार्य समिति की वह बैठक जून, 1989 को हुई थी।

## सीएम के जिले में भी नहीं माइनिंग ऑफिसर

# प्रदेश में दस में से छह खनन अधिकारियों के पद खाली

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

भले ही खनन विभाग में स्टाफ की कमी के बावजूद प्रदेश में अवैध खनन के खिलाफ अफसर जुटे हैं, लेकिन हालात संतोषजनक नहीं माने जा सकते। प्रदेश के 12 में से लाहौल-स्पीति तथा किन्नौर को छोड़ दस जिलों में खनन विभाग का ढांचा काम कर रहा है। सरकार अवैध खनन को रोकने के लिए दावे करती है तो, वहीं विभाग में रिक्त पड़े पदों की लंबी फेहरिस्त को देखते हुए खनन माफिया पर पूरी तरह से नियंत्रण दूर की कौड़ी नजर आती है।

खनन अधिकारी जैसे अहम दस में से छह पद रिक्त पड़े हैं तथा फिलहाल व्यवस्था को एडिशनल चार्ज के जुगाड़ से जैसे-तैसे चलाया जा रहा है। सरकार चाहे जो भी हो, अवैध खनन पर नकेल के लिए बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। आलम यह कि स्टाफ का टोटा सरकार तंत्र की कार्यप्रणाली को अप्रभावी बना रहा है।

प्रदेश के खनन विभाग में इस समय प्रदेश में खनन अधिकारियों के 13 पदों में से करीब नौ रिक्त पड़े हैं। ऐसे में एडिशनल चार्ज के जुगाड़ से व्यवस्था को चलाया जा रहा है। वहीं, मुख्यमंत्री के गृह जिला में भी खनन अधिकारी का पद रिक्त पड़ा है। ऊना, मंडी, बिलासपुर तथा कुल्लू में जहां खनन अधिकारी के पदों पर अधिकारी तैनात हैं तो वहीं शिमला, चंबा, हमीरपुर, धर्मशाला, सोलन तथा नूरपुर आदि में में जिला खनन अधिकारियों के पद रिक्त पड़े हैं। (अनंत ज्ञान)

# अब 30 किमी रह जाएगा नालागढ़ से चंडीगढ़ का सफर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र नालागढ़ से चंडीगढ़ को जाने के लिए अब लोगों को जल्द नई सड़क की सुविधा मिलने वाली है। मंझौली से निकाली जा रही सड़क से नालागढ़ से चंडीगढ़ की दूरी करीब 30 किलोमीटर की दूरी रह जाएगी। सड़क के लिए पंजाब सरकार ने भी 27 करोड़ की राशि की स्वीकृत कर दी है। हिमाचल सरकार ने अधिकतम सड़क पर काम कर दिया है, जबकि पंजाब सीमा के भूमि का काम बाकी है।

इस सड़क के बनने से लोगों समेत उद्योगपतियों को फायदा मिलेगा। सड़क पर लगने वाले जाम से भी छुटकारा भी मिल जाएगा। खास बात यह है कि हिमाचल में पड़ने वाली भूमि पर कच्ची सड़क तैयार कर इसे पंजाब से लिंक कर दिया है। पंजाब सरकार की ओर से स्वीकृत धन राशि से माजरी घाट से परखाली, परखाली से हरिपुर होते हुए सिसवां चौक तक सड़क चौड़ी होगी। नालागढ़-चंडीगढ़ को वाया सैणीमाजरा झीड़ा होकर बन रहीं नई सड़क के लिए पंजाब सरकार ने धनराशि स्वीकृत कर दी है। नालागढ़ के विधायक केएल ठाकुर ने कहा कि नालागढ़ के मंझौली से चंडीगढ़ के लिए बन रहा नया मार्ग आमजन और उद्योगपतियों के लिए वरदान साबित होगा।

### गरीब की पीड़ा को अगर किसी ने समझा वह हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी : अनुराग ठाकुर



बिझड़ी के लोग केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से मिलते हुए।

**बिझड़ी ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केंद्रीय युवा खेल मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने ग्राम पंचायत सोहारी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा अगर किसी नेता ने गरीब असहाय जरूरतमंद व्यक्ति की पीड़ा को समझा है तो वह नाम है नरेंद्र मोदी हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलदेव शर्मा, जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, माया शर्मा, मंडल अध्यक्ष यशवीर सिंह पटियाल, पंचायत समिति ब्लॉक बिझड़ी की अध्यक्ष मंजू ढिल्लें, उपाध्यक्ष मुकेश, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कपिल सांबा, जिला परिषद सदस्य एवं महामंत्री संजीव शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण बाला, सोहारी पंचायत प्रधान रणजीत शर्मा, पंचायत समिति सदस्य बबीता देवी, अंजना गुलेरिया, जिला सचिव श्याम सिंह ढटबालिया, उपमंडल अधिकारी रोहित शर्मा ब्लॉक के कर्मचारी व अधिकारी डाक विभाग जल स्वास्थ्य एवं सिंचाई विभाग से आए हुए कर्मचारी उपस्थित रहे।

**दौरा**

## केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने साधा निशाना, बोले-हिमाचल में कांग्रेस ने बढ़ाई बेतहाशा महंगाई

# कांग्रेस ने सत्ता में आते ही बढ़ाया पेट्रोल और डीजल पर टैक्स

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने एकदिवसीय हमीरपुर के दौरे के दौरान भोटा के एक निजी होटल में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर अहम बैठक की। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, पूर्व विधायक बलदेव शर्मा, सहित काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर हमीरपुर जिले के बड़सर विधानसभा क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।



कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में ठाकुर ने हर 14 जनवरी को शुरू होने वाली राहुल गांधी की यात्रा पर तंज करते हुए कहा कि कांग्रेस जब सत्ता में रही तो कश्मीरी पंडितों को न्याय दिलाने में पूरी तरह से असफल रही है। कश्मीरी पंडितों को न्याय दिलाने के बजाय कश्मीर से खदेड़ने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया है। अनुराग ने कहा कि कांग्रेस चुनाव हारने के बाद अब समाज को जाति और संप्रदाय में बांटने का काम कर रही है। न्याय दिलाने का काम केंद्र की मोदी सरकार ने किया है, जो हर वर्ग और संप्रदाय को साथ लेकर चल रही है। विपक्ष के नेताओं को राम मंदिर के शुभारंभ का निमंत्रण न मिलने पर उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि निमंत्रण कमेटी द्वारा सभी लोगों को निमंत्रण भेजे गए हैं, लेकिन विपक्ष के लोग उन निमंत्रणों को और अस्वीकार कर रहे हैं। 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद करोड़ों लोग राम मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे। अब रामलल्ला टेंट में नहीं मंदिर में रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### आपदा में सुक्खू सरकार ने बंद कर दिए क्रशर

**सुखविंद्र** सिंह सूक्खु द्वारा लोकसभा चुनावों में महंगाई और बेरोजगारी को मुद्दा बनाने के सवाल पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने आते ही प्रदेश में डीजल और पेट्रोल पर दो बार टैक्स बढ़ा दिए, जिसके चलते हिमाचल प्रदेश की जनता को महंगाई के तले दबाने का काम कांग्रेस सरकार ने किया है। आपदा के समय में भी सुक्खू सरकार ने क्रशर बंद कर दिए, जिसके चलते लोगों को महंगे दामों पर गृह निर्माण की सामग्री खरीदनी पड़ी। हिमाचल में महंगाई बढ़ने का काम केवल कांग्रेस सरकार ने किया है।

### देहरावासियों ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को बताया दर्द

**देहरा।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर वीरवार को अपने हिमाचल प्रवास के दौरान निर्धारित कार्यक्रम के लिए बड़सर जा रहे थे। जाते समय वह अपने संसदीय क्षेत्र की देहरा विधानसभा क्षेत्र में थोड़ी देर के लिए रुके और अपने कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों के साथ चर्चा की। इस दौरान बीजेपी मंडल देहरा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र भूरिया हैप्पी ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने पाइसा के लोगों की समस्याओं को अनुराग ठाकुर के समक्ष उठाया। वीरेंद्र भूरिया हैप्पी ने बताया कि फोरलेन निर्माण से प्रभावित होने वाली प्रमुख समस्याएं सड़क पर उड़ रही धूल व पेयजल है। फोरलेन निर्माण के दौरान कई पेयजल स्रोत प्रभावित हुए हैं। साथ ही सड़क पर उड़ रही धूल से ग्रामीण परेशान हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने लोगों की समस्याओं को सुना और कहा कि जल्द ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फोरलेन निर्माण के कारण ईको सेंसेटिव जोन प्रभावित हो रहा है। इससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। इस पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि वह अपने ऑफिस से एक जानकारी साझा करने वाले हैं, जिससे लोगों के मन में जो असमंजस है उसे दूर करेंगे।

### केंद्रीय जलशक्ति मंत्री को कहा थैंक्स

**ऊना।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मिले। अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश की सिंचाई संबंधी 14 लघु सिंचाई परियोजनाओं और राष्ट्रीय हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट के लिए क्रमशः 141.76 करोड़ रुपए और 221.78 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गजेंद्र शेखावत का आभार व्यक्त किया। अनुराग सिंह ठाकुर ने इसे हिमाचल प्रदेश के कृषक वर्ग के लिए वरदान बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदा ही हिमाचल को अपना दूसरा घर माना है। यही कारण है कि देवभूमि के जन-जन के मन में मोदी विराजमान हैं।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



मनाली के ध्रुव अवस्थी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



कुल्लू के काइस पद्धर निवासी रत्न चंद ढालपुर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



बलदेव निवासी कुल्लू अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



सुधीर कुमार निवासी कुल्लू अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



आशीष ठाकुर निवासी अपर सुल्तानपुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



सुंदरा देवी निवासी सुल्तानपुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुई।



अजय कौंडल निवासी सरवरी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



हरीश शर्मा निवासी सुल्तानपुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


नगर परिषद मनाली के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता नवीन तनवर मनाली स्थित होटल कुंजुम परिसर में बैठकर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए। उन्होंने अनंत ज्ञान की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।


रविंद्र पान शॉप सरवरी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



मोहित कुमार निवासी सरवरी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

# न्यू ईयर पर धमाल मचाने को पर्यटन नगरी मनाली तैयार

## क्लब हाउस में डीजे व कुल्लवी नाटी रहेगी आकर्षण का केंद्र, न्यू ईयर क्वीन का भी होगा चयन

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

पर्यटन नगरी मनाली न्यू ईयर पर धमाल मचाने को तैयार है। मनाली में इस साल नव वर्ष का जश्न धूमधाम से मनाया जाएगा। कहीं डीजे की धुन पर तो कहीं कुल्लवी वाद्य यंत्रों पर पर्यटकों के कदम थिरकेंगे। मनाली के सभी होटलों में डीजे की व्यवस्था की गई है, जबकि कुछ एक स्तरीय होटलों में कुल्लवी नाटी की विशेष व्यवस्था की गई है।

नववर्ष को लेकर सभी होटल संचालकों ने तैयारियां कर ली हैं, वहीं नए साल को खास बनाने के लिए पर्यटन विकास निगम तैयार है। निगम ने मनाली के क्लब हाउस में खास तैयारी कर रखी है। लाइव म्यूजिक के साथ डीजे की व्यवस्था की गई है। कप्पल डांस, लैमन डांस समेत बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताएं होंगी। कपल्स के बीच ही न्यू ईयर क्वीन का भी चयन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में न्यू इयर क्वीन केक काटेगी ओर सभी एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई देंगे। सैलानियों का कुल्लवी परंपरा और वेलकम ड्रिंक्स से स्वागत होगा। निगम की मानें तो 31 दिसंबर की रात को मनाली के क्लब हाउस में न्यू ईयर क्वीन को चुना जाएगा। मनाली के निजी होटल भी पैक होने से सैलानियों के मनोरंजन के लिए डीजे पार्टी का प्रबंध किया गया है। वहीं जिले के मणिकर्ण और बंजार घाटी में भी बड़े स्तर पर सैलानी पहुंच रहे हैं। नए साल के दिन पूरी घाटी में सैलानियों की भारी भीड़ रहने की उम्मीद है।

हिमाचल पर्यटन निगम मनाली के एजीएम बीएस ओक्टा ने बताया कि पर्यटकों की न्यू ईयर संध्या को यादगार बनाया जाएगा। क्लब हाउस मनाली में पर्यटकों के मनोरंजन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। देर रात न्यू ईयर क्वीन 2024 चुनी जाएगी। सैलानियों के लिए कई तरह प्रतियोगिता होंगी। कुल्लवी नाटी पर्यटकों का मनोरंजन करेगी। लाइव म्यूजिक व्यवस्था के साथ डीजे का भी प्रावधान किया गया है। जिसमें सैलानियों के मनोरंजन के लिए कुल्लवी और पहाड़ी गीत सुनाए जाएंगे।


पर्यटक नगरी में न्यू ईयर मनाने को लेकर जुटने लगी भीड़।

### पर्यटकों का लगा तांता

**पर्यटन** नगरी नगरी मनाली में पर्यटकों का खूब तांता लगा हुआ है। देशभर के पर्यटक रोजाना यहां पहुंच रहे हैं और सिस्सू, कोकसर, अटल रोहतांग टनल सहित अन्य विभिन्न स्थलों का दीदार कर रहे हैं। शाम व रात के समय मालरोड पर पर्यटकों का जमावड़ा लग रहा है। लिहाजा, पर्यटन नगरी मनाली में क्रिसमस के बाद अब न्यू ईयर को लेकर खूब धूम मची हुई है।

## विंटर क्वीन और वॉयस ऑफ कार्निवाल के लिए पांच जगह हुए ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, मनाली**

विंटर क्वीन व वायस ऑफ कार्निवाल का पहला आडिशन संपन्न हो गया है। पांच जगह चंडीगढ़, शिमला, मंडी, कुल्लू व मनाली में हुए आडिशन में प्रदेश भर से लगभग 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया। शेष रहे प्रतिभागी दो जनवरी को मनाली में आडिशन देंगे। देशभर से मनाली आ रहे प्रतिभागी भी दो जनवरी को आडिशन देंगे। पर्यटन नगरी मनाली में दो से छह जनवरी तक राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है।

इस विंटर कार्निवाल में जहां देश के अलग अलग राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश और कुल्लू जिला की संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। वहीं विंटर कार्निवाल में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहने वाली विंटर क्वीन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर आज मनाली में ऑडिशन लिए गए। इस दौरान विंटर क्वीन प्रतियोगिता में भाग लेने आई युवतियों ने ऑडिशन में बेहतरीन प्रतिभा दिखाई। इस विंटर क्वीन की खास बात यह है कि यह प्रतियोगिता मनाली में माइनस तापमान में आयोजित की जाती है। विंटर क्वीन की ग्रूमर दिव्यांगना, वायस ऑफ कार्निवाल कमेटी के प्रभारी तारु नेगी व रमेश ठाकुर ने कहा कि विंटर क्वीन प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश सहित चंडीगढ़ में ऑडिशन लिए गए हैं और आज मनाली में विंटर क्वीन के अंतिम ऑडिशन लिए गए। उन्होंने कहा कि युवतियों में इस प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

एसडीएम मनाली रमण शर्मा ने कहा कि मनाली में दो से छह जनवरी तक आयोजित होने जा रहे राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का शुभारंभ मुख्यमंत्री करेंगे । उन्होंने कहा कि विंटर कार्निवाल में भाग लेने के लिए अब तक 22 के करीब टीमों ने आवेदन किया है।


विंटर कार्निवाल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी व अन्य।

## लॉ स्तरीय समन्वयक समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

**केलांग।** जिला स्तरीय समन्वयक समिति की समीक्षा बैठक उपायुक्त कार्यालय के सभागार केलांग में आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य योजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य किशोर और किशोरियों को उनके पालन पोषण के बारे में जागरूक करना और व यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार करना मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताना और मादक द्रव्यों के दुरुपयोग को रोकना है। उपायुक्त ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों तथा स्कूलों में जाकर बच्चों को इन के प्रति जागरूक करें। उपायुक्त ने बताया कि समिति को निर्देश दिए कि इस तरह का आयोजन वर्ष में दो बार करवाना सुनिश्चित करें तथा सभी किशोर किशोरियों को सम्मिलित किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### विंटर कार्निवाल में होंगी खेल प्रतियोगिताएं

**मनाली।** राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल में इस साल भी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्निवाल कमेटी ने इस साल खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मिलने वाले ईनाम की राशि में भी बढ़ोतरी की है। विंटर कार्निवाल के दौरान इस साल भी बास्केटबॉल, वालीबाल, टेबल टेनिस आदि प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहेंगी। महिला मंडलों की रस्सा-कशी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। खेल प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियों को लेकर विंटर कार्निवाल की खेल उप समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कई अहम निर्णय लिए गए। एसडीएम रमण कुमार शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता की। इस साल होने वाली खेल प्रतियोगिता की इनामी राशि भी बढ़ाई गई है। वॉलीबाल में इस साल विजेता को 21 हजार रुपए, जबकि उपविजेता को 15 हजार का इनाम दिया जाएगा। पूर्व में यह राशि 15 हजार और 12 हजार थी। बास्केटबॉल की विजेता को 15 और उपविजेता को 12 हजार का नकद इनाम दिया जाएगा। उधर, एसडीएम मनाली एवं विंटर कार्निवाल कमेटी के उपाध्यक्ष रमण कुमार शर्मा ने बताया कि खेल प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है। इच्छुक टीमें एक जनवरी सुबह 11 बजे तक निर्धारित शुल्क के साथ एसडीएम कार्यालय में अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

### तीजेंद्र बेस्ट ब्वॉय व रीमा, निशा बेस्ट गर्ल्स

**आनी।** शिक्षा खंड आनी के अंतर्गत सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिनवी में वीरवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कुंगश शाखा के शाखा प्रबंधक सचेत शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम के शुरू में स्कूल के प्रिंसीपल राजेश ठाकुर ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर सालभर की गतिविधियों से उपस्थित लोगों को अवगत करवाया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं मुख्यातिथि सचेत शर्मा ने शैक्षणिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे स्कूल के होनहारों को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पोखरी के प्रधान भीम सेन ठाकुर, आईजीएमसी शिमला से अधीक्षक सेवानिवृत्त हुए फगनू राम, पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी रोशन ठाकुर, शिल्ली जांजा स्कूल के प्रिंसीपल तारा चन्द ठाकुर, स्कूल प्रबंधन समिति सिनवी के अध्यक्ष उत्तम चन्द ठाकुर, स्कूल के प्रवक्ता गोविंद शर्मा, गुप्त राम, अध्यापक पदम सिंह, गरबु राम, महेंद्र शाह, पूर्ण शर्मा, देवी दत्त भूप सिंह सहित अविभावक मौजूद रहे। शैक्षणिक गतिविधि में ऋतुराज प्रथम और प्रीति द्वितीय रही, जबकि समय ठाकुर प्रथम और मनीष कुमार द्वितीय को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा स्कूल के बेस्ट बॉय तीजेंद्र शर्मा, बेस्ट गर्ल रीमा आजाद और निशा, बेस्ट वालंटियर ऑफ द ईयर भाग चंद और ज्योतिका, बेस्ट डीसिप्लिंड स्टूडेंट्स कविता और हरीश आदि को पुरस्कृत किया गया।

### फंदा लगाकर बंजार के व्यापारी ने दी जान

**बंजार।** उपमंडल की नगर पंचायत बंजार के अंतर्गत पड़ने वाले शेगलू बाजार में एक फर्नीचर बनाने व बेचने वाले व्यापारी द्वारा बीती देर रात फांसी के फंदे पर लटक कर जान देने का मामला सामने आया है। जिस पर पुलिस द्वारा मृतक व्यक्ति का शव कब्जे में ले कर मामले की जांच में जुट गई है। बताते चले की दूनी चंद 40 वर्ष पुत्र जीतराम निवासी शेगलू बाजार तहसील बंजार अपनी दुकान में फर्नीचर बनाने के साथ बेचने का कार्य करता था और वहीं दुकान के ऊपर बनी अपनी रिहायश के परिवार सहित रहता था। बीती देर रात जब वह अपने घर पर अकेला था व पत्नी बच्चे कही स्कूलों की छुट्टी के चलते गए हुए थे तो दुनी चंद ने अपनी बहन को वीडियो कॉल पर बताया कि व आत्महत्या करने वाला है वहीं देखते ही देखते पंखे से लटक गया।

### अंकुश की कला प्रदर्शनी से मोहित हो रहे पर्यटक



चित्रकार अंकुश अठी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल सुचित्रा कुमारी व अन्य।

**पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रोरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर जिला कुल्लू में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित पंजाब के मशहूर चित्रकार अंकुश अठी की कला प्रदर्शनी का उद्घाटन भारतीय सेना से सेवानिवृत लेफ्टिनेंट कर्नल सुचित्रा कुमारी और रशियन क्यूरेटर सहायक वैलेनटीना विनोग्राडोवा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर रिटायर्ड मुख्य अभियन्ता गजेंद्र प्रसाद शर्मा और भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा मुख्य रूप से मौजूद थे। चित्रकार ने हिमाचल प्रदेश के कुल्लू मनाली के प्राकृतिक सौंदर्य को चित्रों में दिखाया है ओर चित्र बनाने के लिए जलरंगों का प्रयोग किया गया है। कलाकार द्वारा बनाए गए चित्रों को देखने के लिए देश-विदेश के पर्यटकों की भीड़ लग रही है। चित्रकार का कहना है कि वे पेशे से अध्यापक हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए अपनी चित्रकला के माध्यम से यह संदेश देना चाहते हैं कि किस तरह सामाजिक कुरीतियों एवं पर्यावरण के प्रति सजग रहा जा सकता है। इस प्रदर्शनी को लगाने के लिए समय देने के लिए चित्रकार अंकुश अठी ने जिलाधीश कुल्लू आशुतोष गर्ग एवं निदेशक, अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट एवं ट्रस्ट प्रबंधन का धन्यवाद किया है। इस प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा, झाबे राम, खेम करण, पिंगला देवी, राम लाल, नीरत राम, संजय दत इत्यादि मौजूद थे।

### भारतीय सांस्कृति को बढ़ावा देने का लिया संकल्प

**सैंज।** राजकीय महाविद्यालय सैंज में कुल्लू की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने पांचवें दिन आयोजित विशेष शिविर के मुख्य वक्ता पंचायत सचिव भूप सिंह ने गूगल मीट के माध्यम से अपना वक्तव्य रखा। पंचायत सचिव ने महाविद्यालय के स्वयंसेवियों को सशक्त करने के उद्देश्य से पंचायत की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही दिशा में काम करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। इसके पश्चात ब्लॉक इलेक्शन ऑफिस बंजार की तरफ से मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के स्वयंसेवियों और स्टूडेंट्स को मतदान प्रक्रिया और वोटिंग मशीन की कार्यविधि से अवगत कराया गया। यह कार्यक्रम मतदान के महत्व को समझाने और स्टूडेंट्स को राजनीतिक प्रक्रिया में शामिल करने का एक प्रयास था। स्टूडेंट्स ने प्रोजेक्ट कार्य के तहत महाविद्यालय के परिसर में रंग-रोगन का कार्य किया, जिससे महाविद्यालय को नया और स्वच्छ रूप मिला। इसके साथ ही अंत में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें स्टूडेंट्स ने भारतीय सांस्कृतिक धारा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## स्नो फेस्टिवल के जरिए लाहुल में ग्रामीण पर्यटन को पंख देने की तैयारी

**केलांग।** लाहुल में ग्रामीण विकास पर्यटन को बढ़ाबा देने के लिए लाहौल-स्पीति प्रशासन स्नो फेस्टिवल का आयोजन करने जा रहा है। उपायुक्त लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने बताया कि लाहुली नववर्ष उतना पर्व यानी 13 जनवरी से स्नो फेस्टिवल का विधिवत आगाज होगा। स्नो फेस्टिवल को लेकर जिला प्रशासन ने कसरत शुरू कर दी है। 13 जनवरी को उतना पर्व के मौके पर उदयपुर से सटे मड़ग्रां से फेस्टिवल का आगाज होगा। स्नो फेस्टिवल में पट्टन वेली का हलड़ा और यौर उत्सव, तोड़ वेली का दछांग, गाहर का गोची समेत चंद्र वेली के पारंपरिक त्योहारों और उत्सवों को जोड़ा गया है। फेस्टिवल के दौरान लाहौल के पारंपरिक व्यंजनों के साथ आधुनिक शैली के पकवानों का मिश्रण पर्यटकों को परोसा जाएगा। इस दौरान कई ग्रामीण खेलों के साथ पारंपरिक लोक गीतों और लोक नृत्यों का भी आयोजन होगा। बर्फबारी होने की सूरत में यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए बीआरओ और लोक निर्माण विभाग की मदद ली जाएगी। राहुल कुमार ने कहा कि स्नो फेस्टिवल के जरिए पूरे लाहौल घाटी को पर्यटन डेस्टिनेशन के तौर पर विकसित करना प्रशासन का लक्ष्य है। कहा कि फेस्टीवल में लाहौल के पुरातन चीजों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। राहुल कुमार ने कहा कि स्थानीय जनता के सहयोग के बगैर स्नो फेस्टिवल का मकसद पूरा नही हो सकता है।


राहुल कुमार, उपायुक्त

## नगर पंचायत भुंतर के सचिव के बयान पर भड़की जनता, मुर्दाबाद के लगे नारे

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

नगर पंचायत भुंतर के सचिव द्वारा दिए गए बयान पर भुंतर के वार्ड नंबर सात की जनता भड़क गई है और मुर्दाबाद के नारे लगाए। ब्यान में कहा गया कि शौचालय के निर्माण के लिए पैसा आ चुका है परंतु वहां की स्थानीय पार्षद रविंद्र डोगरा शौचालय बनाने नहीं दे रही है। जैसे ही पार्षद रविंद्र डोगरा को पता चला कि मेरे बारे में ऐसा बयान लिखा गया है तो उन्होंने कहा कि मैं इस बात का खंडन करती हूं कि मैंने कभी भी शौचालय बनाने को इंकार किया है। अगर सचिव प्रमाण पत्र नहीं दे पाए तो सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे।

पार्षद ने कहा कि जनवरी 2021 में नगर पंचायत भुंतर की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। नगर पंचायत की पहली बैठक में ही मैंने इस शौचालय के मुद्दे को लिखित रूप में आम सभा में रखा। जब चार-पांच महीने बीत गए तो फिर प्रधान नगर पंचायत भुंतर व कनिष्ठ अभियंता अरुण शर्मा से इस मुद्दे पर बात की तो अरुण शर्मा ने कहा कि यह सरकारी काम है पहले लिखित में मेरे ऑर्डर निकालो फिर मैंने मौका देखने जाऊंगा।

पार्षद ने कहा मौके पर मैंने जगह भी दिखा दी कि यहां शौचालय अब इस स्थान पर बनेगा। इस मुद्दे पर में हर बार नगर पंचायत की बैठक पर बोलती रही परंतु मेरी बात को हर बार नजर अंदाज किया गया। फिर मैंने सचिव नगर पंचायत भुंतर को इस मुद्दे पर लिखित में मांग पत्र भी दिया, जिस पर सचिव ने वार्ड स्वच्छता समिति का गठन करने के लिए कहा। हमने समिति का गठन भी कर लिया और समिति के सभी सदस्य ने शौचालय के निर्माण करने के लिए सचिव नगर पंचायत को हस्ताक्षर करके पत्र दिया। सुधार समिति के सदस्यों ने भी इस मांग पत्र पर अपने हस्ताक्षर किए थे। सीपीएस सुंदर ठाकुर को भी शौचालय बनाने के लिए मांग पत्र सौंपा। डीसी कुल्लू ने टेलीफोन के माध्यम से सचिव को आदेश दिया कि शीघ्र इस समस्या को हल किया जाए,परंतु नगर पंचायत प्रधान व सचिव इस समस्या को हल नहीं कर रहे हैं। वहीं पार्षद को दिए बयान पर सात नंबर वार्ड की जनता भड़क गई और सचिव नगर पंचायत भुंतर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और रैली निकालते हुए नगर पंचायत भुंतर के कार्यालय तक पहुंची। इस आक्रोश रैली में राम भोपाल, नवीन शर्मा, सरदार इंद्रजीत, वरुण, विनोद शर्मा आदि कई लोग मौजूद रहे।



रैली निकालते वार्ड नंबर सात के लोग।

## 12 साल बाद भी सड़क की हालत खस्ता

**मनाली।** मनाली के बाहणु-शमीनाला के ग्रामीणों ने जगतसुख को जोड़ने वाली बाहणु-शमीनाला सड़क को जल्द सुधारने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि 12 साल बाद भी सड़क की हालत नहीं सुधरी है। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी मंत्री को पत्र लिखकर सड़क की हालत जल्द सुधारने का आग्रह किया है। ग्रामीण घनश्याम शर्मा, वीर सिंह, चमन लाल, गौरव शर्मा, रामलाल, अशोक, लाल चंद, प्रेम चंद, शेर सिंह, प्रेम सिंह, चमन लाल और शेर सिंह ने कहा कि यह सड़क 12 साल बाद भी तैयार नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बरसात में जब नेशनल हाई-वे क्लाथ व रांगड़ी में टूट गया था तो सिमसा, कन्याल, छियाल, रांगड़ी, गधेरनी व पारसा में रह रहे सैकड़ों पर्यटक फंस गए थे तो यह बाहणु-शामीनाला सड़क ही काम आई थी और सभी पर्यटक यहां से निकाले थे। उन्होंने कहा कि सड़क की हालत दयनीय हो गई है। सड़क किनारे नालियां न बनने से बारिश का सारा पानी सड़क से ही बह रहा है। बरसात के चलते सड़क की हालत अधिक खराब हुई है। उन्होंने मंत्री विक्रमादित्य से आग्रह किया कि इस सड़क की हालत जल्द सुधारी जाए। नालियां बनाने के साथ साथ इसे पक्का भी किया जाए।

## फुटबॉल यूथ लीग में भाग लेने को रवाना हुई कुल्लू की टीम

**कुल्लू।** जिला स्तरीय फुटबॉल यूथ लीग प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर में आयोजित होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कुल्लू की टीम भी रवाना हो चुकी है। वीरवार को जिला कुल्लू फुटबॉल टीम की तरफ से 14 खिलाड़ियों का दल बिलासपुर में फुटबॉल की प्रतियोगिता के लिए रवाना हो गया।

ढालपुर के खेल मैदान में जिला कुल्लू फुटबॉल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष यशवीर राणा और महासचिव पवन ठाकुर ने प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे सभी खिलाड़ियों से मुलाकात कर सभी की होंसला अफजाई की। कुल्लू जिला फुटबॉल संघ के महासचिव पवन राणा ने इस संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा कि 29 से 31 दिसंबर तक बिलासपुर में हिमाचल यूथ लीग का आयोजन किया जा रहा है।

**आयोजन** कांग्रेस पार्टी ने आजादी के बाद देश को धर्म निरपेक्षता की दी विचारधारा

# कुल्लू में मनाया कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में कुल्लू विधानसभा कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के चित्रों पर भी पुष्पांजलि अर्पित की गई और कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की भी शपथ ली गई। इस दौरान कुल्लू कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हिम सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अध्यक्ष हिम सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी के बाद देश को धर्म निरपेक्षता की विचारधारा दी और यह सुनिश्चित किया कि कांग्रेस पार्टी धर्म निरपेक्ष पार्टी रहेगी। किसी भी जाति धर्म या समुदाय का व्यक्ति पार्टी से जुड़ सकता है और देश की एकजुटता व अखंडता बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिकतर कांग्रेस के नाम से प्रख्यात भारत के दो प्रमुख राजनीतिक दलों में से एक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थापना ब्रिटिश राज में 28 दिसंबर 1885 को हुई थी। इस दौरान कांग्रेसियों ने उन सभी नेताओं का याद किया जिन्होंने भारत के निर्माण के लिए जीवन समर्पित किया था। कांग्रेस के लोगों को पार्टी की मजबूती की शपथ भी दिलाई तथा महात्मा गांधी के बताए रास्तों पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान सभी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने स्थापना दिवस मनाया इसमें उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कृष्ण ठाकुर, महासचिव केयर सिंह ठाकुर, संजय गुप्ता,राजेश कुमार शानू, मुकेश आदि शामिल हुए।


कुल्लू में कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाते कांग्रेसी।

### बंजार कांग्रेस अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

**सैंज।** बंजार विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बजौरा में कांग्रेस पार्टी का 139वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर बंजार विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री खीमी राम शर्मा द्वारा नए कांग्रेस कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इसके तत्पश्चात कांग्रेस पार्टी का ध्वजारोहण कर स्थापना दिवस के आयोजन की प्रक्रिया शुरू की। इस मौके पर पूर्व मंत्री खीमी राम शर्मा, एपीएमसी के अध्यक्ष राम सिंह मियां, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सेस राम आजाद, प्रभारी मनु शर्मा, पूर्व अध्यक्ष दुष्यंत ठाकुर सहित लगभग 200 से ज्यादा कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे। इस मौके पर बंजार कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की भी शपथ ली गई। इस दौरान बंजार कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तेजा सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी के बाद देश को धर्म निरपेक्षता की विचारधारा दी और यह सुनिश्चित किया कि कांग्रेस पार्टी धर्म निरपेक्ष पार्टी रहेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश में एक बराबर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा जहां विपक्ष गारंटी को पूरी न करने का रोना रो रही है। विपक्ष प्रदेश की जनता को गुमराह कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस ने तीन गारंटियां शुरू कर दी है। जिसमें से महिलाओं को 1500 रुपए देना जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति से शुरू किया गया है। इस मौके पर पूर्व मंत्री खीमी राम शर्मा व एपीएमसी के अध्यक्ष राम सिंह मियां ने भी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस मौके पर बंजार कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोती राम पालसरा, गोविंद सिंह ठाकुर, डोला सिंह महंत, रोहिणी चौधरी आदि उपस्थित रहे

# मंडी डिपो के 135 रूट किए बंद

## एचआरटीसी चालकों-परिचालकों ने डीएम गेट के बाहर खड़ी की बसें, दुर्व्यवहार करने पर शुरू की हड़ताल


एचआरटीसी चालक व परिचालक डीएम दफ्तर के बाहर हड़ताल के दौरान नारेबाजी करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी में एचआरटीसी चालक और परिचालक प्रबंधन के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। इनका आरोप है कि डीएम मंडी ने लॉन्ग रूट पर चलने वाले चालकों और परिचालकों के रेस्ट डे को बंद कर दिया है।

जब यूनियन राज्य कार्यकारिणी ने डीएम के समक्ष इस बारे में अपनी बात करना चाही तो डीएम ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। जिसके बाद मंडी डिपो के सभी चालकों व परिचालकों ने 135 बसों के चक्के जाम कर डीएम गेट के बाहर ही धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। इनका कहना है कि चालक व परिचालक जब लॉन्ग रूट पर जाते थे तो उन्हें रेस्ट के लिए एक दिन का समय दिया जाता था। अब चालकों व परिचालकों को उसी दिन वापस ड्यूटी पर बुलाया जा रहा है जो सरासर अन्याय है। एचआरटीसी चालक यूनियन के राज्य प्रधान और जेसीसी के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने बताया कि डीएम मंडी विनोद कुमार से बात करना चाही तो उन्होंने बात करने से इंकार कर दिया। उनका रवैया चालकों-परिचालकों के प्रति ठीक नहीं था। इसके बाद अब यूनियन ने हड़ताल का फैसला लिया और मंडी डिवीजन की बसों को डीएम कार्यालय के बाहर खड़ा कर चक्का जाम कर दिया है।

उन्होंने बताया कि जब तक डीएम मौके पर आकर सभी से माफी नहीं मांगते हैं तब तक उनकी यह हड़ताल जारी रहेगी और पूरे प्रदेश में धरना-प्रदर्शन किए जाएंगे। वहीं उन्होंने बताया कि एचटीसी की वर्कशॉप में 10 मेकेनिकों की जगह दो मेकेनिक काम कर रहे हैं। सभी बसों की हालत खस्ता हो चुकी है और चालक परिचालक जान हथेली पर रखकर इन खटारा बसों को चला रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि एचआरटीसी की वर्कशॉपों में कबाड़ से उठाकर स्पेयर पार्ट्स बसों में डाले जा रहे हैं। जिससे प्रदेश के लोगों के साथ भी प्रबंधन खिलवाड़ करने में लगा हुआ है।

**बोले-माफी मांगें डीएम तभी खत्म होगी हड़ताल**

### हड़ताल की नहीं मिली सूचना

डीएम मंडी विनोद कुमार ने बताया कि चालकों व परिचालकों ने मांगें उनके समक्ष नहीं रखी हैं। न ही हड़ताल को लेकर कोई सूचना उन तक पहुंची है। डीएम ने बताया कि उन्होंने स्वयं पत्र लिखकर वार्ता के लिए चालकों व परिचालकों को बुलाया था परंतु इन्होंने पत्र स्वीकार नहीं किया है।

## लोकसभा चुनाव के लिए एकजुट हो कांग्रेस

**लडभड़ोल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव बिमला चौहान ने वीरवार को प्रेस बयान में बताया कि जोगिंद्रनगर में जिस प्रकार कांग्रेस के कार्यकर्ता एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा कर जो बयानबाजी कर रहे हैं वह दुर्भाग्यपूर्ण है। पार्टी का संगठन सर्वोपरि है। इसलिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षता में ही सारे कार्यक्रम सुचारु रूप से चलने चाहिए आरोप प्रत्यारोप लगाने से लोकसभा के चुनाव में इसका नुकसान होगा। इसलिए कांग्रेस को एकजुट होना होगा। उन्होंने बताया कि सभी कार्यकर्ताओं को चाहिए कि जनता के समक्ष पिछली भाजपा सरकार में जो झूठी घोषणाएं की गई थी उन झूठी घोषणाओं को लोगों को बताने की जरूरत है न कि आपस में लांछन लगाने की। जोगिंद्रनगर में भाजपाइयों ने वोट लेने के लिए लोगों को गुमराह किया था। लोगों को ठगा गया था।

## बधाइयां


समाचार पत्र के माध्यम से लोगों की समस्याएं सरकार व प्रशासन तक पहुंचेगी। मैं अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र की टीम को शुभकामनाएं देता हूं।

**-केके सकलानी, समाजसेवी।**


दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का प्रकाशन शुरू हो गया है, जिसके लिए मैं अनंत ज्ञान की पूरी टीम को बधाई देता हूं। यह समाचार पत्र उन्नति करे।

**-विजय कपूर कॉन्ट्रेक्टर मंडी।**


दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान सभी वर्गों की आवाज बन कर सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करेगा और जिला मंडी सहित पूरे प्रदेश में अपनी एक अलग छवि बनाएगा और जनता के मुद्दों को उठाएगा। मेरी ओर से टीम को बधाई।

**-विनोद बहल, मंडी।**


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मुझे पूरी उम्मीद है कि जल्दी ही समाचार पत्र अग्रणी समाचार पत्रों की श्रेणी में सम्मिलित होगा।

**-प्रवीण कुमार राणा, रिटायर्ड जिला संख्या अधिकारी, मंडी।**

## हर हाथ अनंत ज्ञान


उत्तम चंद सैनी, रिटायर्ड कोच, दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


मंडी में कृष्ण शर्मा अनंत ज्ञान न्यूज पेपर पढ़ने का आनंद लेते हुए।


सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के को-ऑडिनेटर मोनू कुमार अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


माउंट मौर्य इंटरनेशनल स्कूल जोगिंद्रनगर के निदेशक मनोज ठाकुर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


डॉक्टर कश्यप अपने मित्र राजकिशन शर्मा व जितेंद्र शर्मा के साथ अनंत ज्ञान न्यूज पेपर पढ़ने का आनंद लेते हुए।


देव आस्था शिक्षण संस्थान के प्रबंध निदेशक मोहन पालसरा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


सरस्वती विद्या मंदिर बालीचौकी के प्रबंध निदेशक महेंद्र सिंह ठाकुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करते हुए।


बालीचौकी के व्यवसायी कुंदन शर्मा अपनी दुकान में अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


लडभड़ोल तहसील कार्यालय में तहसीलदार उर्मिला सुमन अनंत ज्ञान अखबार पढ़ती हुई।


लडभड़ोल में सीए व युवा गायक सुखदेव जम्वाल अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


लडभड़ोल तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार अमरनाथ कौशल अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


लडभड़ोल बाजार में व्यापारी हरनाम ठाकुर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


लडभड़ोल में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते अध्यापक अशोक जम्वाल।


लडभड़ोल में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते स्टेशनरी विक्रेता आशीष उपाध्याय।


कांग्रेस सेवा दल मंडी सदर के प्रेजिडेंट रविंद्र पालसरा अनंत ज्ञान न्यूज पेपर पढ़ते हुए।


राहुल कपूर कांग्रेस जिला महासचिव अनंत ज्ञान न्यूज पेपर पढ़ने का आनंद लेते हुए।


मंडी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरेंद्र सेन अनंत ज्ञान न्यूज पेपर पढ़ने का आनंद लेते हुए।

## आईटीआई में काउंसलिंग की

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में वीरवार को हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम शिमला के सौजन्य से लघु अवधि के विभिन्न व्यवस्थाओं के कौशल के लिए काउंसलिंग करवाई गई। जिसके ऑफिसर के दो बैच, प्लंबर जनरल का एक बैच, एसएम ओ के दो बैच व फोर व्हीलर सर्विस टेक्नीशियन के एक बैच के लिए काउंसलिंग करवाई गई। कुल 232 में से 177 अभ्यर्थियों का इस लघु अवधि कोर्स के लिए चयन हुआ, जिसमें 97 लड़के व 80 लड़कियों का चयन हुआ। एचपीकेबीएन से आए डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर शिवानंद व जेओ आईटी राहुल ने सभी अभ्यर्थियों को एचपीकेबीएन के अल्प अवधि कोर्स के बारे में जानकारी दी। इस दौरान संस्थान से हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के नोडल ऑफिसर रमेश चंद नेगी व सभी अल्प अवधि के प्रशिक्षक बंदना चोपड़ा, लव कुमार, मूलराज, सुनीता देवी, महेश कुमार, शशिकांत शर्मा उपस्थित रहे।

# लोगों के मुद्दे उठाने की बजाय विस सत्र में भाजपा विधायकों ने बेचा दूध

## कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर चंपा ठाकुर ने साधा निशाना


कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर मौजूद कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

केंद्र की भाजपा सरकार अपने नौ वर्ष के कार्यकाल में 15-15 लाख रुपए लोगों के खाते में नहीं डाल पाई। विदेशों से काला धन नहीं ला पाई, हर साल दो करोड़ रोजगार युवाओं को नहीं दे पाई और हिमाचल विधानसभा में भाजपा विधायक विधानसभा में लोगों के मुद्दे उठाने की बजाय दूध बेचते रहे और वह भी लीटर में नहीं किलो में। यह बात कांग्रेस नेता चंपा ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी के 139वें स्थापना दिवस पर कही।

उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों में मोदी जी पढ़े हैं वह कांग्रेस ने ही खुलवाए थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल में अचानक आपदा आ गई और केंद्र सरकार ने तत्काल राहत पैकेज नहीं दिया, तो महिलाओं के लिए रखे 15-15 सौ रुपए के हिसाब से 4500 करोड़ आपदा को दे दिए। पूर्व की भाजपा सरकार ने मंडी जिला के लिए कौन सा बड़ा काम कर दिया, जो अब विधानसभा के बाहर नौटंकी कर रहे हैं। वहीं जिला कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हरेंद्र सेन ने कहा कि कार्यकर्ता चार भी काफी हैं, लेकिन जुझारू चाहिए।

इस अवसर पर अलका हांडा, प्रदीप शर्मा, देवेंद्र शर्मा, कर्म चंद भाटिया, जोगेंद्र, योगराज पार्षद, योगेश पटियाल, भगवान सिंह ठाकुर, रामलाल, प्रेम लाल गुड्डू, सीमा चंदेल, शकुंतला कश्यप, चंद्रमणि वर्मा, भुवनेश्वर, कुशल ठाकुर, चमन ठाकुर, विकास ठाकुर, राहुल कपूर, विनय शर्मा, लाभ सिंह, उपेंद्र शर्मा, मान सिंह ठाकुर, कर्म सिंह, टेक चंद, नीलमणि ठाकुर, सन्नी ईपन, डॉ. चंद्रशेखर, प्रवीण ठाकुर आदि उपस्थित रहे।


कोटली के रहने वाले हंस राज दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


प्रेम लाल गुड्डू सेवा दल के जिलाध्यक्ष अपने साथियों के साथ अनंत ज्ञान न्यूज पेपर पढ़ने का आनंद लेते हुए।


जोगिंद्रनगर टैक्सी यूनियन के चेयरमैन सुनील बरवाल अपने साथियों के साथ अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।

## नौबाही की रश्मि शर्मा बनी डीएसपी

**सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल में गांव नौबाही की बेटी रश्मि शर्मा ने पुलिस प्रशिक्षण केंद्र डरोह में डेढ़ साल का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण अपने अन्य दो डीएसपी साथियों मयंक शर्मा व उमेश्वर राणा के साथ पास आउट किया। डरोह में पासिंग आउट परेड के मौके पर रश्मि के पिता देव राज भारद्वाज जो भारतीय स्टेट बैंक से अधिकारी के तौर पर सेवानिवृत्त हुए हैं तथा माता मीनाक्षी शर्मा शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुई हैं ने स्वयं अपनी बेटी रश्मि शर्मा के कंधों पर स्टार लगाए। इस मौके पर उनके पति सूर्या शर्मा व अन्य परिजन भी मौजूद रहे। 13वें दीक्षांत समारोह में पासिंग आउट मौके पर डरोह पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के प्रधानाचार्य पुलिस उपमहानिरीक्षक विमल गुप्ता ने दीक्षांत समारोह में रश्मि शर्मा को इंडोर बेस्ट खिताब से सम्मानित भी किया। रश्मि शर्मा की शादी ऊना में सूर्या शर्मा अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता (विद्युत) के तौर पर कार्यरत हैं। इनका एक छह साल का बेटा भी है।

## सर्वश्रेष्ठ संस्थान की ट्रॉफी वल्लभ कॉलेज के नाम

**मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सर्वश्रेष्ठ संस्थान की ट्रॉफी अर्जित की है। शिविर महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय कुमारहट्टी में संपन्न हुआ। वापिस पहुंचने पर एनसीसी कैडेट्स के सम्मान में महाविद्यालय प्रशासन द्वारा टी पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर सुरीना शर्मा, मेजर चेतन सिंह राणा, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, सीटीओ डॉ. कविता ने कैडेट्स को संबोधित किया।

## एसपीएस स्कूल के होनहारों को बांटे इनाम

**सरकाघाट।** नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष चमन कपूर का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में जो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई है उससे देश की तरक्की को नई दिशा मिलेगी। यह बात चमन कपूर ने वीरवार को सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के तताहर गांव में स्थित एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने स्कूल के होनहारों को पुरस्कार बांटे।

## 227 मामलों में 75 किलो चरस पकड़ी

**मंडी।** वर्ष 2023 में मंडी पुलिस द्वारा ट्रैफिक को लेकर काफी सावधानी बरती गई और ट्रैफिक व्यवस्था को सही बनाने के लिए काफी कड़े फैसले भी लिए गए। जिसमें मंडी पुलिस काफी हद तक सफल भी रही। एसपी सागर चंद्र ने वीरवार को प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पिछले वर्ष रोड एक्सीडेंट में 325 केस दर्ज हुए थे जो 2023 में घटकर 250 के करीब रहे जिसमें पिछेल वर्ष 110 लोगों की जान गई थी जो अभी घटकर 90 लोगों ने अपनी जान गवाई। उन्होंने बताया कि 2023 में कत्ल के कुल नौ केस दर्ज हुए है जिसमें छह मुकदमों को सुलझा लिया गया है और तीन केस संदिग्ध परिस्थितियों में हुए है जिस पर जांच जारी है। उन्होंने बताया कि यह एक चिंता का विषय है कि मंडी जिला में आत्महत्या के केश पिछले वर्ष 12 केस थे लेकिन इस वर्ष 13 है। एसपी सागर चंद्र ने बताया कि नशीले पदार्थों के खिलाफ मंडी पुलिस का अभियान वैसे ही जारी है जिस्म की 227 केश नशा तस्करों के खिलाफ दर्ज किए गए हैं। 309 लोग इसमें गिरफ्तार किए गए। जिसमें चरस 75 किलो पकड़ी गई और इसमें सबसे बड़ी खेप 11 किलो 500 ग्राम जोकि बालीचौकी क्षेत्र में पकड़ी गई थी।

## रामदास मलिक ने उठाया भोजन व्यवस्था का बीड़ा

**करसोग।** सेवा ही धर्म है, इस पंक्ति को सार्थक करने वाले विधायक दीपराज कपूर के समर्पणभाव की सराहना दिल्ली में भी हो रही है। विधायक दीपराज करसोग विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों से जुड़े विषयों को लेकर दिल्ली दौरे पर हैं। ऐसे में विधायक की भेंट दिल्ली भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक रामदास मलिक से हुई। इस दौरान रामदास ने विधायक दीपराज से करसोग क्षेत्र के विकास कार्यों पर भी चर्चा की। रामदास को जब कामक्षा भवन, करसोग के बारे में ज्ञात हुआ तो वे विधायक के प्रयासों से प्रभावित हुए। भाजपा नेता रामदास ने दरियादिली दिखाते हुए विधायक को विश्वास दिलाया कि वे कामाक्षा भवन में आने वाले मरीजों व तीमारदारों के लिए भोजन की व्यवस्था करने में आर्थिक तौर पर सहयोग करेंगे। बता दें कि विधायक दीपराज कपूर ने शिमला में कामाक्षा भवन स्थापित किया है।

## समस्या सेरली बताही में गहराई पेयजल किल्लत, ग्रामीण परेशान

# पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं लोग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के सबसे दुर्गम गांव सेरली बताही में एक सप्ताह से लोग पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं। लोगों की यह समस्या नई नहीं है बल्कि पिछले एक दशक से हर मौसम में उन्हें पानी की किल्लत रहती है।

हालांकि स्थानीय लोगों द्वारा कई बार जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों से लेकर आला अधिकारियों तक को शिकायतें भेजी, परंतु आज तक सेरली बताही गांव में कोई भी कर्मचारी व अधिकारी पर्याप्त पानी नहीं पहुंचा पाया है।

स्थानीय लोगों में वार्ड पंच कांता देवी, हुकमी देवी, चुनी लाल, हरि चंद, मित्र देव, चमन लाल, डूम राम, राज, राकेश चंद, रमेश कुमार, बद्री राम, छवि राम, गगन कुमार, ईश्वर दास, खीमा राम, रवि चंद आदि का कहना है कि आज दिन तक हम कई बार कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता, अधिशाषी अभियंता के दफ्तर में चक्कर काट कर थक चुके हैं, परंतु आज दिन तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।


खाली बर्तनों के साथ रोष जताते सेरली बताही के ग्रामीण।

### जल्द किया जाएगा समस्या का समाधान

जल शक्ति विभाग सरकाघाट के अधिशाषी अभियंता विवेक हाजिरी ने बताया कि सेरली बताही और दूसरे गांव की जनता के बीच पानी को लेकर विवाद होने के कारण पेयजल टैंक का उपयोग नहीं किया जा सका है। अब ग्रामीणों की पेयजल समस्या दूर करने के लिए दो लाख लीटर क्षमता के पेयजल भंडारण टैंक का निर्माण करने को लेकर ठेकेदार को टेंडर जारी कर दिया है जल्द ही ग्रामीणों की समस्या का नियमित समाधान हो जाएगा।

### टैंक बना शोपीस

जल शक्ति विभाग द्वारा सेरली बताही गांव में लगभग डेढ़ वर्ष पहले लाखों रुपए से पचास हजार लीटर क्षमता के पेयजल टैंक का निर्माण किया था, परंतु उसमें भी आज दिन तक पानी की एक भी बूंद नहीं डाली गई है। यह टैंक महज शोपीस बनकर रह गया है।

### डिप्टी सीएम से शिकायत

लोगों ने इस बारे में उपमुख्यमंत्री और जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री को लिखित शिकायत भेजी है कि सेरली बताही गांव में जो एक दशक से पानी की समस्या आ रही है उससे निजात दिलाई जाए। पंचायत पटड़ीघाट के प्रधान विधि चंद ने कहा कि सेरली बताही गांव में पानी की समस्या एक दशक से अधिक समय से है, जिसके लिए स्थानीय लोगों के साथ कई बार अधिशाषी अभियंता सरकाघाट, सहायक अभियंता बलद्वाड़ा से कई बार मिल चुके हैं, परंतु पानी नहीं मिल पाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सिमस में लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**लडभड़ोल।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य एंबुलेंस टीम ने वीरवार को लडभड़ोल क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिमस में एकदिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। इस शिविर के दौरान स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान निशुल्क उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर के दौरान लगभग 87 ओपीडी 34 टेस्ट सहित मरीजों के स्वास्थ्य की जांच डॉक्टरों द्वारा की गई। वहीं लोगों के टेस्ट भी किए गए। ग्राम पंचायत सिमस के प्रधान विवेक जसवाल ने बताया कि पंचायत परिसर में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य एंबुलेंस टीम ने जांच शिविर लगाया। उन्होंने बताया कि इस दौरान लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

### धर्मपुर कॉलेज में छात्रों को करियर के टिप्स

**सरकाघाट।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर मंडी में करियर काउंसलिंग सेल की ओर से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य वक्ता एसडीएम धर्मपुर राजेंद्र गौतम थे। एसडीएम राजेंद्र गौतम ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग के टिप्स दिए।

### गिरिराज और छवि सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी चुने

**मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धंग्यारा में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि जिला परिषद सदस्य नौण-11 हुकम सिंह ठाकुर ने शिरकत की। उनके साथ पाठशाला प्रबंधन समिति के प्रधान संतोष कुमार और देवेंद्र सिंह भी विशेष तौर से विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी द्वारा छात्रा वर्ग से उत्कृष्ट स्वयंसेवी के रूप में छवि शर्मा कक्षा 12वीं और उत्कृष्ट समाजसेवी के रूप में गायत्री देवी कक्षा 12वीं को घोषित किया। इसी कड़ी में छात्र वर्ग से उत्कृष्ट स्वयंसेवी के गिरिराज कक्षा 12वीं और उत्कृष्ट समाजसेवी घनश्याम कक्षा 12वीं को घोषित किया।

### भाजपा देशहित में काम करने वाली पार्टी

**मंडी।** बल्ह विधानसभा के भाजपा पदाधिकारियों ने मंडल अध्यक्ष राजेंद्र राणा की अध्यक्षता में बैठक की। इस मौके पर मंडी लोकसभा के पूर्णकालिक विस्तारक सुरेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सुरेश शर्मा ने कहा कि भाजपा देश व समाज हित में काम करने वाली पार्टी है। आने वाले समय में किस तरह पार्टी की गतिविधियां व कार्यक्रम रहेंगे इसके लिए बल्ह मंडल के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया। बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि आने वाले समय में लोकसभा चुनाव में भाजपा चारों सीटे जीतेंगी।

### नाटक के माध्यम से किया जागरूक

**पधर।** उपमंडल पधर में बाल विकास परियोजना द्रंग के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना देई अभियान अभियान के तहत पूर्व-गर्भाधान और पूर्व-प्रसव निदान तकनीक अधिनियम, 1994 संवाद युवा मंडल मंडी के द्वारा नुक्कड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाल विकास अधिकारी जितेंद्र सैनी ने कहा कि संवाद युवा मंडल मंडी के द्वारा नुक्कड़ कार्यक्रम के द्वारा कन्या भ्रूण हत्या रोकने व बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का संदेश दिया गया।

### डीएवी में ग्रैंड पेरेंट्स डे की धूम

**मंडी।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी ने ग्रैंड पेरेंट्स डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष यह दिन विशेष रूप से कांगणीधार स्थित संस्कृति सदन के अंतरंग सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र भट्ट शर्मा मेयर नगर निगम मंडी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और विशिष्ट अतिथि के रूप में जीके भटनागर प्रबंधक डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी और मैडम कल्पना वैद्य पूर्व शिक्षक डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के सम्मान स्वागत के उपरांत, दीप प्रज्वलन की पारंपरिक विधि व डीएवी गान से हुआ। प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों का स्वागत किया और उनका आभार जताया।

### धर्मपुर कांग्रेस ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

**सरकाघाट।** कांग्रेस पार्टी की धर्मपुर इकाई ने वीरवार को पार्टी का 138वां स्थापना दिवस मंडलाध्यक्ष प्रकाश चंद की अध्यक्षता में सिद्धपुर में मनाया। विधायक चंद्रशेखर ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। विधायक चंद्रशेखर में सर्वप्रथम पार्टी का झंडा फहराया। विधायक ने कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को स्थापना आज से 138 वर्ष पूर्व हुई थी और कांग्रेस पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं ने आजादी के आंदोलन में बलिदान दिया है।

### स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी का निधन

**सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट के वार्ड एक लाका से संबंध रखने वाले स्वतंत्रता सेनानी स्व. शेर सिंह की प ी 98 वर्षीय जानकी देवी का लंबी बीमारी के चलते उनके निवास स्थान पर निधन हो गया। वीरवार देर शाम उनका दाह संस्कार हिंदू रीति रिवाज के अनुसार कर दिया गया। उनके पोते ने उन्हें मुख अग्नि दी। सैकड़ों लोगों ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

तीन चीजें ज्यादा देर तक नहीं छुपी रह सकती सूरज, चंद्रमा और सत्य।
–भगवान गौतम बुद्ध

# भारत की डिमांड से बुरी तरह फंसी पाक सरकार

**भारत** ने पाकिस्तान से लश्कर–ए–तैयबा के संस्थापक और 26/11 के मुंबई तथा पुलवामा हमले समेत कई आतंकी हमले कराने वाले आतंकी हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग कर बड़ा कदम उठाया है। मोदी सरकार ने पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय को औपचारिक आवेदन कर निश्चित रूप से काबिल–ए–तारीफ का काम किया है। इस डिमांड से पाकिस्तान सरकार बुरी तरह फंस गई है और बौखला उठी है। पाकिस्तान को अब कोई जवाब नहीं सूझ रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच अभी कोई प्रत्यर्पण समझौता नहीं हुआ है। भारत ने बेशक पाक के समक्ष हाफिज के प्रत्यर्पण का आवेदन किया है, लेकिन क्या पाकिस्तान इस डिमांड को पूरा करेगा या नहीं यह सवाल उठना लाजिमी है। वैसे, इस बात की फिलहाल कोई संभावना नहीं है कि चुनाव के ठीक पहले पाकिस्तान हाफिज सईद को प्रत्यर्पित करने का कोई कदम उठाएगा। हाफिज सईद जहां वैश्विक आतंकी घोषित है, वहीं पाकिस्तान में उसकी पार्टी पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग को चुनाव लड़ने की अनुमति भी मिली हुई है। अगले साल आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव के लिए हाफिज की पार्टी ने प्रत्येक राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा सीट पर अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं। बड़ी बात यह है कि हाफिज का बेटा तल्हा सईद भी चुनाव लड़ने जा रहा है और उसके लाहौर की सीट से मैदान में उतरने की चर्चा है। अमेरिका ने हाफिज सईद पर एक करोड़ डॉलर का इनाम घोषित कर रखा है। हाफिज इस समय टेरर फंडिंग से जुड़े कई केसों के सिलसिले में जेल में बंद है। अगर हाफिज को पाकिस्तान भारत को सौंप देता है तो उसका असर चुनाव में पड़ सकता है। हाफिज की कैद केवल दिखावे की कैद है। अगर हाफिज जेल में रहते हुए भी इस कदर सक्रिय हो सकता है कि उसके इशारे पर उसके लोग पार्टी बनाकर चुनाव में उतर पड़ें तो वह क्या नहीं कर सकता। यह तो सभी जानते हैं कि पाकिस्तान में पर्दे के पीछे से राजनीति की मुख्य सूत्रधार सेना ही होती है। चाहे नवाज शरीफ हों इमरान खान या कोई और जो भी सेना की नजरों से उतरा, उसे सत्ता से भी हटना पड़ा। मौजूदा हालात में पाकिस्तान की राजनीति ऐसे मोड़ पर आ गई है, जिसमें चुनावी मुकाबले में शामिल दोनों प्रमुख दलों के सर्वोच्च नेता सेना से खार खाए बैठे हैं। हाफिज सईद और अन्य आतंकी पाकिस्तान में चुनाव के जरिए सत्ता तक पहुंचने की कोशिश पहले भी कर चुके हैं। 2018 के आम चुनावों में हाफिज सईद ने अल्ला–हू–अकबर तहरीक पार्टी के बैनर तले देश भर में उम्मीदवार खड़े किए थे, पर एक भी सीट नहीं मिली थी। एक अन्य आतंकी संगठन अहल–ए–सुन्नत बल जमात ने डेढ़ सौ सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे, लेकिन उसे भी करारी शिकस्त मिली थी। इसका मतलब यह हुआ कि वहां की अवाम वोट की वैल्यू समझती है। वह यह भी जानती है कि ये आतंकी अभी बाहर से ही आमजन का जीना हराम कर देते हैं और अगर इन्हें सत्ता सौंप दी जाती है तो ये सिस्टम में घुसकर न जाने क्या–क्या कर जाएंगे। खैर, उम्मीद की जानी चाहिए कि पाकिस्तान भारत की डिमांड पर गौर करेगा।

# प्रयोगधर्मी किसानों की मेहनत लिख सकती है कृषि में नई इबारत

**मेरा मानना है कि केंद्र व राज्य सरकार के कृषि मंत्रालयों को ऐसे नवाचारी, अपनी धुन में मस्त, मानव समाज और कृषि जगत के लिए किए जा रहे कार्यों को पहचान के साथ ही प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। बल्कि होना तो यह चाहिए कि मंत्रालयों में एक अनुभाग ऐसा होना चाहिए, जो केवल ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करने, उन्हें सहयोग करने, आवश्यकतानुसार संसाधन उपलब्ध कराने और परीक्षण के बाद खरी उतरने वाले प्रयोगों को सरकार की ओर से अपने हाथ में लेकर आगे बढ़ाने के प्रयास किए जाने चाहिए। आज किसानों को भ्रमण कराया जाता है। यदि ऐसे नवाचारी भूमिपुत्रों के खेत खलिहान का भ्रमण कराया जाता है, अनुभवों से रू-ब-रू कराया जाता है, तो यह अधिक लाभदायक होगा। इसमें कोई संदेह नहीं किया जाना चाहिए।**



लेखक
डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
(स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

**देखा जाए तो श्रीप्रकाश तो एक बहाना है। हां, यह अवश्य है कि उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के कृषि मंत्रालय को आगे आकर श्रीप्रकाश की ओर से 200 से अधिक किए गए 20 प्रजाति के बीज बैंक की स्थापना कर संरक्षित करने के लिए आगे आना चाहिए। श्रीप्रकाश के स्वास्थ्य की विपरीत परिस्थिति को देखते हुए संबल प्रदान करना चाहिए। यह केवल श्रीप्रकाश की ही बात नहीं हैं। देश के हर कोने में इस तरह के कर्मयोगी मिल जाएंगे। मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार के महेंद्र मधुप ने इस तरह के कर्मयोगियों व उनके प्रयोगों को अन्वेषक किसान सहित अपनी पुस्तकों व अनवरत लेखकीय प्रयासों से सामने लाने की पहल की है।**

**बदलते** सिनेरियो में सरकार को अब विश्वविद्यालयों की बड़ी–बड़ी और संसाधन युक्त प्रयोगशालाओं से अलग खेत को ही प्रयोगशाला बनाकर अपनी मेहनत, नवाचारी, परंपरागत और आधुनिकतम खेती के बीच सामंजस्य बनाते हुए नित नए प्रयोग करने वाले प्रयोगधर्मी किसानों की मेहनत को मान्यता, संरक्षण और पहचान देने की पहल भी करनी होगी। इसमें कोई दोराय नहीं की देश के कृषि विश्वविद्यालयों में शोध और अनुसंधान के क्षेत्र में विश्व स्तरीय कार्य हो रहा है और आज खेती किसानी के क्षेत्र में देश नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। कृषि के क्षेत्र में भारत आज अग्रणी देश बन गया है। हालात यह हो गए है कि आज गेहूं और धान के निर्यात पर रोक के बावजूद देश के किसानों की ही मेहनत का फल है कि बागवानी व अन्य कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाकर देश निर्यात के नए कीर्तिमान स्थापित करने की ओर अग्रसर है। पर यहां हमें यह नहीं भूलना होगा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग के कारण जहां गेहूं, धान आदि के उत्पादन के हालात सेचुरेशन वाले हो गए हैं, वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होने के साथ ही पानी का अत्यधिक दोहन, स्वास्थ्य और सेहत के लिए हानिकारक होता जा रहा है। आज देश जैविक व परंपरागत खेती की ओर बढ़ रहा है। हालांकि, यह भी उपलब्धि है कि हमारा सिक्किम दुनिया का पहले नंबर पर जैविक अनाज उत्पादक प्रदेश बन गया है। खैर, इस सबके बीच हमें उन प्रयोगधर्मी भूमिपुत्रों को प्रोत्साहित और उनकी मेहनत को संरक्षित और आगे बढ़ाने के लिए आगे आना होगा, जो अपनी सीमित साधन, संसाधन और विपरीत वित्तीय परिस्थितियों के बावजूद नई इबारत लिख रहे हैं। सही मायने में देखा जाए तो इन प्रयोगधर्मी अन्नदाताओं की मेहनत व लगन को किसी कृषि वैज्ञानिक से कम नहीं आका जा सकता।

देश के अनेक प्रयोगधर्मी भूमिपुत्रों में से अपनी खेती–अपना खाद, अपना बीज–अपना स्वाद को ध्येय बनाकर उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के टड़िया गांव के किसान वैज्ञानिक श्रीप्रकाश सिंह रघुवंशी ऐसे ही देश कुछ गिने–चुने खेत को ही प्रयोगशाला बनाकर जुटे हुए हैं। सच ही कहा गया है कि ईश्वर किसी न किसी तरह से न्याय अवश्य करता है। इसी का जीता जागता उदाहरण श्रीप्रकाश रघुवंशी हैं। 23 साल की आयु में बीमारी के दौरान पेनिसिलिन की इंजेक्शन के दुष्प्रभाव से आंखों पर अधिक असर पड़ने



के कारण आंखों की परेशानी के कारण खेत और खेती को ही प्रयोगशाला बनाकर श्रीप्रकाश ने जो नवाचार और प्रयोग किए आज उन्हें संरक्षित करने की अधिक आवश्यकता है। निकट भविष्य में श्रीप्रकाश को पूरी तरह से दिखाई देना बंद होने की संभावना के एहसास के डर से लग रहा है कि ऐसी विकट स्थिति आई, तो कृषि क्षेत्र में उनकी शोध यात्रा थम जाएगी। उन्हें चिंता है कि गेहूं, अरहर, सरसों आदि की उनके द्वारा विकसित 'कुदरत' और करिश्मा प्रजाति के बीज और 200 प्रकार के देसी बीजों के खजाने का क्या होगा।

श्रीप्रकाश ने नित नए प्रयोग करते हुए 200 प्रकार की देशी वैरायटी के बीज विकसित किए हैं। इनमें गेहूं की 80 प्रजाति, धान की 20 प्रजाति, अरहर की पांच प्रजाति, सरसों की तीन प्रजाति सहित हमारी जलवायु और वातावरण में अच्छी, जल्दी पकने वाली देशी प्रजातियों को विकसित करने का अहम काम किया गया है। 'गेहूं कुदरत–नौ और आठ विश्वनाथ लंबे बाली वाला होता है। एक बाली में 80–90 दाने होते हैं। तेज पानी, हवा से पौधा गिरता नहीं। उत्पादन क्षमता 25 से 30 क्विंटल प्रति एकड़ है। दाना मोटा, चमकदार और वजनदार होता होता है।

खास बात यह है कि देश के कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे दावों को जांचा परखा गया है और गुणवत्ता पर खरे उतरे हैं। देश के कई हिस्सों में खासतौर से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान, पंजाब हरियाणा आदि में 100, 50, 25 ग्राम के सैंपल्स उपलब्ध कराकर प्रयोग किया गया है और यह प्रयोग सफल रहा है। अब श्रीप्रकाश की चिंता यही है कि इन स्वदेशी बीजों का बैंक बन जाए तो इनका उपयोग, उत्पादन और संरक्षण का काम हो सकेगा। इसका लाभ अंततोगत्वा देश के कृषि क्षेत्र को ही मिलेगा।

श्रीप्रकाश के बहाने यहां चिंतनीय और विचारणीय हालात यह हो जाता है कि देश के ऐसे भूमिपुत्रों को राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जाना ही पर्याप्त नहीं है। सम्मान अपने आप में मायने रखता है, पर इनकी मेहनत और प्रयोग को जब उपादेय माना जाता है तो उसके संरक्षण और संवर्द्धन किया जाना चाहिए। मेरा मानना है कि केंद्र व राज्य सरकार के कृषि मंत्रालयों को ऐसे नवाचारी, अपनी धुन में मस्त, मानव समाज और कृषि जगत के लिए किए जा रहे कार्यों को पहचान के साथ ही प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। बल्कि होना तो यह चाहिए कि मंत्रालयों में एक अनुभाग ऐसा होना चाहिए, जो केवल ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करने, उन्हें सहयोग करने, आवश्यकतानुसार संसाधन उपलब्ध कराने और परीक्षण के बाद खरी उतरने वाले प्रयोगों को सरकार की ओर से अपने हाथ में लेकर आगे बढ़ाने के प्रयास किए जाने चाहिए। आज किसानों को भ्रमण कराया जाता है। यदि ऐसे नवाचारी भूमिपुत्रों के खेत खलिहान का भ्रमण कराया जाता है, अनुभवों से रू–ब–रू कराया जाता है, तो यह अधिक लाभदायक होगा। इसमें कोई संदेह नहीं किया जाना चाहिए। देखा जाए तो श्रीप्रकाश तो एक बहाना है। हां, यह अवश्य है कि उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के कृषि मंत्रालय को आगे आकर श्रीप्रकाश की ओर से 200 से अधिक किए गए 20 प्रजाति के बीज बैंक की स्थापना कर संरक्षित करने के लिए आगे आना चाहिए। श्रीप्रकाश के स्वास्थ्य की विपरीत परिस्थिति को देखते हुए संबल प्रदान करना चाहिए। यह केवल श्रीप्रकाश की ही बात नहीं हैं। देश के हर कोने में इस तरह के कर्मयोगी मिल जाएंगे। मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार के महेंद्र मधुप ने इस तरह के कर्मयोगियों व उनके प्रयोगों को अन्वेषक किसान सहित अपनी पुस्तकों व अनवरत लेखकीय प्रयासों से सामने लाने की पहल की है।

सरकार को इन्हें मान्यता देनी चाहिए। केवल पुरस्कारों से कुछ होने वाला नहीं हैं, अपितु इनकी मेहनत के नवाचारों को विस्तारित किया जाना चाहिए। इसमें कोई दोराय नहीं कि सरकार पहले जांचें परखें पर जांच परख के बाद जब उपयोगी सिद्ध होती है, तो फिर सरकार को ऐसे प्रयोगों को आगे बढ़ाना चाहिए। भले ही विश्वविद्यालयों में अन्य पीठों की तरह इस तरह की नवाचारी प्रयोगधर्मी भूमि पुत्रों के लिए भी पीठ की स्थापना कर आगे आ सकती है। कोरोना के बाद विश्व में नए हालात आए हैं। जलवायु परिवर्तन और तापमान में बढ़ोतरी के कारण नई परिस्थितियां सामने आ रही है। विश्व में आसन्न खाद्यान्न संकट को लेकर चेताया जा रहा है। तब इस तरह की पहल की आवश्यकता और अधिक हो जाती है।

## बोलता है कैमरा...



**पंडोह ।** पंडोह जनपद की आराध्य देवी माता त्रिपुर भैरवा अपने क्षेत्र के दौरे पर निकली है। माता के अधीन क्षेत्र को स्थानीय बोली में 'हार' कहा जाता है, जबकि दौरे को 'भोरा' कहा जाता है। माता के इस दौरे को लेकर भक्तों में भारी उत्साह है। भक्तजन माता को अपने घर में बुलाकर आयोजन की मेजबानी कर रहे हैं । कोई भक्त घर पर मंडयाली धाम पका रहा है तो कोई नाश्ते या शाम की चाय और प्रसाद का आयोजन कर रहा है।

## प्रेरक कथा



## बुद्ध को गालियां

**एक** बार गौतम बुद्ध किसी गांव से गुजर रहे थे। उस गांव के लोगों को गौतम बुद्ध के बारे में गलत धारणा थी, जिस कारण वे बुद्ध को अपना दुश्मन मानते थे। जब गौतम बुद्ध गांव में आए तो गांव वालों ने बुद्ध को भला–बुरा कहा और बदुआएं देने लगे। गौतम बुद्ध गांव वालों की बातें शांति से सुनते रहे और जब गांव वाले बोलते बोलते थक गए तो बुद्ध ने कहा कि अगर आप सभी की बातें समाप्त हो गई हों तो मैं प्रस्थान करूं? बुद्ध की बात सुनकर गांव वालों को आश्चर्य हुआ। उनमें से एक व्यक्ति ने कहा, हम तुम्हे बदुआएं दे रहे हैं। क्या तुम्हे कोई फर्क नहीं पड़ता? बुद्ध ने कहा, जाओ मैं आपकी गालियां नहीं लेता। आपके गालियां देने से क्या होता है, जब तक मैं स्वीकार नहीं करता, इसका कोई परिणाम नहीं होगा। यह छोटी सी कहानी हमारे जीवन में बदलाव ला सकती है क्योंकि हम यही समझते है कि हमारे दुखों का कारण दूसरे व्यक्ति हैं। जब हम दूसरों की नकारात्मक बातों पर गौर नहीं करते उनका हम पर कोई असर नहीं होता।

# कृषि क्षेत्र में नवीन प्रयासों से किसानों की समृद्धि



लेखकः रोहित पराशर
कृषि विश्लेषक।

**अगर हम किसानों को समृद्धि की दिशा में बढ़ने में मदद करना चाहते हैं, तो उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के विकास पर ध्यान केंद्रित करना अत्यंत आवश्यक है। इसके अलावा जैव उर्वरकों के प्रयोग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि मिट्टी की गुणवत्ता बढ़े और फसलों की प्रतिरक्षणशीलता में बढ़ोतरी हो। पर्यावरण में आ रहे बदलावों का असर कृषि क्षेत्र में बहुत अधिक देखा जा रहा है।**

**कृषि** में नवीन प्रयासों को गति देकर वर्तमान सरकार ने किसानों के कल्याण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। सरकार के एक साल के कार्यकाल के दौरान किसानों और कृषि क्षेत्र से जुड़े अन्य हितधारकों की आर्थिकी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए जहां कई नई योजनाओं को शुरू किया गया है, वहीं राज्य और केंद्र सरकार की पुरानी योजनाओं का लाभ किसानों को अधिक से अधिक मिले। इसके लिए भी कई साहसिक प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार की ओर से क्लस्टर बेस्ड एग्रीकल्चर, इंटिग्रेटिड फार्मिंग, डाइवर्सिफिकेशन इन एग्रीकल्चर, आधुनिक तकनीकों जैसे सेटेलाइट इमेजरी, जीआईएस मैपिंग आदि का प्रयोग कर कृषि योजनाओं को तैयार करने प्रयास किए हैं, जिनका असर भविष्य में कृषि क्षेत्र और किसानों की समृद्धि के रूप में देखने को मिलेगा। इस साल हमारे पहाड़ी प्रदेश को प्राकृतिक आपदाओं का दंश झेलना पड़ा है, जिससे कृषि क्षेत्र भी अछूता नहीं है। आपदा के कारण कृषि क्षेत्र को साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। ऐसे समय में किसानों को आपदा से हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए हिमाचल सरकार ने उदार नीति अपनाते हुए मुआवजा राशि को कई गुना बढ़ाकर किसानों को बड़ी राहत दी है।

कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों, आधुनिक उपकरणों और अनुसंधान पर कृषि विभाग विशेष बल दे रहा है। नए और उन्नत उपकरणों का उपयोग करके किसानों के काम को आसान और दक्ष बनाने का प्रयास किया जा रहा है। स्मार्ट फार्मिंग के जरिये किसानों को सही समय पर सही तकनीक से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है ताकि उन्हें अधिक उत्पादन मिल सके। विभाग की ओर से उन्नत बीज और उर्वरकों की पहुंच किसानों तक तय समय पर हो इसके लिए भी वृहद कार्ययोजना तैयार कर काम किया जा रहा है।

गौरतलब है कि अगर हम किसानों को समृद्धि की दिशा में बढ़ने में मदद करना चाहते हैं, तो उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के विकास पर ध्यान केंद्रित करना अत्यंत आवश्यक है। इसके अलावा जैव उर्वरकों के प्रयोग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि मिट्टी की गुणवत्ता बढ़े और फसलों की प्रतिरक्षणशीलता में बढ़ोतरी हो। पर्यावरण में आ रहे बदलावों का असर कृषि क्षेत्र में बहुत अधिक देखा जा रहा है। इसके लिए पर्यावरण हितैषी कृषि पद्धतियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि किसान जलवायु परिवर्तन के खतरों को देखते हुए पहले से ही तैयारी कर सकें और अपने नुकसान को कम कर सकें। किसानों को आपदा और परिस्थितिकता के प्रति सजग किया जा रहा है। साथ ही किसान व बागवानों के व्यापक कल्याण एवं समृद्धि के लिए खेती की लागत को कम करने, आय को बढ़ाने, मानव एवं पर्यावरण पर रासायनिक खेती के पड़ने वाले दुष्प्रभावों से बचाने एवं पर्यावरण व बदलते जलवायु परिवेश के समरूप कृषि का मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना को शुरू किया गया है। इस योजना के तहत जैविक खेती सहित अन्य सभी रसायन रहित खेती विधियों को भी प्राकृतिक खेती के दायरे में लाया जा रहा है। प्राकृतिक खेती के सफल परिणाम देखने को मिल रहे हैं और अभी तक प्रदेश की लगभग सभी पंचायतों में इसके मॉडल खड़े हो गए हैं। कृषि उत्पादों के बाजार में एकीकरण के माध्यम से किसानों को उनके उत्पादों के अच्छे मूल्य प्राप्त हो सकें इसके लिए मंडियों के विकास और विपणन की नवीन तकनीकों को विकसित किया जा रहा है। उपभोक्ताओं को पोषणयुक्त खाद्यान मिल सके। इसके लिए मोटे पोषक अनाजों जैसे कोदा, कावणी, सांवा, चौलाई आदि की पैदावार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन मोटे अनाजों के संवर्धन और संरक्षण के लिए कृषि विभाग ने प्रदेश के लाखों किसानों को पोषक अनाजों के बीज मुहैया करवाए हैं और इनकी पैदावार के बाद इन अनाजों के विपणन की व्यवस्था भी की है। किसानों के लिए राज्य और केंद्र सरकार की चलाई विभिन्न योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए विभाग की ओर से प्रयासों में तेजी लाई गई है।

केंद्र सरकार की ओर से चलाए गए एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर फंड का लाभ किसानों को मिल सके। इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत अभी तक 100 करोड़ से अधिक की राशि विभिन्न कृषि योजनाओं के लिए आबंटित की जा चुकी है। कृषि में पशुपालन का अहम योगदान रहता है, इसलिए कृषि विभाग गोबर खरीद योजना को तैयार करने में लगा है ताकि इसका लाभ किसानों को मिल सके। इसके अलावा सरकार ने दूध की कीमतों में बढ़ोतरी कर किसानों को पशुपालन के लिए प्रोत्साहित किया है। कृषि क्षेत्र में नवीन प्रयासों से किसानों की समृद्धि को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे वह रोजगार के लिए बिना पलायन के अपने ही क्षेत्र में सुरक्षित रह सकते हैं और समृद्धशील बन सकते हैं। इसके लिए सरकार, गैर सरकारी संगठनों और स्वयं किसानों का साथ मिलकर काम करना महत्वपूर्ण है ताकि हम सुरक्षित भविष्य और विकसित कृषि समाज की दिशा में आगे बढ़ सकें।

# हमारे आस–पास हैं खुशियां, मोबाइल ने सीमित कर दी दुनिया

## ब्लॉगर



लेखक : हेमराज राणा
जिला : सिरमौर

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

**इस आधुनिकता** के युग में हम वास्तविक खुशियों से दूर जाते जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण मोबाइल फोन है। क्योंकि हम आज हर वो खुशियां और सुविधाएं अपने फोन में ढूंढने का प्रयास करते हैं, जो हम अपने आस–पास होती हैं, लेकिन हम अनुभव नहीं कर पा रहे। आज हम केवल मोबाइल फोन तक सीमित होते जा रहे हैं और यह मोबाइल फोन हमारे शरीर को दिन–प्रतिदिन रोगी बनाता जा रहा है।

आज कई बच्चों को नजर के चश्मे लग गए हैं। मोबाइल फोन का सबसे ज यादा असर आंखों पर पड़ रहा है। बच्चों से लेकर बच्चों को मोबाइल फोन की लत लग चुकी है। युवाओं में खेलकूद की भावना कम हो रही है। मोबाइल फोन में अपनी अनमोल जिंदगी को दांव पर लगा रहे हैं। आज हम जिस भी क्षेत्र में जातें हैं। वहां हर एक व्यक्ति खासकर युवाओं में फोन के प्रति लगाव बढ़ता जा रहा है, जो अपनी वास्तविक खुशियां ओर प्रत्यक्ष एहसास को कम करता जा रहा है। ऐसा नहीं कि मोबाइल के नकारात्मक प्रभाव ही है और सकारात्मक प्रभाव कम है, लेकिन मोबाइल को प्रयोग करने का हमारा उद्देश्य क्या है ? क्या हम इसका सकारात्मक प्रयोग कर पा रहे हैं ? आज मोबाइल अनावश्यक रूप से ज्यादा प्रयोग किया जा रहा है, जिसका समाज में नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। मोबाइल से जहां हम नॉलेज हासिल कर सकते हैं, वहीं नशा, हत्याएं और अपराध को भी बढ़ावा देने में मोबाइल की बड़ी भूमिका है। क्योंकि मोबाइल में हिंसक और अश्लील वीडियो देखकर लोगों की मानसिकता खराब होती है। इसकी गिरफ्त में ज्यादातर युवा होते हैं। वहीं, स्टूडेंट्स पर भी इसका गलत प्रभाव पड़ता है। जिस मोबाइल फोन को देखकर हम अपने सुबह की शुरुआत करते हैं।

वह मोबाइल हमें सुबह की ठंडी हवाओं और ताजा वातावरण से वंचित कर रहा है, जिससे हम शारीरिक और मानसिक रूप बीमार होते जा रहे हैं। आज बच्चों और देश का भविष्य युवाओं पर मोबाइल फोन का असर चरम सीमा पर पहुंच चुका है, जिसमें हर वक्त और हर क्षेत्र में मोबाइल फोन का प्रयोग है।

मोबाइल फोन की दुनिया जहां हमें हर विषय और क्षेत्र की जानकारी मुहैया करवाता है, वहीं हमारे कीमती समय और भविष्य को अंधकार में ले जा रहा है, जिसकी आज हम बेखबर हैं। हम चंद समय न लेकर घंटों और दिन–रात मोबाइल की दुनिया में ही चले जाते हैं और फिर आदी बन जाते हैं, जिसका विपरीत प्रभाव हमारे बच्चों और युवाओं पर सबसे ज्यादा देखने को मिलता है। आज हम सभी को इस गंभीर विषय और समस्या पर चिंतन करने की आवश्यकता है।



## आपका पत्र

**आजकल** नशा युवा पीढ़ी को खोखला करता जा रहा है। आमतौर पर आज के समय में नशे से होने वाले नुकसान के बारे में हर कोई जानता है, फिर भी इसे बड़े शौक के साथ लेता है। युवा शराब, सिगरेट, ड्रग्स सहित न जाने कितनी जहरीली चीजों का सेवन करते हैं। वह इन चीजों के इतने ज्यादा आदी हो जाते हैं कि इसके बिना शायद ही वे रह पाते हैं। इस कारण वे चोरी–चकारी या अन्य आपराधिक घटनाओं में शामिल हो जाते हैं। इसलिए युवाओं को हमेशा नशे से बचके रहना होगा। मादक द्रव्य का दुरुपयोग गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह एचआईवी, हेपेटाइटिस, तपेदिक जैसे गंभीर रोगों का कारण है, इसके अलावा इसके आर्थिक हानि और असामाजिक व्यवहार जैसे कि चोरी, हिंसा और अपराध एवं सामाजिक कलंक तथा समाज का समग्र पतन कई रूपों में दुष्प्रभाव भी हैं। हम किसी भी नशे को अपनी प्रबल इच्छाशक्ति से स्वयं को शिकार बनने से रोक सकते हैं। नशा करने से शरीर को अंदर से नुकसान होता है। इससे व्यक्ति में कमजोरी आने लगती है। नशे की लत एक सामाजिक और मनोवैज्ञानिक समस्या है जो युवाओं को प्रभावित कर रही है। इसलिए अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को ऐसा करने से रोकें। –**अजय शर्मा, कांगड़ा**

यह कॉलम आपके लिए है। कृपया अपनी समस्याएं व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

## हर हाथ अनंत ज्ञान


चौगान वार्ड के पार्षद खालिद मिर्जा। दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए


सुल्तानपुर वार्ड पार्षद सीमा कुमारी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुई ।


कश्मीरी मोहल्ला निवासी अनीता आनंद अनंत ज्ञान अखबार पढ़ती हुई ।


पंडित जवाहरलाल मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में एसके पाठक दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए ।


चंबा के गाजिंद्र कुमार दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए ।


वार्ड सपड़ी निवासी आरिफ मलिक अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


कॉलेज रोड बनीखेत की दुकानदार सविता शर्मा दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ती हुई।


जिला कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष कमल ठाकुर अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


महिला कांग्रेस कमेटी चंबा की उपाध्यक्ष रजनी शर्मा दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ती हुई ।


अपनी सहेली के साथ दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ती वार्ड हरदासपुरा की पार्षद अंजू कुमारी।


डीएवी कॉलेज बनीखेत की छात्राएं मधु व अनामिका दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ती हुई।


बनीखेत पद्दर निवासी दुकानदार सुशील कुमार अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


बनीखेत में सरदार मंजीत सिंह अरोड़ा दुकानदार एसबी एंटरप्राइजेज अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


ग्राम पंचायत नैनीखड्ड के उपप्रधान संजय कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


सुरजीत सिंह सिक्योरिटी गार्ड एनएचपीसी बनीखेत अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए


संतराम रावत ट्रांसपोर्टर डलहौजी दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


ग्राम पंचायत ढलोग निवासी मनोज कुमार अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


आशीष अबरोल निवासी बनीखेत अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।


इंद्र सिंह, अध्यक्ष चुराह कांग्रेस एससी विभाग अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चंबा करतार सिंह ठाकुर अपने साथियों के साथ दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


धारो देवी बीडीसी सदस्य चिल्ली शान्तिवा समिति अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुई।

# जन-जन तक पहुंचाएं स्वास्थ्य विभाग की कल्याणकारी स्कीमें

## खंड चिकित्सा अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में बोले जिला स्वास्थ्य अधिकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा सभागार में जिला स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक जिला स्वास्थ्य अधिकारी चंबा डॉ. जालम सिंह भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी चंबा डॉ. जालम सिंह भारद्वाज ने की उन्होंने सर्वप्रथम खंड चिकित्सा अधिकारियों द्वारा भेजी गई मासिक रिपोर्ट का आंकलन किया। वहीं उन्होंने महत्वाकांक्षी जिले के अंतर्गत चल रही योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की तथा इसकी प्रोग्रेस बढ़ाने के लिए कहा। डॉ. भारद्वाज ने राष्ट्रीय हेल्थ मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यकर्मों की समीक्षा की जिस में प्रजनन एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम, एचएमआईएस का खंड स्तरीय समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की गतिविधियों का जायजा लेते हुए



मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम सिंह भारद्वाज।

**खंड चिकित्सा अधिकारियों की मासिक रिपोर्ट जांची**

सभी कार्यक्रमों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही लोगों को स्वास्थ्य विभाग की और से चलाई जा रही हर कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने को कहा। जिससे हर व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ ले सके।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पूरी, डॉ. रोहित नड्डा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. पद्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शाम लाल, डॉ. नवदीप सहित स्वास्थ्य खंडों के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक भी उपस्थिति रहे।

# सुल्तानपुर के ओबड़ी में सफाई व्यवस्था चरमराई

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**गंदगी से भरे कूड़ेदान सड़कों पर बिखरा कचरा**

नगर परिषद चंबा के अधीन सुल्तानपुर वार्ड के ओबड़ी मोहल्ला में पिछले कुछ समय से सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। जगह-जगह पर रखे गए कूड़ेदान को समय पर खाली नहीं किया जा रहा है। भरे हुए कूड़ेदानों के कारण कूड़ा-कर्कट सड़क पर बिखरा रहता है। जिसके चलते स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में कई बार ओबड़ी मोहल्ला वासियों ने नगर परिषद चंबा के समक्ष गुहार लगाई है मगर नप की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया। क्षेत्रवासी चमन लाल, मोहन, कुलदीप, राजेश, विवेक, राकेश, चुन्नी लाल, रमा कांत, मुनीश, रविंद्र, विशाल, अनुराग, कमल, प्रदीप, लक्की, सावित्री, पूजा, बालकु देवी, रमा, कमलेश, मीनाक्षी, अर्पणा, शीतल, तनुजा, सुशीला देवी, मीरा, नीलम, कांता देवी का कहना है कि सफाई के नाम पर दो तीन बार कूड़ेदानों को खाली कर दिया जाता है। उसके बाद हालात ज्यों के त्यों ही रहते है। मौजूदा समय में इस वार्ड में कूड़ादानों की हालत खस्ता है। लोगों ने बताया कि ओबड़ी पुल के दोनों तरफ भी गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। जिसके चलते इस गांव में गंदगी का आलम हर समय नजर आता है। साथ ही निकास नालियों की सफाई हुए अरसा बीत गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द इस वार्ड सुधार के लिए नप को निर्देश देने की गुहार लगाई है। सीमा कुमारी पार्षद वार्ड सुल्तानपुर का कहना है कि वार्ड सफाई प्रबंधक ठेकेदार से इस दिशा में अवगत करवाया जाएगा। ताकि वार्ड में तैनात सफाई कर्मी अपना दायित्व समझ सफाई कर लोगों को स्वच्छता सुविधा मुहैया करवाए।

# रीछ के आतंक से कंदवारा सुरी पंचायत के लोग सहमे

**अनंत ज्ञान, सलूणी**

**ग्रामीणों ने वन विभाग से मांगा समस्या का समाधान**

उपमंडल सलूणी की पंचायत कंदवारा व सुरी में पिछले कुछ दिनों से रीछ के आतंक ने वार्डवासी सहमे हुए है। पंचायत में स्थित ऐसा कोई रिहायशी क्षेत्र नहीं बचा है जहां रीछों के झुंड ने दस्तक न दी हो।

क्षेत्र में रीछों का आतंक इतना बढ़ गया है कि इन दिनों फसलों के समय किसान अकेले खेतों में जाने से भी डर रहे हैं। हालांकि पंचायत वासियों ने कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों से रीछों के आतंक से निजात दिलाने की गुहार भी लगाई है, लेकिन इसके बावजूद लोगों को इस दिशा में कोई राहत नहीं मिल रही है। पंचायत कंदवारा व सुरी क्षेत्रवासियों में रोशन लाल, प्रेम चंद, अविनाश, मनोज, राजदीन, राकेश कुमार, सुरेश, प्रवीण, अजय कुमार, सूरज, विनोद, संजय सिंह, राम लाल, सुदर्शन, भाग चंद, नितिन, गौरी, प्रकाश, चमन, नरेंद्र कुमार, अभिषेक, गौरी, अर्चना, संगीता, कल्पना, रानी, सरोज, आशा, मधु, कृष्णा, कविता, ममता, सीमा, भावना व अंजलि आदि का कहना है कि पिछले कुछ माह से रीछों के झुंड ने पंचायत के अधिकांश गांवों में उत्पात मचा रखा है।

उन्होंने कहा कि फसलों को रोजाना नुकसान पहुंचाने सहित अब इन्होंने लोगों पर भी हमला करना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब तो उन्हें घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने वन विभाग चंबा के अधिकारियों से अपील की है कि इस दिशा में जल्द से जल्द उचित कदम उठाकर पंचायत कंदवारा व सुरी वासियों को रीछों के आतंक से राहत दिलाई जाए।

# बालू में कैंपस इंटरव्यू आज

**चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय चंबा की ओर से 29 दिसंबर को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय चंबा में होने वाले कैंपस इंटरव्यू के दौरान टेक्नोसिम ट्रेनिंग सर्विसेज द्वारा मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड गुड़गांव में स्टूडेंट ट्रेनी के कुल 200 पदों को भरा जाएगा। कंपनी द्वारा ट्रेनिंग भी करवाई जाएगी और दो साल के बाद परीक्षा पास होने के बाद एनसीवेट का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण तथा आयु सीमा 18 से 20 वर्ष निर्धारित की गई है। आवेदक साक्षात्कार के लिए शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार कार्यालय का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बायोडाटा आदि दस्तावेज लेकर जिला रोजगार कार्यालय बालू में 29 दिसंबर को सुबह 11 बजे उपस्थित हो सकते हैं।

## स्थापना दिवस पर परिधिगृह चंबा में बोले विधायक नीरज

# कांग्रेस का ध्येय निस्वार्थ जनसेवा


कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर परिधि गृह चंबा में मौजूद सदर के विधायक नीरज नैय्यर व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के 138वें स्थापना दिवस पर परिधिगृह चंबा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें चंबा सदर विधायक नीरज नैय्यर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

वहीं जिला कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष कमल ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चंबा अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कांग्रेस पार्टी के 138वें स्थापना दिवस का आगाज विधायक ने परिधि गृह के प्रांगण में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का ध्वज फहरा कर किया।

इस अवसर पर सदर विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एक लंबा सफर तय करके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी से जुड़े समस्त अध्यक्षों को याद करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत की सबसे बड़ी धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक पार्टी हैं जिसका एकमात्र ध्येय निस्वार्थ जनसेवा है। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष कमल सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने स्वतंत्रता से पहले और स्वतंत्रता के बाद देश हित में जो काम किए हैं उनके आधार पर ही आज देश का संपूर्ण विकास संभव हुआ है।

# चिल्ली स्कूल में सालाना समारोह होनहारों को बांटे गए पुरस्कार

## बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर बांधा समां

**अनंत ज्ञान, तीसा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चिल्ली में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चिल्ली प्रधान कुतुबदीन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि विशेष अतिथि के रूप में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शमीर मोहम्मद उपस्थित रहे।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत चिल्ली के प्रधान कुतुबदीन ने स्कूल के मेघावी विद्यार्थियों की जहां सराहना की वहीं उन्होंने स्कूल प्रबंधन व शिक्षकों को भी प्रशंसा की जिनकी बदौलत विद्यार्थियों द्वारा शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है।

इससे पूर्व मुख्यातिथि कुतुबदीन द्वारा दीप प्रज्वलित करके वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य घनश्याम ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। इस दौरान स्कूल की विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे बच्चों को पुरस्कार भी बांटे गए। इस मौके पर बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। बच्चों ने हिंदी, पंजाबी, पहाड़ी, हरियाणवी आदि कई गानों पर नृत्य करके अपनी प्रस्तुति दी।


सालाना समारोह के दौरान ग्राम पंचायत चिल्ली के प्रधान कुतुबदीन को सम्मानित करते आयोजक।

# चुवाड़ी में कांग्रेसियों ने कुर्बानियों को याद किया

**चुवाड़ी।** भटियात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने 138वां कांग्रेस स्थापना दिवस उपमंडल मुख्यालय चुवाड़ी में धूमधाम से मनाया। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम में दी गई कुर्बानियों को याद किया और भटियात के 121 पोलिंग बूथों पर झंडा फहराया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय सिंह कंवर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भटियात व हिमाचल प्रदेश में जो भी विकास हुआ है वह पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह, वर्तमान मुख्यमंत्री सुक्खू और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की देन है। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील की है आगामी चुनावों में एकजुट होकर पार्टी के लिए काम करें और कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को आगामी चुनावों में विजयी बनाएं। इस मौके पर एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस व भटियात ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बगढार में स्थापित किया अक्षत कलश


अक्षत कलश को स्थापित करने के लिए पालकी में ले जाते श्रद्धालु।

**डलहौजी।** उत्तर प्रदेश राम मंदिर अयोध्या से आए अक्षत कलशों को जिला के मंदिरों में स्थापना का सिलसिला लगातार जारी है। इस अभियान के अंतर्गत वीरवार को क्षेत्र के बगढार के नाग मंदिर में राम अक्षत कलश की स्थापना की गई। बगढार के लोगों द्वारा पूरे विधिवत पूजा-अर्चना के साथ अक्षत कलश को बनीखेत भुरू नाग देवता मंदिर से लाया गया और जैसे ही अक्षत कलश गांव बगढार पहुंचा वैसे ही समस्त गांववासियों ने बड़ी ही गर्मजोशी के साथ अक्षत कलश का स्वागत किया। इस आयोजन में ग्राम पंचायत बगढार के पदाधिकारी, हिंदू विश्व परिषद के सदस्य, राष्ट्र सेवा संगठन के सदस्य और आसपास के गांवों के लोग मौजूद रहे।

### सरोल में अक्षत कलश का स्वागत किया


अक्षत कलश सरोल पहुंचने पर शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु।

**चंबा।** श्री राम जन्मभूमि से लाए गए अक्षत कलश वीरवार को सरोल पहुंचे। सरोल पहुंचने पर लोगों ने उनका भव्य स्वागत करते हुए शोभायात्रा भी निकाली। इस मौके पर लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा घोल्टी चौक से निकाली गई। इसके बाद भद्रम चौक का पूरा चक्कर काटते हुए शोभायात्रा में शामिल लोग शिव शक्ति माता मंदिर सरोल पहुंचे। जहां अक्षत कलश रखकर कार्यक्रम की आगामी रुपरेखा तैयार होगी। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. केशव वर्मा ने बताया कि पहली जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक अयोध्या में भगवान श्रीराम जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण हर परिवार तक पहुंचाने की योजना है। इसके लिए अलग-अलग टोलियां बनाई गई हैं। इस मौके पर डॉ. कविता बिजलवान, रंजू, श्रेष्ठा महाजन, रम्मी, शिवानी शर्मा, सीमा नरयाल, विजय कुमारी, आशा जबकि अन्य संगठनों से जुड़े विजय सनातनी, डॉ. सतीश सुंदर, धीरज नरयाल, गुरदेव, आशा, काकू, उदय सिंह, प्रेम सिंह, संजीव महाजन, राकेश महाजन, यदु महाजन, बजीर सिंह यादव, गौरव बख्शी, उत्तम धवन, संजीव, सक्षम व अनिल शर्मा मौजूद रहे।

**समारोह** भड़ीयांकोठी स्कूल के शिक्षकों से विधायक नीरज नैय्यर का आह्वान

# बच्चों को प्रदान करें गुणात्मक शिक्षा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भड़ीयांकोठी ने वीरवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया। समारोह में सदर विधायक नीरज नैय्यर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेधावियों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र का विकास बेहतर शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर करता है। शिक्षा की बुनियाद जितनी मजबूत होगी, भविष्य उतना ही सुनहरा होगा। उन्होंने कहा कि बुनियादी स्तर पर गुणात्मक व आधुनिक शिक्षा सुविधा घरद्वार पर उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अध्यापकों से आह्वान किया कि वे बच्चों को गुणात्मक शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित करें ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक योजनाएं बनाई जा रही हैं ताकि विद्यार्थियों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। बोर्ड परीक्षाओं का बेहतर परिणाम रहने पर स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए विधायक ने स्कूल में सभी आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यालय की पत्रिका अनुभूति का भी विमोचन किया और स्कूल द्वारा आरंभ की गई प्रोत्साहन राशि के तहत पांच विद्यार्थियों को एक-एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि वितरित की। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। विधायक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए 11 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की। इससे पहले स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। उन्होंने स्कूल द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके उपरांत विधायक ने लोगों की समस्याओं को भी सुना। इस अवसर पर पार्षद जीवन सलारिया, महासचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राकेश कुमार, पंचायत समिति सदस्य जयकिशन, प्रधान मनीष ठाकुर, सहायक अभियंता हंसराज चौहान, कनिष्ठ अभियंता मनीष ठाकुर व सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अशोक शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।


समारोह के दौरान स्कूल के होनहार मुख्यातिथि के साथ।

# किराये की दुकान में क्लीनिक से पड़ी पंचशील अस्पताल की बुनियाद

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

डॉ. नरेश विरमानी 1985 में आईजीएमसी शिमला से ऑर्थो में पोस्ट ग्रेजुएट करके आए और उसके बाद अपना एक छोटा सा क्लिनिक कल्पना विरमानी के साथ नगरोटा बगवां की पाठशाला गली में एक किराये की दुकान से शुरू किया। उन्होंने चार साल क्लीनिक में काम किया। इसके बाद ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल पंचशील बनाया।

जहां दूर-दूर से हड्डियों के मरीज इलाज करवाने के लिए आते हैं। नेशनल एपीटेशन बोर्ड ऑफ हॉस्पिटल से उन्हें सर्टिफिकेट भी मिला है और उन्हें इसकी मान्यता प्राप्त है। उनके बेटे अभिमन्यु विरमानी भी ऑर्थोपेडिक सर्जन हैं जबकि बहु मल्लिका अरोड़ा विरमानी त्वचा रोग विशेषज्ञ हैं। डॉ. विरमानी ने बताया कि उनका हॉस्पिटल ईसीएचएस इंप्लांड है। एक्स सर्विसमैन और एचपी गवर्नमेंट के रिटायर्ड लोग भी आते हैं और उन्हें रिंवर्समेंट की सुविधा दी जाती है। साथ ही अल्ट्रासाउंड और लैब टेस्ट भी होते हैं। हॉस्पिटल के साथ-साथ डॉ. विरमानी राजनीति में भी गहरा रसूख रखते हैं। कई साल बीजेपी के सामान्य कार्यकर्ता रहे। 1988-89 में पदयात्रा शुरू की तो नगरोटा बगवां में बीजेपी का सदस्य बनाया गया और कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने काम किया। डॉ. विरमानी चार बार नगरोटा बगवां भाजपा मंडल के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी ने उनकी बातों को नजरअंदाज कर दिया गया। इसी के चलते उन्होंने पार्टी से किनारा कर लिया और कुछ दिन आम आदमी पार्टी के साथ जुड़ गए। हालांकि जल्द ही उन्होंने आम आदमी पार्टी का साथ भी छोड़ दिया।


डॉ. नरेश विरमानी।




## जीएस बाली के साथ था अच्छा नाता

**कांग्रेस** के विकास पुरुष जीएस बाली के साथ उनका काफी अच्छा नाता रहा है। उन्होंने काफी काम किया है और लोगों की सेवा की है। जब आरएस बाली को प्रत्याशी के रूप में चुना गया तो उसके बाद उन्होंने उनका साथ दिया। उन्होंने बताया कि इंसान का अच्छा होना जरूरी है, पार्टी चाहे कोई भी हो। कार्यकर्ता का ईमानदारी से काम करना जरूरी है।

### कांग्रेस नेता कंवर ने ईको सेंसटिव जोन व कांगड़ा रेल के मुद्दे पर निर्दलीय विधायक को घेरा

# देहरा में ईको सेंसटिव जोन के मुद्दे पर घमासान शुरू

**अनंत ज्ञान, देहरा**

हिमाचल प्रदेश में ईको सेंसटिव जोन मुद्दे पर घमासान शुरू हो गया है। कांग्रेस नेता और मुख्यमंत्री के करीबी नरदेव कंवर ने देहरा के निर्दलीय विधायक होशियार सिंह पर जनता को गुमराह करने के आरोप लगाए हैं।

कंवर ने कहा कि जब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा के पटल पर निर्दलीय विधायक होशियार सिंह के ईको सेंसटिव जोन वाले सवाल पर जवाब दे दिया था तो नगरोटा सूरियां में लोगों को इकट्ठा कर गुमराह करने की क्या जरूरत रही। कांग्रेस नेता नरदेव कंवर ने कहा कि सिर्फ पौंग डैम की वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी एरिया में ईको सेंसटिव जोन नहीं बनाया गया। बल्कि पूरे देश भर में 346 ईको सेंसटिव जोन घोषित किए गए हैं। नरदेव कंवर ने कहा कि जनता को गुमराह करने के बजाय विधायक को चाहिए था कि वह उन्हें भी साथ लेते। जवाली से विधायक व कैबिनेट मंत्री चौधरी चंद्र कुमार सहित पांचों विधानसभा क्षेत्रों के विधायक होने चाहिए थे। जवाली के पूर्व विधायक भी साथ होने चाहिए थे।


कांग्रेस नेता नरदेव कंवर।

- जनता को गुमराह करना बंद करे विधायक होशियार सिंह
- रेल मुद्दे को क्यों नहीं उठाते विधायक होशियार सिंह
- लोगों को गुमारह करना छोड़ विकास पर दे ध्यान

## रेल के मुद्दे पर क्यों मौन हैं विधायक

**वहीं,** कांग्रेस नेता नरदेव कंवर ने कहा कि देहरा के निर्दलीय विधायक होशियार सिंह ट्रेन के मुद्दे को क्यों नहीं उठाते। पिछले सात महीने से गुलेर, लुंनसू और त्रिपल के लोग परेशान हो रहे हैं। पठानकोट से जोगिंद्रनगर चलने वाली कांगड़ा रेल काफी महीनों से बंद है। इस मुद्दे पर आखिर विधायक मौन क्यों हैं।

## करंट लगने से युवक की मौत

**चंबा।** जिला मुख्यालय की निकटवर्ती पंचायत साहो के कुरथा गांव में करंट लगने के कारण गागला पंचायत निवासी युवक की मौत हो गई। वहीं, हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस थाना सदर टीम ने मौके पर पहुंच मामला जहां दर्ज कर लिया है। वहीं मृतक के शव को कब्जे लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा पहुंचाया गया है। जानकारी अनुसार यह हादसा उस समय घटित हुआ जब कमल कुमार पुत्र महेंद्र सिंह निवासी गांव प्रंगोला एक निजी कंपनी के अधीन साहो पंचायत के गांव कुरथा में हाई वोल्टेज लाइन ठीक करने का कार्य कर रहा था। उधर पुलिस ने मौके पर मौजूद अन्य कर्मियों सहित निजी कंपनी अधिकारियों के बयान लेकर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। सदर विधायक नीरज नैय्यर ने पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा पहुंच कर पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव खबर की पुष्टि की है।

## न्यूज ब्रीफ

### 'छड़ नई सकदी' गाना पहली को होगा रिलीज

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां की स्टार सिंगर ज्योति कोंडल का नया गाना 'छड़ नई सकदी' नए साल पर यानी पहली जनवरी को पंजाबी चैनल पंजाबी तड़का होगा रिलीज । ज्योति कोंडल नगरोटा की रहने वाली है और पंजाबी के साथ हिंदी गाने भी गाती हैं ।

### उत्कृष्ट कार्य पर परविंद्र सिंह को दिया सम्मान

**कांगड़ा।** कांग्रेस के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कांगड़ा में समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश के कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने भारतीय जीवन बीमा अधिकारी सरदार परविंद्र सिंह को 97वीं बार रक्तदान व समाज में उत्कृष्ट कार्य के लिए समानित किया गया।

### कृषि मंत्री ने दलीप सिंह वर्मा को किया सम्मानित

**गरली।** 138वें स्थापना दिवस पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक मे जसवां परागपुर के दलीप सिंह वर्मा को वरिष्ठ कार्यकर्ता के सम्मान से नवाजा गया है। कांग्रेसी नेता दलीप सिंह वर्मा को यह सम्मान गुरुबार को कांगड़ा में आयोजित जिला स्तरीय बैठक के दौरान माननीय कैबिनेट मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने उनकी पुरानी कार्यसैली को देखते हुए इन्हे मोंमेंटो देकर सम्मानित किया है ।

### सिहुवां स्कूल में खेल दिवस धूमधाम से मनाया


महाराणा प्रताप स्कूल सिहुवां में खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद छात्र।

**शाहपुर।** महाराणा प्रताप पब्लिक विद्यालय सिहुवां में खेल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल चेयरमैन कर्नल एसएस राणा विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। इस दौरान कक्षा केजी से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की खेलों में भाग लिया। एसएस राणा ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को इनाम दे कर सम्मानित किया।

### खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

**बैजनाथ।** पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में 28 दिसंबर को 16वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन इंदिरा गांधी खेल स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर महेंद्र पाल ने शिरकत की। प्रतियोगिता में महिला तथा पुरुष दोनों वर्गों ने भाग लिया। इसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 1500 मीटर दौड़, डिस्कस थ्रो, लंबीकूद, ऊंचीकूद जैवलिन तथा रस्साकशी आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई । प्रधानाचार्य ने ओम प्रकाश शारीरिक शिक्षक को इस सफल आयोजन के लिए ढेर सारी बधाई थी तथा कहा कि बच्चों को हर क्षेत्र में बढ़ने के साथ-साथ खेलकूद में भी आगे बढ़कर हिस्सा लेने चाहिए ।

### वक्ताओं ने प्रस्तुत किए अपने शोध पत्र

**पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के सभा कक्ष में गत 20 दिसंबर से प्रारंभ हुए सात दिवसीय लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम का वीरवार को समापन हो गया। इस समारोह के मुख्यातिथि प्राचार्य डॉक्टर अनिल आजाद रहे। आयोजन का शुभारंभ करते हुए कार्यक्रम सचिव डॉक्टर दिवाकर ने उपस्थितजनों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम की रूपरेखा बताई और संक्षिप्त में सात दिवसीय कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। 20 से 28 दिसंबर तक ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड पर चले इस कार्यक्रम की मुख्य थीम शोध प्रविधि कार्यप्रणाली और रचनात्मक उपकरण रही। इस मुख्य थीम और इससे संबंधित विषयों पर केंद्रित आमंत्रित मुख्य वक्ताओं ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

### पपरोला आयुर्वेदिक कॉलेज में ट्रेनिंग कोर्स शुरू


आयुर्वेदिक कॉलेज पपरोला में उच्च स्तरीय ट्रेनिंग कोर्सेज में भाग लेने पहुंचे सदस्य।

**बैजनाथ।** राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय पपरोला में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से चैंपियन सर्विस सेक्टर स्कीम के तहत कुशल जनशक्ति की कमी को पूरा करने के लिए उच्च स्तरीय ट्रेनिंग कोर्सेज शुरू किए गए हैं। इन कोर्सेस में क्षार कर्म टेक्नीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम, वेलनेस के लिए योग विज्ञान में फाउंडेशन कोर्स, पंचकर्म परिचारक बेसिक कोर्स इनको शामिल किया गया है। आयुर्वेद संस्थान पपरोला उत्तर भारत के आयुर्वेदिक संस्थानों में एकमात्र नोडल संस्थान है जिसे आयुष क्षेत्र में कौशल विकास के प्रशिक्षण के लिए चिन्हित किया गया है। महाविद्यालय की प्रधानाचार्य प्रोफेसर विजय चौधरी ने इस पर खुशी जताते हुए बताया कि तीन विभागों में इन ट्रेनिंग कोर्सेज को शुरू कर दिया गया है। तीन योजनाओं में पात्रता के आधार पर प्रदेश से 60 लोगों को सम्मिलित किया गया है।

### करनैल सिंह पिक्का को सौंपी कमान

**नूरपुर।** संगठनात्मक जिला नूरपुर में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की जिला कार्यकारिणी का जिलाध्यक्ष रामेश्वर परमार की अध्यक्षता में गठन हुआ। इसमें संगठनात्मक जिला नूरपुर के हर जगह से लोगों को कार्यकारिणी में जगह दी गई। इस गठित संगठनात्मक जिला नूरपुर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा में जिला कार्यकारिणी में नूरपुर से करनैल सिंह पिक्का को महामंत्री, हरदीप सिंह गोगा, सुभाष सिंह को उपाध्यक्ष, नरेंद्र शर्मा को सचिव ,तथा अश्वनी शर्मा को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी।

# परिवार की आपसी कहासुनी पर फंदा लगाकर की आत्महत्या

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

थाना बैजनाथ के अंतर्गत खड़ानाल पंचायत में फंदा लगा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। डीएसपी पूर्ण चंद ठाकुर ने बताया की मृतक सुनील कुमार पुत्र सुभाष चंद निवासी खड़ानाल उम्र 29 साल शराब पीकर घर आया तथा अपने बड़े भाई ललित कुमार को नौकरी पर जाने के लिए कहने लगा तो ललित ने कहा कि वह कल ड्यूटी पर चला जाएगा।

इसपर मृतक सुनील कुमार गुस्से में आकर अपने कमरे में चला गया। उसके उपरांत रात 9:15 बजे रात खाना खाने हेतु परिवार के सदस्य इकठ्ठा हुए, तो उन्होंने सुनील को खाना खाने के लिए आवाज लगाई। कोई जवाब न मिलने की सूरत में सुनील कुमार के कमरा का दरबाजा खटखटाया तो दरवाजे की कुंड़ी अंदर से लगी पाई गई। जब परिवार के सदस्यों को शक हुआ तो उन्होंने दरवाजा को तोड़ा तो अंदर मृतक सुनील कुमार ने छत में लगे पंखे के साथ फंदा लगा लिया था। परिवार जनों ने फंदे को गले से खोलने का प्रयास किया, परंतु फंदा गले से न खुला। इससे उन्होंने चाकू से फंदा बीच में काटकर नीचे उतारा तथा फंदे को सुनील कुमार के गले से उतारा व ईलाज हेतु उसे आयुर्वेदिक अस्पताल पपरोला लेकर आए। वहीं, वहां पर मौजूद डॉक्टर ने सुनील कुमार को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के दिए बयान में परिवार जनों का कहना है कि मृतक सुनील कुमार ने नशा शराब व गुस्से में आकर फंदा लगाया। इस पर परिवार जनो को किसी भी अन्य व्यक्ति पर कोई शक नहीं है। वहीं, पुलिस द्वारा 174 सीआरपीसी के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। बहरहाल, थाना बैजनाथ के अंतर्गत खड़ानाल पंचायत में फंदा लगा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। (अनंत ज्ञान)

# शिव मंदिर बैजनाथ में पार्किंग व एक प्रसाद वाली दुकान की लगी बोली

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

शिव मंदिर बैजनाथ के अधीन आने वाली दोनों पार्किंग तथा एक प्रसाद वाली दुकान की बोली आज टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से करवाई गई । यह नीलामी आज मंदिर सह आयुक्त एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक बैजनाथ देवी सिंह ठाकुर की देखरेख में की गई।

शिव मंदिर के साथ लगती पार्किंग नंबर एक की सबसे ज्यादा बोली मीरा कुमारी ने 14 लाख 11000 हजार लगाई वहीं पर हॉस्पिटल बैजनाथ के साथ लगती पार्किंग नंबर दो की सबसे अधिक बोली पंकज कुमार ने 12 लाख 8000 लगाई। हालांकि पिछली बार हॉस्पिटल वाली पार्किंग 510000 में नीलाम हुई थी। वहीं पर शिव मंदिर वाली पार्किंग 4 लाख 65000 हजार में नीलाम हुई थी। वहीं बैजनाथ के साथ लगती प्रसाद की दुकान की सबसे अधिक बोली इस बार 180000 बैजनाथ के पार्षद अमित कपूर ने लगाई है। शिव मंदिर बैजनाथ सह आयुक्त एवं उपमंडल अधिकारी बैजनाथ ने बताया कि सबसे अधिक बोली देने वालों को इस बार 50 प्रतिशत पहले एडवांस के रूप में देना होगा। वहीं, पर बाकी 50 प्रतिशत रकम छह महीने बाद अदा करनी होगी इन शर्तों को पूरा करने बाद ही पार्किंग लेने वाले व्यक्तियों को पार्किंग दी जाएगी। वहीं, पर कुछ लोगों ने नीलामी की इस प्रक्रिया पर सवाल उठाते हो कहा है कि जिस व्यक्ति के नाम सबसे अधिक बोली छुटी है ड्राफ्ट उस व्यक्ति का नाम का नहीं लगाया गया है। अगर मंदिर ट्रस्ट ने इस बारे कोई कार्रवाई नहीं की तो बे मजबूरन अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। उधर, एसडीएम बैजनाथ ने कहा है कि इस तरह का एक मामला सामने आया है बह समूचे पहलू की कानूनी राय लेने के बाद ही नीलामी की प्रक्रिया को अंतिम रूप देंगे ।

## सरकार की विभिन्न परियोजनाओं पर की चर्चा

**धर्मशाला ।** कांगड़ा मंडल के तहत कांगड़ा, चंबा, ऊना जिला में भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा को लेकर मंडलायुक्त ए शायनामोल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, मुद्रा, स्टार्टअप, जनधन योजना, छात्रवृत्तियों, मनरेगा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना तथा विभिन्न शिक्षा संस्थानों में निर्मित हास्टल को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मंडलायुक्त ए शायनमोल ने कहा कि योजनाओं का सुचारु क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा विभिन्न योजनाओं के तहत निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण किया जाए, ताकि पात्र लोगों को लाभ मिल सके।

## छात्रों-शोधार्थियों ने प्रदर्शनी लगाकर लूटी वाहवाही

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के दृश्य कला विभाग की ओर से 'नैनसुख कला उत्सव- 2023' आयोजन किया गया । इसमें विद्यार्थियों को पहाड़ी शैली के प्रसिद्ध चित्रकार नैनसुख के बारे में अधिकतम जानकारी मिल सके। इस मौके पर बीएफए, एमएफए और पीएचडी कर रहे विद्यार्थियों-शोधार्थियों द्वारा तैयार कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्थशात्र विभाग एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग के निर्देशक/अध्यक्ष प्रो. संजीत सिंह तथा समाज कार्य विभाग की अध्यक्षा डा. शशि पूनम और प्रो. आशुतोष प्रधान रहे। कार्यक्रम में दृश्य कला विभाग की अध्यक्ष विभाग अध्यक्ष प्रो. निरुपमा सिंह ने स्वागत भाषण दिया।

## जनता को गुमराह पर भ्रमित कर ही केंद्र सरकार

**नूरपुर।** राष्ट्रीय उच्च राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा संचालित सड़क विस्तारीकरण निर्माण कार्य पठानकोट मंडी 154 युद्धस्तर पर जारी है, लेकिन अव्यवस्थित ढंग से सड़क विस्तारीकरण निर्माण के कारण दोनों तरफ गहरी खाई होने से अक्सर यात्री लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है लेकिन प्राधिकरण अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ कर लोक निर्माण विभाग पर रख रखाव की जिम्मेदारी बता कर अपने दायत्व से भागते है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने केंद्र सरकार की कार्यशैली पर आरोप लगाते हुए कांगड़ा चंबा सांसद से प्रश्न किया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी की बात करते है, लेकिन चक्की रेल पुल के पुना निर्माण के प्रति आपके क्या प्रयास है। कांगड़ा की जनता दो वर्षों से रेल पुल न होने के कारण आर्थिक दृष्टि से भरी नुकसान उठा रही है, लेकिन केंद्र सरकार अपनी गरंटियों का झूठा गुणगान कर जनता को भ्रमित कर रही है।

## धर्मशाला में बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आगाज

**धर्मशाला।** धर्मशाला इंदौर स्टेडियम में जिला स्तरीय मास्टर वेटरन बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ आज से शुरू किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ जम्मू एंड कश्मीर बैंक धर्मशाला के महाप्रबंधक संजीव शर्मा ने किया। शुभारंभ कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्ति हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा अधिकारी प्रभात चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के कोषाध्यक्ष विशाल मिश्रा, उपाध्यक्ष पंकज शर्मा एवं पदाधिकारी गौरव, विक्रम चौधरी, पवन चौधरी, संदीप ढींगरा, अनुभव वालिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया। पहले दिन के मुकाबले में पुरुष वर्ग के 35 आयु वर्ग के एकल मुकाबले में नगरोटा बगवां के डॉक्टर गौरव ने धर्मशाला के अमृत शर्मा को हराकर, नूरपुर के सुनील शर्मा ने नगरोटा बागवा के शोभित को हराकर, धर्मशाला के पंकज जसवाल ने ज्वाला जी के ऋषभ सूद को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया।

## राजस्थान के राज्यपाल ने प्रदान किए पुरस्कार

**पपरोला।** राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, क्षेत्रीय निदेशालय शिमला को 28 दिसंबर राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में वर्ष 2022-23 ' प्रथम पुरस्कार' प्रदान किया गया। यह पुरस्कार वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'भारतीय प्रद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), जोधपुर (राजस्थान) के ऑडिटोरियम में आयोजित हुए कार्यक्रम में दिए गए। यह पुरस्कार मुख्य अतिथि महामहिम कलराज मिश्र (राज्यपाल) राजस्थान द्वारा वितरित किए गए तथा कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार अजय कुमार मिश्रा एवं गृह राज्य मंत्री निशिथ प्रमाणिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, क्षेत्रीय निदेशालय शिमला के कार्यालयाध्यक्ष राकेश वर्मा को राज्यपाल कलराज मिश्र, राजस्थान, शील्ड प्रदान कर पुरुस्कृत किया तथा हिंदी राजभाषा अधिकारी राहुल यादव, राज्यपाल श्री कलराज मिश्र, राजस्थान द्वारा प्रमाण पत्र ग्रहण किया गया ।

# पार्टी के स्थापना दिवस पर दाड़ी में जुटे कांग्रेसी, सुधीर शर्मा के गिनाए काम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला कांग्रेस ने पार्टी का 139वां स्थापना दिवस दाड़ी आफिस में मनाया। गुरुवार को दाड़ी में पार्टी के सभी संगठनों के पदाधिकारी जुटे और उन्होंने एकजुटता से कांग्रेस को आगे ले जाने का संकल्प लिया। इस दौरान सभी वक्ताओं ने कांग्रेस के सिद्धांतों पर आगे चलने का संकल्प लिया।

वर्कर्ज ने पूर्व में रहे सभी अध्यक्षों को याद किया। उसके बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुधीर शर्मा द्वारा एक साल में किए गए कार्यों का लेखा जोखा दिया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में धर्मशाला में स्मार्ट सिटी के कार्यों को ठप रखा गया था। सुधीर शर्मा के आते ही इन कार्यों ने फिर जोर पकड़ लिया है। अब सभी प्रोजेक्टों पर तेजी से काम हो रहा है। नगर निगम में कार्यों को स्पीडअप किया गया है। इसी तरह भाजपा राज में ठप पड़े धर्मशाला-पास्सू रोड को बहाल किया गया है। यह रोड 12 जुलाई 2021 की बाढ़ में बहा था। इस रोड किनारे पास्सू में पुल भी बहा था, जिसे सुधीर शर्मा बहाल कर दिया है। निचले पास्सू में एक पुल बन रहा है, तो ढगवार को मसरेहड़ से जोड़ने के लिए सड़क बन रही है। धर्मशाला हलके की दर्जन भर से ज्यादा पंचायतों में प्ले ग्राउंड बनाए जा रहे हैं। धर्मशाला के हलके दुर्गम इलाकों का लिंक रोड से जोड़ा जा रहा है। आपदा प्रबंधन के काम तेज किए जा रहे हैं। ब्लॉक कांग्रेस के तमाम पदाधिकारियों ने शपथ ली कि वे आमजन की आवाज को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व विधायक सुधीर शर्मा के जरिए सरकार तक पहुंचाएंगे तथा सभी की मांगों को पूरा करवाएंगे। इस अवसर पर ब्लॉक उपाध्यक्ष सरवन थापा, कांग्रेस सेवादल सोशल मीडिया संयोजक विक्रमजीत शर्मा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनीश माटा, बीडीसी उपाध्यक्ष विपन डोगरा, जिला परिषद सदस्य व महिला कांग्रेस अध्यक्ष निशा चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार कश्यप ने भी संबोधित किया।

इस बैठक में बैठक में ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस , युवा इंटक, सेवादल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा भारत निर्माण की दिशा में काम किया है और यह पार्टी संसदीय लोकतंत्र और समानता पर आधारित है। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का उद्देश्य जनता का कल्याण और देश के लोगों की प्रगति है।



कांग्रेस पार्टी के 139वें स्थापना दिवस के दौरान मौजूद कांग्रेसी कार्यकर्ता।

## छात्रों को बताए यातायात के नियम

**डाडासीबा।** बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में एनएसएस यूनिट द्वारा आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठें दिन गुरुवार को डाडासीबा पुलिस चौकी से सब-इंस्पेक्टर एवं चौकी प्रभारी किशोर चंद ने रिसोर्स पर्सन के तौर पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर खेम चंद ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें तकनीक के इस युग में नई-नई तकनीक को सावधानी पूर्वक इस्तेमाल में लाना चाहिए और उनकी पूरी जानकारी हासिल करनी चाहिए, ताकि किसी भी तरह की ऑनलाइन ठगी से बचा जा सके। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने यातायात के नियमों का पालन करने और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर जतिंद्र कुमार ने रिसोर्स पर्सन सब-इंस्पेक्टर एवं चौकी प्रभारी किशोर चंद को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।

**कार्यक्रम** वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान स्टूडेंट्स पर बरसे इनाम

# डीसीएस के छात्रों ने नाटी पर मचाया धमाल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

उपमंडल देहरा के तहत लोअर सुनहेत में वीरवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में देहरा विधायक होशियार सिंह मुख्यातिथि व डीएसपी ज्वालामुखी विकास धीमान विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम मुख्यतिथि द्वारा माता सरस्वती की तस्वीर के आगे दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुवात की तदोपरांत कार्यक्रम की भव्य शुरुआत हुई।

कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें विभिन्न राज्यों के कल्चर को प्रोमोट किया गया साथ ही सबसे पहले नवमी ओर दसवीं कक्षा की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी उपरांत आठवीं कक्षा के छात्रों द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति पेश की। वहीं, तीसरी कक्षा के छात्रों द्वारा जोकर डांस, चौथी के छात्रों द्वारा आर्मी सांग पर नाच, सातवीं कक्षा द्वारा माइम शो तदोपरांत हिमाचल प्रदेश का नाटी नाच, हरियाणा का फॉल्क नाच, पंजाब का गिद्दा, जम्मू का डोगरी, उत्तराखंड का शरारा सहित अन्य राज्यों की मनमोहक प्रस्तुति स्कूली छात्रों द्वारा दी गई। कार्यक्रम में हिमाचली नाटी ने वहां उपस्थित जनता का दिल मोह लिया। वहीं, स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉक्टर प्रवीण राजपूत द्वारा सभी अतिथियों का आने पर स्वागत व अभिनंदन किया। स्कूल की प्रधानाचार्य गुंजन परमार द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर सुनाई, जिसमें अव्वल रहे छात्रों को ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया गया।

विधायक देहरा ने कहा कि एनुअल डे हर एक छात्र के लिए खास दिन होता है जहां बच्चे सीखने के साथ सिखाते भी है बच्चों के लिए यह सबसे बेहतरीन मंच हैं। इस दौरान दिल्ली कान्वेंट स्कूल ज्वालामुखी के प्रधानाचार्य सुरेश शर्मा, सुरानी से निशित शर्मा, अंब से रश्मि राजपूत सहित ग्राम पंचायत लोअर सुनहेत प्रधान आशा कुमारी आदि उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक होशियार सिंह का स्वागत करती छात्राएं।

# लोकसभा चुनावों के लिए कार्यकर्ता कस लें कमर

**अनंत ज्ञान, डरोह**

सुलह में संजय सिंह चौहान अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुलह की अध्यक्षता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के स्थापना दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुलह के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सभा आयोजित की गई।

इस सभा का मुख्य उदेश्य राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को बधाई संदेश देना था और कार्यकर्ताओं में ऊर्जा प्रवाहित करना था। संजय सिंह चौहान ने कहा कि सुलह विधानसभा का क्षेत्रफल बहुत विस्तृत है जिसमें एक ओर नदी नाले हैं तथा दूसरी ओर शुष्क ठंडा इलाका है। एक लाख दस हजार वाली यह विधानसभा जनसंख्या के आधार पर भी हिमाचल में सबसे बड़ी विधानसभा है, अतः कांग्रेस प्रत्याशी को भी सबसे अधिक मतों से जिताना हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य होगा। इसलिए आगामी लोकसभा चुनावों में आज से ही जुटना पड़ेगा। संजय चौहान ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि पिछले दोनों ही नुमाइंदों ने प्रगति को लेकर पूरी विधानसभा में कोई भी कार्य नहीं किया, जिसका खामियाजा आज सुलह की जनता को भुगतना पड़ रहा है। अंत में संजय सिंह चौहान ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुझे संतोष है कि हर कोई ईमानदारी और कर्मठता से कार्य कर रहा है।

# रिसर्च स्कॉलर प्रिया और डॉ. शिवराम राव को मिला स्कॉलरशिप सीड अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**


डॉक्टर शिवराम।


प्रिया कुमारी।

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग की रिसर्च स्कॉलर प्रिया और डॉ. शिवराम राव के (एसोसिएट प्रोफेसर, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय) को ओआरएफजी (ओपन रिसर्च फंडर्स ग्रुप) का 4980 अमेरिकी डॉलर की राशि (लगभग साढ़े चार लाख) का ओपन स्कॉलरशिप सीड अवार्ड प्राप्त हुआ है।

विभाग को पहली बार इस तरह का स्कॉलरशिप सीड अवार्ड प्राप्त हुआ है। प्रिया और डॉ. शिवराम राव के अनुसार इस फंडिंग का उपयोग अकादमिक समुदाय के बीच ओपन एक्सेस और ओपन साइंस को आगे बढ़ाने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए किया जाएगा, जिससे वे अपने संस्थानों और समुदायों के भीतर ओपन साइंस के समर्थक बन सकें। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण सह कार्यशाला भारत के विभिन्न हिस्सों में आयोजित की जाएगी।

इसमें ओपन- एक्सेस प्रकाशन के मौलिक सिद्धांतों और व्यावहारिक पहलुओं, ओपन एक्सेस मॉडल (जैसे, गोल्ड, ग्रीन और हाइब्रिड ओपन एक्सेस), ओपन पब्लिक लाइसेंसिंग जैसे क्रिएटिव कॉमन्स लाइसेंस, ओजेएस (ओपन जर्नल सिस्टम) जैसे ओपन प्रकाशन प्लेटफार्मों का उपयोग करना, ओपन-एक्सेस प्रकाशन में उच्च संपादकीय और नैतिक मानकों को बनाए रखने का महत्व आदि प्रक्रिया का मार्गदर्शन करना होगा।

### राजनीतिक रैलियों समेत सभी बड़े समारोह इस मैदान पर होते है आयोजित, जमीन को समतल करने से बढ़ सकता है स्पेस

# बड़े आयोजनों को छोटा पड़ने लगा पुलिस मैदान धर्मशाला

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

आजादी तथा विभाजन से पहले लाहौर के बाद शिक्षा का केंद्र रहा धर्मशाला अब खेलों तथा पर्यटन का भी केंद्र बन चुका है। वहीं, यहां हो रहे बड़े आयोजनों को लेकर ज्यादातर प्रयुक्त होने वाले पुलिस ग्राउंड की भूमिका अहम रही है। पर्यटन नगरी धर्मशाला में आए दिन इंटरनेशल इवेंट हो रहे हैं।

वहीं, जब भी यहां कोई बड़ा इवेंट होता है तो उसमें पुलिस ग्राउंड की भूमिका भी बराबर की रहती है। यानी धर्मशाला में कोई इवेंट हो धर्मशाला का पुलिस ग्राउंड उसकी मेजबानी करता नजर आता है। किसी भी पार्टी की रैली हो या फिर दूसरे सांस्कृतिक कार्यक्रम इसी मैदान में होते हैं। यहां तक कि धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में होने वाले क्रिकेट मैचों के दौरान पुलिस ग्राउंड को पार्किंग के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इतने बड़े मैदान को और खुला करने की जरूरत अब महसूस होने लगी है। शहर के प्रबुद्ध लोगों का मानना है कि कॉलेज रोड के साथ लगते हिस्से में झाड़ियां आदि उगी हुई, जबकि डीआईजी आफिस के साथ लगता हिस्सा ऊबड़-खाबड़ बेकार पड़ा हुआ है। बेकार पड़ी इस जमीन को समतल किया जाए तो मैदान का दायरा और बढ़ जाएगा, जिससे यहां पर स्पेस काफी खुल जाएगा। लोगों का कहना है कि झाड़ियों और साथ लगती बेकार पड़ी इस बहुमूल्य जमीन के टुकड़े को समतल किया जाना बेहद जरूरी हो गया है। हालांकि यह मैदान पुलिस विभाग के अधीन है, ऐसे पुलिस विभाग को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। (अनंत ज्ञान)


पर्यटन नगरी धर्मशाला में स्थित इस एरिया को समतल करने बढ़ पर सकता है ग्राउंड का दायरा

▶ अब खेलों और पर्यटन का केंद्र बन चुका है पुलिस ग्राउंड धर्मशाला

▶ ग्राउंड का दायरा बढ़ने से युवाओं के साथ-साथ प्रशासन को भी मिलेगी सुविधा

### बेकार पड़ी जमीन को किया जाए समतल

**वहीं,** कॉलेज रोड के साथ लगते हिस्से में झाड़ियां आदि उगी हुई, जबकि डीआईजी आफिस के साथ लगता हिस्सा ऊबड़-खाबड़ बेकार पड़ा हुआ है। बेकार पड़ी इस जमीन को समतल किया जाए तो मैदान का दायरा और बढ़ जाएगा।

### बच्चे रोजाना करते हैं प्रैक्टिस

**पुलिस** ग्राउंड धर्मशाला बड़े इवेंट के अलावा शहर के बच्चों के लिए प्रैक्टिस करने में भी काफी फायदेमंद है। सुबह-शाम को कॉलेज और स्थानीय बच्चे यहां पर प्रैक्टिस करते हैं। इसके अलावा यहां बैडमिंटन-बास्केटबाल का कोर्ट भी बना हुआ है।

### दायरा बढ़ाने की है जरूरत

**पुलिस** भर्ती में भी यहीं मैदान आता है काम शहर के बीचोंबीच और सबसे बड़े मैदानों में शुमार इस ग्राउंड में पुलिस की भर्ती भी की जाती है। इसलिए समय के अनुसार इस मैदान का दायरा और बढ़ाने की जरूरत महसूस होने लगी है।

### क्या बोलीं, एसपी शालिनी अग्निहोत्री

**इस** बारे में जब एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री से बात की गई तो उन्होंने कहा कि पुलिस मैदान शहर के सेंटर में है। बड़े-बड़े इवेंट में इसे इस्तेमाल किया जाता है। विभाग कॉलेज रोड और डीआईजी आफिस के साथ लगती उबड़-खाबड़ जमीन को समतल कर इसका स्पेस बढ़ाने का प्रयास करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### प्राइमरी स्कूल बलधर में रोपी हरियाली

**नगरोटा बगवां।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय बलधर में स्कूल के सौंदर्यकरण हेतु हेल्पिंग हैंड क्लब द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्यतिथि नगरोटा बगवां के एसडीएम मुनीश शर्मा ने भाग लिया। इस अवसर पर क्लब के नरेश अमित, लोकेश, अंजु, आशीष, पंकज, अभिषेक, वार्ड पंच, एसएमसी सदस्य शामिल रहे। इस अवसर पर औषधीय गुणों आधारित पौधे रोपे गए।

### जदरांगल स्कूल में छात्रों को बांटे गर्म कपड़े


जदरांगल स्कूल में छात्रों को गर्म कपड़े बांटने का दौर।

**योल।** वीरवार को बड़ोई में राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला जदरांगल में आज रुद्र सेवा संगठन के द्वारा 45 स्कूली बच्चों को टोपियां, जुराबे, बिस्किट और फल बांटे गए। इसमें विद्यालय की हेड मास्टर चंपा कपूर, शिवानी चौधरी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी देवी और अन्य स्टाफ ने भरपूर सहयोग किया। पदर पंचायत के समाजसेवी और उपप्रधान बोबी गोस्वामी, समाजसेवी राम प्रसाद शर्मा, समाजसेवी संदीप शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### आधार कार्ड अपडेट करने को चलेगा अभियान

**धर्मशाला।** धर्मशाला डाक मंडल के धर्मशाला, भडवार, चचियां, चड़ी, डमटाल, दाड़ी, दरंग, हार चक्कियां, हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड, इंदौरा, कंदरोरी, मैक्लोडगंज, नुरपुर सलियाली, शाहपुर, पालमपुर, एयूसी, आलमपुर, बैजनाथ, भवाना, बीड़, चढ़ियार, चैबिन, डरोह, धीरा, जयसिंहपुर, खैरा, लंबागांव, मलखेहर, मारंडा, नौरा, पाहड़ा, पंचरूखी, पपरोला, राजपुर, तारागढ़, थुरल में आधार कार्ड अपडेट करने तथा नए आधार कार्ड बनाने की सुविधा प्रदान की जाएगी। यह जानकारी अधीक्षक डाकघर धर्मशाला मंडल रविंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि एक जनवरी से लेकर तीन जनवरी तक लोगों को यह सुविधा दी जाएगी।।

### टंग नरवाणा में सजा वित्तीय साक्षरता कैंप

**योल।** केंद्रीय सहकारी बैंक लि शाखा टंग नरवाणा द्वारा नाबार्ड द्वारा प्रायोजित वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन ग्राम पंचायत अंदराड में किया गया। इस अवसर पर बैंक के प्रबंधक रविन्द्र धीमान ने सरकार और नाबार्ड की सभी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सभी लोग अपने जीवन स्तर में सुधार कर सकते हैं। एटीएम और नेट बैंकिंग सुविधा से जुड़ सकते हैं। साथ ही सभी महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

### सुल्याली की कृतिका कर रही एमएनएस की ट्रेनिंग

**नूरपुर।** नूरपुर की पंचायत सुलयाली की बेटी कृतिका ने अपनी मेहनत से हासिल किया बड़ा मुकाम और रोशन किया अपने माता-पिता परिवार और गांव नाम। कृतिका ने शुरुआती पढ़ाई सुलयाली के रोज पब्लिक स्कूल में की और जमा दो सरकारी स्कूल से की है। उसके बाद नीट की परीक्षा की तैयारियों को लेकर कोचिंग शिमला से ली। कृतिका नीट की परीक्षा में मेरिट आई और एमएनएस के चुनी गई और बगलूरु कमांड एयरफोर्स अस्पताल में ट्रेनिंग कर रही। कृतिका ट्रेनिंग से कुछ दिनों की छुट्टी पर अपने गांव आने पर परिवार ने जताईं खुशी और सभी रिश्तेदारों गांव वासियों ने बधाई दी।

### टिल्लेश्वर महादेव मंदिर के सौंदर्यीकरण पर की चर्चा


टिल्लेश्वर महादेव मंदिर में अधिकारियों से चर्चा करते विनय धीमान।

**नगरोटा बगवां।** पर्यटन विभाग के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली के दिशा-निर्देश पर वीरवार को नगरोटा बगवां की ठारू पंचायत में टूरिज्म विभाग के डिप्टी डायरेक्टर विनय धीमान ने दौरा किया। इस दौरान अनके साथ पंचायत के प्रधान अजय कुमार व पंचायत सदस्य उनके साथ मौजूद रहे। डिप्टी डायरेक्टर ने टिल्लेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही डिप्टी डायरेक्टर विनय धीमान ने पंचायत प्रधान व सदस्य के साथ मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए चर्चा की। इस दौरान डिप्टी डायरेक्टर ने पंचायत सदस्यों को जल्द ही मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए सहयोग देना का आश्वासन दिया।

### अपने खर्चे से करवाया आंगनबाड़ी के भवन का निर्माण

**धर्मशाला।** बाल विकास परियोजना धर्मशाला के अंर्तगत ग्राम पंचायत रसहेड़ में शहीद रजनीश के परिजनों ने अपने खर्चेंसे आंगनबाडी केंद्र का भवन निर्मित कर मिसाल कायम की है। बाल विकास विभाग की ओर से इसका विधिवत उद्घाटन शहीद के पिता देशराज तथा माता के करकमलों से करवाया गया। यह जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मशाला रमेश कुमार ने देते हुए बताया कि अभी तक रसेहड़ आंगनबाड़ी का संचालन प्राथमिक स्कूल के कमरे में हो रहा था। तथा देशराज ने अपने शहीद बेटे रजनीश की स्मृति में भवन निर्माण का बीड़ा उठाया तथा स्वयं इस निर्माण कार्य का पूरा खर्चा उठाया है।

### पंचायत प्रधान के निधन पर जताया शोक

**पंचरुखी।** विकास खंड पंचरुखी के अंतर्गत आती पंचायत भरवाना की पंचायत प्रधान बीना देवी के आकस्मिक निधन पर पंचरुखी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बीना देवी एक निर्धन, किसान परिवार से संबंध रखती थी तथा एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता थी। मृदुभाषी व मिलनसार होने के चलते लोगों ने इन्हें दूसरी बार पंचायत प्रधान चुना था। हिमाचल प्रदेश पंचायती राज परिषद के खंड इकाई पंचरुखी के प्रवक्ता मंजीत डोगरा व ब्लॉक भाजपा प्रभारी प्रकाश चंद ने इनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि बिना देवी का आकस्मिक निधन पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा के लिए प्रार्थना की तथा कहा कि भगवान इस दुःख की घड़ी में परिजनों को दुख सहने की क्षमता प्रदान करें।

## टी ट्वेंटी चैलेंजर कप जनवरी से

**पालमपुर ।** पालमपुर स्पोर्ट्स कमेटी द्वारा पांचवां मीडिया क्रिकेट टी-टवेंटी चैलेंजर कप जनवरी 2024 में पालमपुर शहीद विक्रम बत्रा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पालमपुर स्पोर्ट्स कमेटी के अध्यक्ष मंजूर अहमद बबलू ने कहा कि इस टूर्नामेंट की शुरुआत 2018 में विक्रम बतरा स्टेडियम पालमपुर में हुई थी। यह टूर्नामेंट अपने आप में बहुत खास है क्योंक 36 वर्ष से ऊपर के खिलाड़ी खेल भाग लेते हैं। 2018 मे इस टूर्नामेंट की शुरुआत 8 टीमों के साथ हुई थी, लेकिन आज इसमें 12 टीमें भाग ले रही है। इस टूर्नामेंट में प्रेस इलेवन, पालमपुर वॉररियर्स, गोल्ड हिल क्लब डरोह, ट्रेकिंग टाइगर बंदला, कपूर वॉररियर्स टासी जोंग, वॉररियर्स नूरपुर, नगरी हिमालयन, एचपीएसईबी बोर्ड इलेवन, बार वॉररियर्स, भवारना ट्रेडर्स तथा जयसिंहपुर इलेवन आदि टीमें भाग लेगी।

## गढ़ जमूला स्कूल में धूमधान से मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह


गढ़ जमूला में वार्षिक पारितोषिक समारोह में छात्रों को सम्मानित करने का दौर।

**राकेश डोगरा, डरोह**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गढ़ जमूला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं विकास बैंक के अध्यक्ष संजय चौहान थे।

सबसे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। विभिन्न गतिविधियों में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरित किए गए। वहीं, मेहमानों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन राकेश गुलेरिया व सतीश राणा ने किया। समाजसेवी डॉ. आरआर भाटिया भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ध्रुव पटियाल ने सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जमा दो की सेजल ने पिछले वर्ष 94 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। दसवीं कक्षा की आस्था शर्मा ने 92 प्रतिशत अंक लेकर पहला स्थान हासिल किया। (अनंत ज्ञान)


पालमपुर। गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में नशामुक्ति का संदेश दिया गया। एंटी ड्रग ऑर्गेनाइजेशन नगरोटा के संस्थापक मनोज मेहता द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को नशा क्या है इसके लक्षण क्या है और इसकी गिरफ्त में आए व्यक्ति को बाहर निकालने के उपाय बताए। ऑर्गेनाइजेशन की मदद से नशे से मुक्त हुए लोगों ने मंच के माध्यम से विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। महाविद्यालय के निदेशक व प्रधानाचार्य डॉक्टर विवेक शर्मा ने नशे को रोकने के लिए आर्गेनाइजेशन की ओर से किए जा रहे कार्यों की सराहना की

## एमएलए केवल पठानिया ने बच्चों को बांटे स्वेटर

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने गुरुवार को कांग्रेस पार्टी का 139वां स्थापना दिवस अपनी पत्नी सुनंदा पठानिया व कार्यकर्ताओं के साथ राजकीय प्राथमिक पाठशाला रैत के बच्चों के साथ मनाया।

इस दौरान इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन व ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सुरजीत सिंह राणा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक व उनकी पत्नी ने स्कूल के बच्चों को स्वेटर भेंट किए। पठानिया इससे पहले शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के धारकंडी के 361 स्कूली बच्चों को स्वेटर बांट चुके है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवदत्त शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष अश्वनी चौधरी, नीना ठाकुर महिला कांग्रेस अध्यक्ष, सोशल मीडिया ब्लॉक अध्यक्ष विनय ठाकुर, ओएसडी आयुष विभाग सुनित पठानिया, सुरेश कुमार, लाल सिंह, अमर नाथ, इकवाल सिंह मिंटा, मुनीष पटियाल, सरिता सैनी आदि मौजूद रहे।

## कड़ोआ स्कूल में 'ढोल जगीरो दा'

### वार्षिक पारितोषिक समारोह में छात्रों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां

**शुभम शर्मा, देहरा**


कड़ोआ में वार्षिक पारितोषिक समारोह के दौरान प्रस्तुतियां देती छात्राएं।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कड़ोआ में वार्षिक को पारितोषिक समारोह बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। स्कूल प्रधानाचार्य श्याम मुरारी की अध्यक्षता मे आयोजित हुए समारोह में बतौर चीफ गेस्ट पहुंचें पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के बाइस चेयरमैन सुरेंद्र सिंह मनकोटिया का यहां पहुंचते ही छात्र-छात्राओं द्वारा गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने सरस्वति व गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति के साथ की।

इससे पश्चात आठवीं से प्लस टू तक के तमाम बच्चों ने ढोल जगीरो दा, पहाड़ी नाटी, झमाकड़ा राजस्थानी गिद्दा, पंजाबी भांगड़ा, बेटी है अनमोल, मोबाइल के कुप्रभाव व नशे के प्रति हास्य लघुनाटक की शानदार छाप छोड़कर पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट व सीटियों से गुंजमय हो गया। जमा एक व जमा दो कक्षा की छात्राओं ने जहां कांगड़ी झमाकड़े की दिलकश प्रस्तुति ने पंडाल में बैठे तमाम दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। वहीं, पंजाबी लिबास में सजी, इक ऊचा लंबा कद दूजा रूप तेरा चमचम करदा, जट दा पयजामा कूड़े ऊंचा हो गया, नी में नचां नचां अग बागूं नंचा आदि पंजाबी गीतों पर धमाल मचाई। (अनंत ज्ञान)

### कार्यक्रम में होनहारों पर बरसे इनाम

**प्रिंसिपल** श्याम मुरारी ने अपने स्कूल की गतिविधियों व मेरिट लिस्ट सहित खेलकूद प्रतियोगिता में मैदान मार चुके होनहार छात्रों की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। वहीं, कार्यक्रम के अंत में चीफ गेस्ट सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने तमाम होनहार छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह आदि इनाम बांट कर सम्मानित किया।

## उपेंद्र शर्मा ने संभाला कार्यभार

**जयसिंहपुर।** राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार का तबादला बुधवार को थुरल महाविद्यालय होने के बाद, वीरवार को कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में नए प्राचार्य प्रोफेसर उपेंद्र शर्मा ने पदभार संभाल लिया है। नए प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय में बीसीए पीजीडीसीए जैसे रोजगार कोर्स को आने वाले सत्र से प्रारंभ करने का पूरा प्रयास किया जाएगा, ताकि जयसिंहपुर क्षेत्र के बच्चों को इनकी पढ़ाई के लिए बाहर न जाना पड़े। शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक दोनों तरह की गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने का ध्येय लेकर हम आगे बढ़ेंगे। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से भी जल्द ही महाविद्यालय का मूल्यांकन करवाकर अच्छा ग्रेड प्राप्त करने का लक्ष्य है। बहरहाल, वीरवार को कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में नए प्राचार्य प्रोफेसर उपेंद्र शर्मा ने पदभार संभाल लिया है।

## गरली बाल स्कूल के 15 मेधावियों को बांटे टैबलेट


कार्यक्रम के दौरान होनहार छात्र टैबलेट्स के साथ सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, गरली**

वर्ष 2021-22 की बोर्ड परिक्षा मे राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली के टॉप रहे दसवीं व प्लस टू के 15 मेधावी छात्रों को लैपटॉप मिले है जो कि इलाके के लिए बड़े गर्व की बात है।

वहीं, इस शानदार सफलता का श्रेय स्कूल प्रधानाचार्य अनिरुद्ध शर्मा ने मेहनती टीचर स्टाफ व उक्त छात्रों की काबलित पर दिया है। जानकारी देते स्कूल प्रधानाचार्य अनिरुद्ध शर्मा ने बताया कि गरली के उपरोक्त मेधावियों को यह इनाम गुरुवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रक्कड़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौके पर बतौर चीफ गेस्ट पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया द्वारा टैबलेट का वितरण किया गया। इसमें दसवीं कक्षा के भारती, अंशिका धीमान, महक, जयदाता साहिल ठाकुर, सिया, अंजलि, महक, शिवांगी शर्मा, ऋषभ धीमान, आर्यन, अंकित शर्मा तथा 12वीं के रिया धीमान, नीरज ठाकुर ने टैबलेट प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया स्कूल प्रधानाचार्य अनिरुद्ध शर्मा ने बच्चों का बधाई दी।

**समारोह** | कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने 180 होनहारों को बांटे टैबलेट

# रक्कड़ स्कूल में पंजाबी गानों पर थिरके स्टूडेंट्स

**अनंत ज्ञान, डाडसीबा**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रक्कड़ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह वीरवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आगाज वंदे मातरम और स्वागत गीत के साथ मुख्यातिथि द्वारा सरस्वती मां के आगे दीप प्रज्वलित कर हुआ। वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने शिरकत की। स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल डोगरा और एसएमसी प्रधान संजीव कुमार सहित स्कूल स्टाफ सदस्यों ने मुख्यातिथि सुरेंद्र मनकोटिया को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा हिमाचली, पंजाबी, पहाड़ी और बॉलीवुड गानों पर एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। प्रियांशी और सहेलियों ने स्वागत गीत, अदिति व सहेलियों ने गिद्दा, प्रियांशी, पलक, जतिन, पायल, सानिध्या ने भांगड़ा पेश कर खूब वाहवाही बटौरी। वहीं, छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत पर लघु नाटक पेश कर समस्त दर्शकों को देश भक्ति के रंग में रंग दिया। मुख्यातिथि सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत करीब 180 मेधावी छात्र-छात्राओं को टैब भी वितरित किए। इस दौरान गरली स्कूल(बाल) के प्रधानाचार्य अनिरुद्ध शर्मा, प्रिंसिपल कमल पटियाल, रक्कड़ थाना प्रभारी गुरदेव सिंह, मंच संचालक सतिंद्र सोढ़ी, अध्यापक राजेंद्र कुमार, अध्यापिका कंचन वाला, डॉक्टर राजेश शर्मा, समाजसेवी प्रकाश शर्मा और बच्चों के अभिभावकों सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।


वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान अपनी बारी का इंतजार करते रक्कड़ स्कूल स्टूडेंट्स।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

**इस** दौरान गरली स्कूल(बाल) के प्रधानाचार्य अनिरुद्ध शर्मा, प्रिंसिपल कमल पटियाल, रक्कड़ थाना प्रभारी गुरदेव सिंह, मंच संचालक सतिंद्र सोढ़ी, अध्यापक राजेंद्र कुमार, अध्यापिका कंचन वाला, डॉक्टर राजेश शर्मा, समाजसेवी प्रकाश शर्मा और बच्चों के अभिभावकों सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मूमता टीम ने दो रन से जीता क्रिकेट मैच

**नगरोटा बगवां।** एक महीने तक चलने बाले ग्रामीण विकास खेल एकता मैदान नोरा में क्रिकेट ट्रॉफी के मुकाबले के पांचवें दिन का मूमता व खोली टीम के बीच हुआ। खोली टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। निर्धारित ओवर में मूमता टीम ने 117 रनों का लक्ष्य खोली टीम को दिया। जोकि मात्र दो रन से पिछड़ गई। दोनों ओर से जीत के लिए खूब पसीना बहाया गया। इसमें मूमता टीम ने जीत हासिल कर के दूसरे दौर के लिए जगह पक्की कर ली। दर्शकों ने मैच का खुले मैदान में खिली धूप के बीच खूब आनंद उठाया। यह जानकारी मैच टूर्नामेंट संयोजक विशाल, सुशांत, मुन्नू,अमन ब साथियों ने सांझा की। उन्होंने बताया कि आजकल युवा राह भटके रहे हैं व चिट्टे जेसे जानलेवा नशे का शिकार हो रहे हैं । यह अति गंभीर मसला है। हमारा लक्ष्य युवाओं को कुरीतियों और नशों से बचाना है इसलिए समय समय पर खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बहरहाल, मूमता की टीम ने जीत हासिल कर के दूसरे दौर के लिए जगह पक्की कर ली।

शुभकामनाएं



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के शिमला–सोलन संस्करण के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान टीम को अनंत शुभकामनाएं।
-धर्मपाल गौतम, कृषि उपनिदेशक सोलन



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
-सुभाष शर्मा, पुजारी, हनुमान मंदिर, द माल रोड, सोलन



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के शिमला–सोलन संस्करण के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान टीम को अनंत शुभकामनाएं।
-अनुज गुप्ता, संगीता रेडियोज, द माल रोड, सोलन



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
-हरीश वर्मा, सिने स्टूडियो, द माल रोड, सोलन

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के शिमला–सोलन संस्करण के शुभारंभ पर हार्दिक शुभकामनाएं
Save More Supermarket
Pramod Chauhan
Deals in:- Food & Grocery, Cosmetics, Crockery, Plastic Items Dairy & Confectionary, Frozen, Gift Items
Near P.G. College Rajgarh Road, Solan (H.P.) 173212
E-mail: pramodchauhan1980@gmail.com
Mob. 89850-24000, 94180-61666

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के शिमला– सोलन संस्करण के शुभारंभ पर हार्दिक शुभकामनाएं
Inudip
Be Job- Ready in High Tech Careers in just 18 weeks
Deep Tech is an 18-week job training to prepare you for advance software development careers.
Eligibility Criteria
BCA, BSC (IT/Computer Science) MCA, MSC (IT/Computer Science), BE (Any Stream)
8888888888/888888888
RK Tower,2nd floor, Khundidhar, Samti, Rajgarh Road,Solan, HP, Mob.98056-45629

Success मंत्रा Academy
POLICE ARMY JBT/LT HPTET/CTET KVS APS TGT COMMISSION HPPSC HPSSSB FOREST GUARD SSC
Manoj Rajguru
Parmanchal Complex, Near Veterinary Hospital, Rajgarh Road, Kotlanala, Solan (H.P.)
Ph.:- 98570-11422, 88946-84120, 75600-11422

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के शिमला– सोलन संस्करण के शुभारंभ पर हार्दिक शुभकामनाएं
Pramod Sahni (Sparsh)
A complete Outdoor Advertisement Solution
Cut - Print - Engrave
- Solvent Printing
- Eco-Solvent Printing
- Vinyl Printing
- Flex Printing
- Lazer Cutting
- MDF Jaali
- 3D Doors & Pannels
- Lazer Engraving
- Standies
- LED Board
- ACP Board
Sahni Graphics
A Unit of Sh. Chunni Lal Sahni
Opp. Syndicate Bank, Rajgarh Road, Kotla Nala, Solan ( H.P.) 173212
Con: +91 9816161601, +91 9218181801
e-mail: sahnigraphicshp@gmail.com, www.sahnigraphics.com

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के शिमला–सोलन संस्करण के शुभारंभ पर हार्दिक शुभकामनाएं
मोहित भारद्वाज (बंटी)
भगवती प्रॉपर्टीज
व्यास भवन, कोटलानाला, सोलन

# कूड़े-कचरे से कमाई : थानाधार पंचायत में लगाया सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट

## आदर्श पंचायत के रूप में उभर रही पंचायत, प्लास्टिक अपशिष्ट व जैविक खाद बनाकर बढ़ाएंगे आय

**अनंत ज्ञान, कुमारसैन**

उपमंडल कुमारसैन के अंतर्गत थानाधार पंचायत एक आदर्श पंचायत के रूप में उभर रही है। पंचायत की आय बढ़ाने के साथ साथ, पंचायत में स्वच्छता बनाए रखना और युवाओं की फिटनेस का भी पूरा ख्याल रखा गया है। स्वच्छ भारत मिशन को ध्यान में रखते हुए थानाधार पंचायत ने पंचायत की स्वच्छता को गंभीरता से लेते हुए पंचायत में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाया है।

पंचायत ने सूखा और गीला कचरा प्रबंधन संयंत्र लगा कर कचरे से कमाई का एक प्रोजेक्ट तैयार किया है, जो अन्य पंचायतों के लिए भी एक मिसाल है। थानाधार पंचायत के प्रधान संदीप शरोल, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों के साथ पिछले एक वर्ष से इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में जुटे रहे। थानाधार पंचायत के प्रधान संदीप शरोल ने बताया कि इस सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट पर लगभग 28 लाख रुपए खर्च हुए हैं, जहां गीला व सूखा कचरे का निपटारा किया जाएगा।





सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट से थानाधार पंचायत की आय को बढ़ाने के होंगे प्रयत्न।

उन्होंने बताया कि आर्गेनिक कचरे से प्रतिदिन 300 किलोग्राम खाद तैयार की जा सकेगी, जिसे स्थानीय किसानों, बागवानों को बेचा जाएगा। इसके अतिरिक्त प्लास्टिक कचरे के निष्पादन से तैयार उत्पाद को उद्योगों को बेचा जाएगा। एक गाड़ी प्लास्टिक कचरा से लगभग 60 हजार रुपए की आय होगी। इससे पंचायत को आय होगी। इस संयत्र में न केवल थानाधार बल्कि कोटगढ़ क्षेत्र की छह पंचायतों से कचरा एकत्रित कर, यहां प्रोसेस किया जाएगा।

शरोल ने उम्मीद जताई है कि यह प्लांट क्षेत्र में कचरे कि समस्या के निदान में बड़ी भूमिका निभाएगा। इसके लिए उन्होंने पंचायत के प्रत्येक परिवार को सूखे और गीले कचरे के लिए दो डस्टबिन निशुल्क दिए हैं और उन्हें गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कूड़ेदान में डालने के प्रति जागरूक किया गया है।

### होम स्टे भी बनकर तैयार, जल्द होगा शुरू

**स्वच्छता** को लेकर थानाधार पंचायत को कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं। युवाओं की फिटनेस को ध्यान में रखते हुए थानाधार पंचायत घर में एक आधुनिक जिम भी बनाया है। पंचायत ने अपना पिकअप वाहन भी खरीदा है। थानाधार पंचायत ने आय बढ़ाने के लिए कई संसाधन जुटाए हैं। यही नहीं टूरिस्ट डेस्टिनेशन होने के चलते थानाधार पंचायत में होम स्टे के तहत तीन सैट भी बनाए जा रहे हैं, जो लगभग बनकर तैयार हैं। और होम स्टे शुरू होने से भी पंचायत में कमाई का एक और साधन जुटेगा।

# नप बद्दी को आज मिलेगा नया उपाध्यक्ष, कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नगर परिषद बद्दी को आज नया उपाध्यक्ष मिलेगा। शुक्रवार को दोनों दलों को अपना बहुमत साबित करना होगा। इसी दिन कोरम नहीं बल्कि बहुमत के साथ जो भी दल पहुंचेगा, उसका उपाध्यक्ष पद पर कब्जा होगा। भाजपा व कांग्रेस समर्थित पार्षद अपना उपाध्यक्ष बनाने के लिए मैदान में पूरा जोर लगा रहे हैं। एसडीएम नालागढ़ दिव्यांशु सिंघल ने बताया कि बीते दिन कोरम अधूरा होने के चलते चुनावी प्रक्रिया को रद्द करते हुए 29 दिसंबर का दिन बहुमत साबित करने के लिए तय हुआ है।

उन्होंने बताया कि नियमानुसार चुनावी प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। गौरतलब है कि बीते दिन बुधवार को प्रशासन की तरफ से चुनावी प्रक्रिया को शुरू किया गया जिसमें कोई भी पार्षद नहीं पहुंचा था, जिसके बाद प्रशासन ने 29 दिसंबर को बहुमत साबित करने का दिन तय किया।

**ड्यूटी में लापरवाही बरतने के चलते खाली हुआ था उपाध्यक्ष का पद**

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले नगर परिषद बद्दी के उपाध्यक्ष को ड्यूटी में लापरवाही बरतने के मामले में सस्पेंड कर दिया था। मौजूदा समय में कांग्रेस के पास चार व भाजपा के पास चार पार्षद हैं और एक आजाद पार्षद है। ऐसे में कांग्रेस के पास विधायक का अतिरिक्त वोट उन्हें बहुमत दिला सकता है।

दून कांग्रेस व भाजपा में उपाध्यक्ष पद को लेकर जमकर खींचतान चल रही है। अभी परिषद में कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष का कब्जा है। अब शुक्रवार को फैसला होगा कि किसके पास उपाध्यक्ष पद की कमान जाती है।

### थेमगरंग स्कूल में पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

# छात्रों ने गानों पर लगाए ठुमके



थेमगरंग में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान मौजूद गणमान्य।

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

राजकीय उच्च पाठशाला थैमगारंड (सांगला) व प्राथमिक पाठशाला बोनिंग सरिंग ने संयुक्त रूप से उच्च पाठशाला थेमगरंग में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में हरीश चंद नेगी रिटायर्ड डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर मुख्याध्यापक कुमार सिंह नेगी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

नेगी ने बताया कि स्कूल के तीन छात्र जिले के सरकारी स्कूल में प्रथम तीन स्थानों पर रहे। दसवीं परीक्षा में सोनाक्षी ने 92 प्रतिशत, साक्षी ने 90 प्रतिशत, किंजल ने 89 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल के छात्र हर्षित कुमार का चयन महाराष्ट्र में आयोजित हो रही नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने स्कूल के विकास के लिए तीस हजार रुपए दिए। इस अवसर पर दीप कुमार उपप्रधान थेमगरंग, पूर्व प्रधान भगत चंद नेगी, एसएमसी अध्यक्ष चंद किशोर, किशोर कुमार, एचटी प्राथमिक पाठशाला बोनिंग सरिंग देव राज नेगी, श्याम रतन, जितेंद्र, सितेंद्र नेगी संदीप कुमार, सीमा नेगी, राजेश्वरी नेगी, कमल भंडारी, राम सिंह नेगी, यशवीर नेगी सहित स्कूल स्टाफ व अभिभावक उपस्थित थे। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने किन्नौरी लोक नृत्य, पहाड़ी डांस की प्रस्तुति दी। (अनंत ज्ञान)

### उपरोजगार कार्यालय बद्दी स्थानांतरित

**बीबीएन।** उपरोजगार कार्यालय बद्दी को अब मॉडल करियर सेंटर बद्दी में स्थानांतरित कर दिया गया है। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन संदीप ठाकुर ने दी। उन्होंने कहा कि उपरोजगार कार्यालय बद्दी जो स्वराज माजरा वार्ड-पांच तहसील बद्दी में था, जिसका स्थान बदलकर नवनिर्मित मॉडल करियर सेंटर बद्दी के भवन हरिपुर संडोली नजदीक गुरुद्वारा में स्थानांतरित कर दिया गया है।

### बिगरी-धामी में केसर की महक

**रिकांगपिओ।** बागवानी प्रौद्योगिकी संस्थान ने शिमला के गांव बिगरी, धामी में केसर की सफलतापूर्वक खेती की है। यह भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से संभव हुआ है।

केसर का पौधा कॉर्म के माध्यम से वानस्पतिक प्रसार के माध्यम से प्रचारित होता है।

# सफलता के लिए 'ज्ञान' अर्जित करें छात्र



मां सरस्वती की मूर्ति का अनावरण करते सीपीएस संजय अवस्थी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, अर्की**

लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग देख रहे मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में भविष्य की चुनौतियों को सफलतापूर्वक पार करने के लिए वास्तविक अर्थों में ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है। संजय अवस्थी आज सोलन के राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, अर्की में आयोजित कॉलेज फेस्ट (सृजन) एक युवा उत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने इससे पूर्व महाविद्यालय परिसर में मां सरस्वती की मूर्ति का अनावरण किया। उन्होंने डिजिटल गेट व साइबर कैफे का लोकार्पण भी किया। मुख्य संसदीय सचिव ने 5जी नेटवर्किंग तकनीशियन कौशल पाठ्यक्रम का शुभारंभ भी किया।

मुख्य संसदीय सचिव ने छात्रों से आग्रह किया कि वे पढ़ाई तक सीमित न रहें बल्कि भविष्य की चुनौतियों को अवसर में बदलने के लिए हर क्षेत्र का ज्ञान रखें।

संजय अवस्थी ने कहा कि राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अर्की में फाइन आर्ट्स की कक्षाएं आरंभ करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने महाविद्यालय में मैदान के विस्तारीकरण और सभागार के निर्माण के लिए प्रारूप के अनुसार बजट के प्रावधान की घोषणा की। उन्होंने महाविद्यालय में वनस्पति शास्त्र के प्राध्यापक के रिक्त पद को भरने का आश्वासन भी दिया। मुख्य संसदीय सचिव ने आयोजन समिति को अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए देने की घोषणा की।

संजय अवस्थी ने इस अवसर पर छात्रों द्वारा लगाए गए फूड स्टॉल, हस्त निर्मित उत्पाद, स्केच पेंटिंग आदि का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं।

नगर पंचायत अर्की के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनुज गुप्ता, नगर पंचायत अर्की की पार्षद रुचि गुप्ता, जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सीडी बंसल, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष हेमंत वर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

**समारोह** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निगुलसरी के भवन के उद्घाटन पर बोले मंत्री नेगी

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर सरकार दे रही बल

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने अपने सात दिवसीय किन्नौर प्रवास के प्रथम दिन एक करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से निर्मित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भवन निगुलसरी का उद्घाटन किया व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निगुलसरी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने निगुलसरी स्कूल की वार्षिक पत्रिका हिम रश्मि का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि जिला किन्नौर में आदर्श विद्यालय खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समस्त प्रदेश सहित जनजातीय जिलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार का विकास प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में किया जा रहा है, उसी प्रकार का विकास जनजातीय जिला किन्नौर में भी किया जाएगा।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निगुलसरी के भवन का उद्घाटन करते जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी।

प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने मंत्री व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। निगुलसरी स्कूल में विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भवन निगुलसरी के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री ने स्कूल को खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की व पंचायतीराज संस्थाओं के विभिन्न प्रतिनिधियों की ओर से 30 हजार रुपए की राशि दी गई।

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री ने निगुलसरी में एक करोड़ दो लाख रुपए की लागत निर्मित सराय भवन का भी उद्घाटन भी किया। इसके उपरांत उन्होंने एसजेवीएन डेम नाथपा के समीप तीन करोड़ की लागत से निर्मित 200 फुट बैली पुल का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर किनफैड अध्यक्ष चंद्र गोपाल नेगी, उपनिदेशक कुलदीप नेगी व तहसीलदार निचार चंद्र मोहन भी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों के बनाए साइंस मॉडल सराहनीय



विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के बनाए मॉडल देखते लोग।

**श्रीरेणुका जी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटी धीमान में यूथ एंड इको क्लब ने साइंस एग्जीबिशन लगाई। प्रदर्शनी में एसएमसी के अध्यक्ष यशपाल तोमर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने बच्चों के द्वारा बनाए मॉडल की तारीफ की तथा स्कूल के विज्ञान अध्यापक सुभाष ठाकुर की सराहना की। स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने भी बच्चों के कार्य की सराहना की।

### राजगढ़ कॉलेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में महान गणितज्ञ एस रामानुजन की स्मृति में गणित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आदित्य धीमान बीएससी द्वितीय, आदित्य बीएससी तृतीय एवं प्रशांत बीएससी तृतीय की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। समारोह में एक वृत्तचित्र भी दिखाया गया, जिसमें एस रामानुजन के जीवन एवं उनके शोध कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वनस्पति विज्ञान के असिटैंट प्रोफेसर डॉ. पंकज शर्मा, रसायन विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभिषेक कुमार आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### श्रीमद् भागवत जीवन का सार : आचार्य सुभाष

**राजगढ़ ।** श्रीमद् भागवत कथा जीवन का सार है। इसका श्रवण और अनुसरण करने से व्यक्ति के जीवन में आने वाली समस्याओं का समाधान सरलता से हो जाता है। यह बात आचार्य सुभाष चंद शर्मा ने उपतहसील पझोता के गिरि गंगा व पताला नदी के संगम स्थल संगमेश्वर मंदिर व स्माधी स्थल नेरीपुल में आयोजित किए गए श्रीमद् भागवत कथा के प्रवचन में कही। श्रीमद् भागवत के अंतिम दिन सांसद सुरेश कश्यप व चौपाल बलवीर वर्मा ने भी कथा श्रवण किया। इस भागवत कथा का समापन स्वामी श्यामा नंद जी के समाधी स्थल पर पूजन व यज्ञ व भंडारे के साथ किया गया।

### राजगढ़ में श्रीराम के जयकारों का उद्घोष



राजगढ़ में अक्षत व कलश की शोभायात्रा निकालते लोग।

**राजगढ़।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण स्वरूप पूजित अक्षत व कलश वीरवार को राजगढ़ पहुंचा, जहां पर क्षेत्र के सभी संगठनों ने शिरगुल चौक के पास पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ पूजित कलश व अक्षत का स्वागत, पूजन व अभिनंदन किया गया। इसके बाद पारंपरिक वाद्य यंत्रों की देव धुनों के साथ विजय श्री मंत्र व श्री राम भगवान के जयकारों का उद्घोष करते हुए श्री राम भक्तों की टोली पुराना बस स्टैंड होते हुए शिरगुल मंदिर राजगढ़ पहुंची, जहां पर बीज मंत्रों के साथ पूजित कलश की स्थापना की गई, तत्पश्चात सभी भक्तजनों को भगवद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर सांसद सुरेश कश्यप सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### लोक मित्र केंद्रों में भी हो मोबाइल नंबर लिंक

**राजगढ़।** राजगढ़ क्षेत्र में लगभग 20 हजार रसोई गैस उपभोक्ता हैं। यहां रसोई गैस उपभोक्ताओं को अपने गैस कनेक्शन के साथ मोबाइल नंबर लिंक करने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । अपडेट प्रक्रिया सुबह 10 से दोपहर डेढ़ बजे तक चलती है। इस कारण काफी लोगों को नंबर अपडेट किए बिना ही वापस जाना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि राजगढ़ गैस एजेंसी में स्टाफ की कमी है। इस अपडेट की प्रक्रिया को लोकमित्र केंद्रों में लोगों की सुविधा के लिए उपलब्ध करवाया जाना चाहिए। गैस एजेंसी इंचार्ज कुलदीप वर्मा ने बताया कि लोगों की काफी ज्यादा तादाद होने की वजह से अब इस अपडेट प्रक्रिया की तिथि को बढ़ाया गया है, जिसे 10 जनवरी किया गया है।

### बहराल स्कूल के छात्रों ने की एफआरआई की सैर



एफआरआई में आयोजित कार्यक्रम में बहराल स्कूल के बच्चे।

**पांवटा साहिब।** राजकीय उच्च विद्यालय बहराल के विद्यार्थी शिक्षकों के साथ भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून पहुंचे। भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून में जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटी जाने वाली छात्रवृत्ति में बहराल स्कूल के 10 बच्चों को वार्षिक छात्रवृत्ति से पुरस्कृत किया गया। हिमाचल प्रदेश की प्रसिद्ध नाटी प्रस्तुत करके बहराल के विद्यार्थियों ने सभी का मन मोह लिया। स्कूल के मुख्याध्यापक जीवन प्रकाश जोशी ने बताया कि इस अवसर पर 17 बच्चों के इस दल का नेतृत्व करने वाली रेणु गोस्वामी को भी सम्मानित किया गया।

### इन्नर व्हील क्लब ने बच्चों को बांटे गर्म कपड़े



बच्चों के साथ इन्नर व्हील क्लब के सदस्य।

**पांवटा साहिब।** वीरवार को इन्नर व्हील क्लब के सदस्यों ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय सालवाला के विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर भेंट किए। विद्यालय समिति की अध्यक्ष इंदिरा देवी एवं स्कूल की सीएचटी अनीता देवी ने इस अवसर पर इन्नरव्हील क्लब की अध्यक्ष अंजू वर्मा और सेक्रेटरी शिवानी वर्मा सहित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विनोद चौधरी भाजपा उपाध्यक्ष ,रीना देवी, मनीष देवी, सुरेश कुमार, माया देवी, अंजू वर्मा, सेक्रेटरी शिवानी वर्मा, रितु गुप्ता और मीनू उपस्थित रही।

# सुन्नी कॉलेज में हेल्थ और हाइजीन पर किया जागरूक



राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागी।

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में वीरवार को एनएसएस यूनिट एवं महिला प्रकोष्ठ की ओर से विद्यार्थियों के लिए हेल्थ और हाइजीन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यक जानकारी देना रहा।

इस कार्यक्रम में सुन्नी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. विशांत शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने बताया कि स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार लेना अति आवश्यक है। इसके अतिरिक्त डॉ. विशांत शर्मा ने विद्यार्थियों को एचआईवी एवं एड्स से जुड़ी आवश्यक जानकारियां भी प्रदान की। प्राचार्य डॉ. रामलाल शर्मा ने बताया कि मोबाइल का आप ज्ञान अर्जित करने के लिए ही मोबाइल का प्रयोग कीजिए। कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. उज्जवल राठौर, प्रो. दामोदर गौत्तम, प्रो. सुचित्रा शर्मा, प्रो. मोनिका, प्रो. कविता सैनी, डॉ. सपना डोगरा, प्रो. चुन्नी, प्रो. ज्योति, प्रो. मनमोहन आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# पानी की किल्लत से हाहाकार

## कम वोल्टेज से हांफी पलाही योजना, जल शक्ति विभाग-इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड आमने-सामने

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

सर्दी के इस मौसम में भी यदि पीने के पानी की दिक्कत हमीरपुर शहर और इसके आसपास के इलाकों में हो जाए, तो फिर अधिकारियों की कारगुजारी पर सवाल तो उठेंगे ही। अभी जो ताजा समस्या खड़ी हुई है। उसकी वजह वोल्टेज की कमी बताई जा रही है। हमीरपुर शहर को पलाही स्थित जिस योजना का पानी पहुंचाया जाता है। वहां पर जल शक्ति विभाग के अधिकारी वोल्टेज कम होने का हवाला दे रहे हैं, लेकिन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के अधिकारी जलशक्ति विभाग के इन दावों को गलत बता रहे हैं।

पिछले कुछ दिनों से पीने के पानी की यह दिक्कत अब लगातार गहराती जा रही है। शहर की कई इलाकों में पानी की दिक्कत है। प्रताप नगर क्षेत्र में चार दिन से लोगों की टंकियों में पानी नहीं चढ़ पा रहा है। शहर के भी मध्य में पानी की दिक्कत है आसपास की वार्डों में भी पानी की समस्या अब लगातार बनी हुई है।

अब देखना क्या है कि दोनों विभागों के अधिकारी और कर्मचारी एक दूसरे पर समस्या का बोझ डाल रहे हैं। लेकिन लोगों की समस्या कैसे हल होगी, यह यक्ष प्रश्न यहां चर्चा में है। अगले कुछ दिनों तक यदि ऐसे ही चला, तो हमीरपुर शहर और आसपास के इलाकों में पानी की दिक्कत लोगों के लिए बनी रहेगी।

हमीरपुर के जेई रमन शर्मा के अनुसार इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि ग्रिड की सप्लाई में ही यह दिक्कत है। इसी वजह से पानी प्रॉपर लिफ्ट नहीं हो पा रहा, जबकि हमीरपुर स्थित इलेक्ट्रिसिटी के एक्सईएन नरेंद्र अबरोल का कहना है कि थोड़ी बहुत वोल्टेज कम हो सकती है, लेकिन जो फीडबैक अब मिल रहा है, उसके मुताबिक वोल्टेज की कमी नहीं है न ही जल शक्ति विभाग के अधिकारियों ने उन्हें इसके बारे में कोई शिकायत की है। उनका यह भी कहना है कि हो सकता है कि जल शक्ति विभाग की योजना में कोई और दिक्कत होगी लेकिन वोल्टेज की समस्या नहीं है। (अनंत ज्ञान)

**हमीरपुर के बाशिंदे सर्दी में भी प्यासे**



**सुबह नौ से 12 बजे तक वोल्टेज रहती है कम**

**पलाही** स्थित जिस योजना से हमीरपुर शहर को पीने के पानी की सप्लाई पहुंचती है, वही असल समस्या बनी हुई है। जल शक्ति विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सुबह नौ बजे से लेकर 12 बजे तक वोल्टेज बहुत कम रहती है, जिस कारण मशीनरी नहीं चल पा रही। शहर के कई जगहों में इसी समय के दौरान पीने के पानी की आपूर्ति की जाती है। इसी वजह से इस समय पर आपूर्ति होने वाले सप्लाई के क्षेत्र में दिक्कत है।

## नशा युवा पीढ़ी को नष्ट कर रहा : डॉ. वर्मा

**हमीरपुर।** राजकीय उच्च पाठशाला शासन में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र वर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान स्कूल में कई कार्यक्रम हुए। मुख्यातिथि ने मेधावी स्टूडेंट्स को पुरस्कार व मोमेंटो तो देकर सम्मानित किया और अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने स्टूडेंट्स जीवन से ही अपनी जड़ों से जुड़ा रहना चाहिए और अपनी संस्कृति और मां बोली को कभी नहीं भूलना चाहिए। नशा रूपी जानवर जो कि समाज के लिए कलंक बन गया है। उससे दूर रहना चाहिए इसके अलावा उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसमें स्टूडेंट्स का सर्वांगीण विकास होगा और इसके साथ-साथ स्टूडेंट्स को व्यावसायिक शिक्षा के लिए एक प्रतिशत की ब्याज दर से शिक्षा ऋण भी उपलब्ध करवाया जा रहा है।

इस अवसर पर उनके साथ ग्राम पंचायत शासन प्रधान श्रीमती अंजना कुमारी उपप्रधान अरुण कुमार बीडीसी हमीरपुर उपाध्यक्ष संजीव शर्मा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी कुमार और पूर्व प्रिंसिपल रविंद्र, राम सिंह, अमरनाथ व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## विपन पटियाल ने जल शक्ति विभाग को पेयजल योजना के लिए दान दी जमीन

# जंगली गांव में पेयजल योजना का काम शुरू

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू नादौन विधानसभा क्षेत्र की बड़ा पंचायत के तीन गांवों झगड़ियाल, डब्बर पट्टा व दरियाल के लोगों की कई वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान के लिए दो बोरवेल स्वीकृत किए हैं। इसके लिए 7.50 लाख की बजट राशि स्वीकृत की गई है और उनका काम भी शुरू हो गया है।

लोगों की इस समस्या का हल करने के लिए पूर्व भाजपा सरकार के समय विधायक रहते सुक्खू ने भरसक प्रयास किए, लेकिन योजना धरातल पर नहीं उतर पाई। मुख्यमंत्री बनने के बाद सुक्खू के पास जंगली गांव के विपन पटियाल, कुलदीप पटियाल, झगड़ियाल के सुदर्शन जरियाल, डब्बर पट्टा गांव के कश्मीर सिंह व उनकी पत्नी सोमा देवी ने पेयजल की समस्या को एक बार फिर उठाया। मुख्यमंत्री ने कार्रवाई करते हुए जल शक्ति विभाग विभाग के एसई नीरज भोगल को तीनों गांवों की पेयजल समस्या तुरंत प्रभाव से हल करने के निर्देश दिए। विभाग इन गांवों की समस्या को दूर करने के लिए कोहला उठाऊ पेयजल से पहले पानी लाने की योजना बनाई थी। विपन पटियाल ने जल शक्ति विभाग विभाग को पेयजल योजना के लिए अपनी जमीन दान देकर उक्त दान की गई भूमि में बोरवेल करने का सुझाव दिया।

विभाग ने दो सप्ताह पहले मौका मुआयना कर बुधवार को विपन की जमीन में एक बोर कर दिया है, जिसमें डेढ़ से दो इंच के बीच पानी निकला है। अभी एक और बोर विपन की जमीन में होना है। विभाग इन दोनों बोर के पानी को ओवरहेड टैंक के जरिये झगड़ियाल, डब्बर पट्टा व दरियाल गांवों में सप्लाई करेगा। इससे इन गांवों में पीने के पानी की समस्या नहीं रहेगी। तीनों गांवों के लोगों ने पेयजल समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का तहेदिल से धन्यवाद किया है। इस बारे में जल शक्ति विभाग विभाग के एसडीओ अमित चौधरी ने इन बोरवेल के लिए स्वीकृत 7.50 की बजट पुस्टि करते हुए बताया कि इन बोरवेल का काम शुरू हो चुका है। (अनंत ज्ञान)



जंगली गांव में बोलरवेल करते कर्मचारी।

# 'मासिक धर्म एवं व्यक्तिगत स्वच्छता' पर स्टूडेंट्स को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

मासिक धर्म एक जैविक प्रक्रिया है जो एक मानव के रूप में हमें अपनी सभ्यता को आगे बढ़ाने में समर्थ बनाती है तथा हमें समाज का उपयोगी और उत्पादक सदस्य बनाती है अत: हमें इस प्राकृतिक प्रक्रिया के लिए स्वयं पर स्वाभाविक गर्व होना चाहिए और आत्मविश्वास से हमारा मस्तक उठा होना चाहिए। उक्त विचार सीडीपीओ सुजानपुर कुलदीप सिंह चौहान ने 'वो दिन' योजना के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चबूतरा में 'मासिक धर्म एवं व्यक्तिगत स्वच्छता' विषय पर स्टूडेंट्स के लिए आयोजित जागरूकता शिविर में व्यक्त किए।

उन्होंने बताया कि इस शिविर के आयोजन का उद्देश्य जहां किशोरियों को मासिक धर्म की उपयोगिता से अवगत कराते हुए उन्हें इस अवधि में और अधिक व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति सजग करना है, वहीं किशोर बालकों को इस विषय पर और अधिक संवेदनशील बनाना है। ऐसे आयोजन हमें स्वच्छता एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई को महिलाओं की निजता, गरिमा, सुरक्षा एवं आत्मसम्मान से जुड़े महत्वपूर्ण कारकों के रूप में उभारने का अवसर प्रदान करते हैं। विद्यालयों में इन कार्यक्रमों का आयोजन इन्हें और भी सार्थक बना देता है।



कुलदीप सिंह चौहान के साथ स्टूडेंट्स व शिक्षक।

## इंस्पायर मानक अवार्ड में तन्वी का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

**हमीरपुर।** भोरंज ब्लॉक के राजकीय उच्च विद्यालय समीरपुर की स्टूडेंट तन्वी जो कि मतलाना गांव के परिवार की रहने वाली है। इसका चयन राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल स्पर्धा के लिए हुआ है। गाइड टीचर (विज्ञान स्नातक) राजीव कुमार के मार्ग-दर्शन में इस स्टूडेंट ने एक ऑल इन वन उपकरण बनाया है जो कि बहुत ही कम बिजली खर्च पर ओवन, हीटर, और ब्लोअर तीनों का काम करता है। इस मॉडल को बनाने के पीछे विज्ञान अध्यापक के साथ विद्यालय के अन्य अध्यापकों सुरेश कुमार टीजीटी आर्ट्स, राज कुमार कला अध्यापक, कुमारी सविता विज्ञान अध्यापिका, रंजना कुमारी टीजीटी आर्ट्स, कमलजीत कंप्यूटर अध्यापक एवं दो स्टूडेंट्स में सात्विक सिंह एवं वंशिका का भी भरपूर सहयोग मिला। प्रतिभागी की माता नीलम कुमारी और पिता सुरेंद्र कुमार ने भी तन्वी का मॉडल बनाने में सहयोग किया है।



समीरपुर स्कूल की स्टूडेंट तन्वी।

# रिहाला में क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू करवाने के बाद उपस्थित विधायक आशीष शर्मा व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने रिहाला क्रिकेट मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस मौके पर आयोजकों व अन्य युवाओं ने विधायक का जोरदार स्वागत किया। विधायक आशीष शर्मा ने विधिवत दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय किया।

इस मौके पर विधायक ने कहा कि युवाओं को पढ़ाई व अन्य गतिविधियों के साथ-साथ खेलों के लिए भी समय निकालना चाहिए। विधायक ने आयोजकों को इस टूर्नामेंट के लिए बधाई दी। बता दें कि टूर्नामेंट चार दिनों तक चलेगा। इसमें बीस टीमें भाग ले रही हैं। पहला मैच भरनोट और अम्मण की टीम के बीच हुआ।

अम्मण ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 122 रन बनाए। जबाव में बल्लेबाजी करने उतरी भरनोट की टीम 80 रनों पर ऑल आउट हो गई। अम्मण ने भरनोट को 42 रनों से हराया। इस मौके पर आयोजक रोहित, पंकज, शुभम, अनूप, आशीष, निशांत साहित अन्य युवा मौजूद रहे।

## हर हाथ अनंत ज्ञान

महारल से बंटी मुस्कान जनरल स्टोर वाले अनंत ज्ञान समाचार पत्र से जुड़े हैं। उनका कहना है कि यह अखबार हमें हर जिले की खबरों से रू-ब-रू करवाती है। स्पोर्ट्स और अन्य एक्टिविटी के बारे में इसमें पढ़ने को बहुत कुछ मिलता है।



## न्यूज ब्रीफ

### दलचेहड़ा में मुर्गी फार्म हाउस जल कर राख

**बिझड़ी।** विकास खंड बिझड़ी की दलचेहड़ा पंचायत के जगतार सिंह का मुर्गी पालन फार्म गत रात को आग की भेंट चढ़ गया। जानकारी के अनुसार फार्म में 12 हजार के करीब छोटे-बड़े मुर्गे और मुर्गीयां थीं जिनमें से करीब 7हजार की आग की लपटों से झूलस गए। हालांकि सूचना मिलने पर अग्निशमन केंद्र के कर्मचारी मौका पर पहुंच गए तब जाकर कहीं फार्म हाउस के थोड़े हिस्से को जलने से बचा लिया गया। हल्का पटवारी सुरजीत सिंह ने बताया कि मौके पर गए थे और नुकसान का आकलन किया जा रहा है रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। पंचयात प्रधान दलचेहड़ा संजीव जरयाल का कहना है कि जगतार सिंह का लाखों का नुकसान हुआ है और इसी मुर्गी फार्म से इसका और इसके परिवार का गुजारा चल रहा था इस लिए उन्होंने सरकार और विभाग से आग्रह किया है कि जगतार सिंह की हर संभव मदद की जाए।

### गांव वासियों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बड़ा के एनएसएस कैडेट्स द्वारा तीन वर्ष के लिए ग्राम पंचायत बड़ा के गोद लिए गांव धगढ़ में आज ग्रामीणों को एनएसएस द्वारा चलाई गई गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया। इस रैली को स्कूल की प्रिंसिपल अंजना कौंडल ने हरी झंडी देकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें अपने गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने के बारे में कहा। इस दौरान एनएसएस कैडेटस ने गांव में सफाई भी की। इस अभियान में एनएसएस प्रभारी सुशील पाठनिया के अतिरिक्त प्रवक्ता वीर सिंह ठाकुर, सुमना देवी, सपिंद्र चौधरी आदि भी शामिल थे।

### सात दिवसीय विशिष्ट शिविर का शुभारंभ

**सुजानपुर।** राजकीय स्नातक महाविद्यालय सुजानपुर में एनएसएस इकाई ने सात दिवसीय विशिष्ट शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अजायब सिंह बन्याल द्वारा किया गया। महाविद्यालय में इस उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय सेवा इकाई के स्वयंसेवियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में सभी बच्चों के बीच में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के बारे में जानकारी साझा की और पर्यावरण संरक्षण के बारे में सभी स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अजायब सिंह बन्याल, प्रो. शशि शर्मा सहित प्रो. निर्मला आदि उपस्थित रहे।

### आज बिजली बंद रहेगी, सहयोग करें

**सुजानपुर।** विद्युत उपमंडल सुजानपुर के तहत आज विद्युत बोर्ड के चौरी अनुभाग के आने वाले क्षेत्र पनोह, चौरी, सपाहल, डूहक छतरुडू ,चम्योला, कसीरी, पीपल गाहरा धरोल भटाणी आदि में बिजली आपूर्ति प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। इस दिन विद्युत लाइनों का कार्य किया जाएगा। विद्युत उपमंडल सुजानपुर के एसडीओ गोपाल भाटिया ने जनता से सहयोग की अपील की है।

### जीवन में समय को दें अहमियत: डॉ. आकृति

**हमीरपुर।** परमार्थ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ककड़ियार का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह वीरवार को मनाया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक हमीरपुर डॉ. आकृति शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने मां सरस्वती को नमन एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स, स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए डॉ. आकृति शर्मा ने कहा कि परमार्थ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया। इससे पहले स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर अंजू शर्मा, प्रधानाचार्य सपना शर्मा और अन्य शिक्षकों ने पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया।

### बस अड्डे में 18 काउंटरों पर लगेंगी बसें

**हमीरपुर।** हमीरपुर। एचआरटीसी के हमीरपुर बस अड्डे में छह नए काउंटर स्थापित किए जा रहे हैं। ऐसे में हमीरपुर बस अड्डे में 18 काउंटरों पर बसें लगा करेंगी। यही नहीं बस अड्डे में बेवजह खड़ी रहने वाली प्राइवेट बसों को बाहर निकाल दिया गया है, ताकि बाहरी से आने वाली लांग रूट की बसों को भी समय पर काउंटर मिल सकें। हमीरपुर बस अड्डे के दोनों गेटों पर बस ऑपरेटरों के चेतावनी बोर्ड लगा दिए गए हैं कि कोई भी बस ऑपरेटर अपने रूट से 15 मिनट पहले अड्डे में प्रवेश नहीं करेगा। नए नियमों को फॉलो करने के लिए निगम ने तीन-चार ड्राइवर व कंडक्टर बस अड्डे में तैनात कर दिए हैं, ताकि बस अड्डे के चलते शहर की सड़क पर जाम की स्थिति न बन सके। गुरुवार को निगम के कर्मचारी बस अड्डे में प्रवेश करने वाली सभी बसों के टाइम नोट करते नजर आए। इसके अलावा जैसे ही बस का टाइम पूरा हो जाता, तो उसे अड्डे से बाहर निकालते नजर आए। बस काउंटर से छूटते ही गेट के बाहर भेजी जा रही थी। ऐसे में हमीरपुर बस अड्डा दिन के समय खाली-खाली नजर आया, जोकि बसों से हमेशा खचाखच भरा नजर आता था। वहीं हमीरपुर डिपो के डीडीएम राजक्कुमार पाठक का कहना है कि बस अड्डे में कुछ नई व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि बस अड्डे में यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके।

### पत्रकार मुकंद शर्मा की माता का निधन

**बड़ा।** प्रेस क्लब नादौन के सह सचिव मुकंद शर्मा की माता स्वर्ण लता (सेवानिवृत्त प्रिंसिपल) का लंबी बीमारी के बाद बुधवार देर रात निधन हो गया। उनके निधन पर प्रेस क्लब नादौन के प्रधान निष्पक्ष भारती एवम महासचिव वीरेंद्र गोस्वामी, पंकज वर्मा, अनुज शर्मा, डॉ. पंकज राणा, प्रदीप शर्मा, महेश कपिल, रफीक पोसवाल, सतीश धीमान, संजीव धीमान, परविंद्र कटोच, अजय शर्मा ने गहरा शोक प्रकट किया हैं और परिवार को इस सदमे से उभरने के लिए भगवान से प्रार्थना की हैं।

# एचआईवी पीड़ित व्यक्ति भी जी सकता है लंबा जीवन



एड्स जागरूकता कैंप के बाद बच्चे राज कुमार के साथ सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

राजकीय हाई स्कूल कोहला में एड्स दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राज कुमार एड्स काउंसलर आईसीटीसी सेंटर सिविल हास्पिटल नादौन ने बच्चों व स्कूल स्टाफ को एड्स की रोकथाम बारे जागरूक किया। इस अवसर पर सीएचओ कंचन कुमार, हैल्थ सुपरवाइजर राज कुमार व स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहा।

राज कुमार ने बताया कि एड्स से पीड़ित व्यक्ति हताश होकर जीने की उम्मीद खो देने की राह देखने लगता है, जो गलत है। एड्स से पीड़ित व्यक्ति का एड्स के साथ जीवन जीना संभव है। इसकी दवाइयां भी उपलब्ध हैं जिनके साथ जीना भी संभव है। उन्होंने कहा कि एड्स आज भी हमारे समाज में भयानक रूप लिए हुए है। यह ऐसी बीमारी है जिससे पीड़ित व्यक्ति जीने की उम्मीद खोकर मरने की राह देखने लगता है। वैसे तो एचआईवी वायरस को फैलने में संक्रमित सूई का लगाया जाना भी जिम्मेदार बताया जाता है, जिसमें सबसे ज्यादा ड्रग लेने वाले लोगों का विस्तार है इसलिए हम सभी को एड्स के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए।

अभी तक एड्स के लिए कोई उपचार उपलब्ध नहीं है। इसके लिए सही उपचार और सहयोग से एड्स से ग्रसित व्यक्ति लंबा और स्वस्थ जीवन जी सकता है और ऐसा करने कि लिए आवश्यक है कि उचित उपचार लिया जाए और किसी भी संभावित दुष्परिणाम से निपटा जाए।

## डॉ. अदिति ने किया व्याख्यान श्रृंखला का उद्घाटन

**हमीरपुर।** स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल कॉलेज, हमीरपुर में वनस्पति विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली व्याख्यान श्रृंखला का उदघाटन नॉर्वे से विशेष आमंत्रित डॉ. अदिति चोपड़ा ने किया। डॉ. अदिति चोपड़ा ओस्लो विश्वविद्यालय में स्पेशल इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। उन्होंने मानवीय शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली, प्रतिरक्षा निदान व खासकर कोविड-19 तथा सारस जैसी बीमारियों पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई तथा स्टूडेंट्स को अनुसंधान तथा उच्च शिक्षा के विभिन्न अवसरों से अवगत करवाया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. कल्पना भंडारी ने जानकारी दी कि इसमें 70 से अधिक स्टूडेंट्स एवं महाविद्यालय के सदस्यों ने भाग लिया। समारोह में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रमोद सिंह पटियाल ने विशेष रूप से शिरकत की तथा उनके अलावा डॉ. विजय कुमार, डॉ. निर्मल सिंह, प्रो. लवली राणा, डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।



शुभारंभ मौके पर मौजूद डॉ. अदिति चोपड़ा कॉलेज स्टाफ।

# अक्षत कलश यात्रा में गूंजे जय श्रीराम के नारे



अक्षत कलश यात्रा का नादौन में विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठन स्वागत करते हुए।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

राम मंदिर अयोध्या से आई पूजित अक्षत कलश यात्रा वीरवार को नादौन पहुंची जहां बस स्टैंड के पास स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर के पास विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों ने जय श्रीराम के नारों से जोरदार स्वागत किया। उसके बाद यह कलश यात्रा जय श्री राम के नारों के साथ शहर के वाल्मीकि मंदिर, हनुमान मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, राम मंदिर होते हुए लवणेश्वर मंदिर पत्तन बाजार में स्थापित किया गया।

स्थानीय ट्रस्ट के अध्यक्ष किशोर शर्मा ने बताया कि यह अक्षत, निमंत्रण व राम मंदिर अयोध्या का फोटो प्रत्येक घर में एक से 15 जनवरी तक दिया जाएगा तथा 22 जनवरी को क्षेत्र के सभी मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम होंगें। इस अक्षत कलश यात्रा में डॉ. अशोक शर्मा, रमेश जैन, सुरेंद्र आर्य, सुभाष बस्सी, प्रमोद कपिल, असीम कपिल, सुदेश शास्त्री, यशपाल भाटिया, विजय अग्निहोत्री, तरुण कपिल, योग राम, राज कुमार सौंधी, प्रियतोश निशु जाट, ओंकार शर्मा, यशपाल धीमान के अलावा राम लीला कमेटी, मंदिर कमेटियों, लंगर कमेटियों, धार्मिक संगठनों, कीर्तन मंडल व भागवत मंडल के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया।

## बच्चों को कानून का पाठ पढ़ाया



प्रोफेसर बच्चों के साथ सामूहिक चित्र में।

**नादौन।** डीडीएम साई लॉ कालेज कल्लर जलाड़ी की लीगल एंड क्लीनिक टीम द्वारा गवरनमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांगू में लीगल अवेयरनैस लेक्चर का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के 11वीं एवं 12वीं के बच्चों को कानून की जानकारी दी गई। असिस्टेंट प्रो. रेणुका कौशल ने बच्चों को कानून की जानकारी के महत्व के बारे में बताया। असिस्टेंट प्रो. निधि सिंह ने बच्चों को उपभोगताओं के अधिकारों एवं उनसे संबंधित कानून के बारे में बताया। इसके साथ ही असिस्टेंट प्रो. नेहा शर्मा ने बच्चों को ड्रग्स एवं नशीले पदार्थों से संबंधित लॉ एवं उससे जुड़ी सजा के प्रावधानों के बारे में बताया। इसके बाद असिस्टेंट प्रो. गौरव ने बच्चों को महिलाओं से जुड़े अपराधों एवं उससे संबंधित सजा के प्रावधानों की जानकारी दी।

**रोक** एनपीए की वजह से केसीसी बैंक की नई रिक्वायरमेंट और शाखाएं नहीं खुलेंगी

# घाटे में चल रहीं केसीसी बैंक की 54 ब्रांचों पर संकट

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की 54 शाखाओं पर संकट के बादल मंडरा गए हैं। घाटे में चल रही इन शाखाओं को या तो बंद कर दिया जाएगा या फिर उनमें से कुछ को दूसरी जगह ट्रांसफर कर दिया जाएगा। लेकिन इतना तय है कि ज्यादातर शाखाओं को अब बंद कर दिया जाएगा।

केसीसीबी के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने वीरवार को हमीरपुर में बैंक के 77वें साधारण सभा के अधिवेशन के बाद 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र को बताया कि इस साल करीब अढ़ाई सौ कर्मचारी बैंक के सेवानिवृत्त हो रहे हैं। बैंक में स्टाफ की कमी तो और ज्यादा बढ़ने वाली है, लेकिन असल समस्या यह है कि बैंक का एनपीए बढ़ा हुआ होने की वजह से नई रिक्रूटमेंट हो नहीं सकती और न ही नई शाखाएं खोली जा सकती हैं, इसलिए जैसे-तैसे काम चलाना पड़ेगा। पठानिया ने यह भी बताया कि बैंक की 54 शाखाएं घाटे में चल रही हैं और अब स्थिति यह आ गई है कि इनमें से ज्यादातर को बंद करना पड़ेगा और बाकी यदि संभव हुआ, तो उन्हें इधर-उधर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। उनका कहना है कि घाटे का सौदा हो चुकीं इन शाखाओं में अब स्थिति अच्छी होने वाली नहीं है, इसीलिए बहुत जल्दी इन्हें बंद या स्थानांतरित करने का काम शुरू हो जाएगा। पठानिया ने बताया कि वन टाइम सेटलमेंट के मामले को लेकर तारीख को 31 मार्च तक बढ़ाया गया है। ताकि किसी न किसी तरीके से पेंडिंग मामलों का निपटारा हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि अब बैंक के लेन-देन में यूपीआई सिस्टम चालू कर दिया गया है। पिछले काफी समय से इसकी दिक्कत थी, मगर अब उपभोक्ताओं को फायदा होगा।

पठानिया ने बताया कि बैंक के 70 वे साधारण सभा के अधिवेशन में कई और मुद्दों पर भी चर्चा हुई। दो दिन तक चले इस अधिवेशन में प्रदेश भर के डेलिगेट्स बैंक के प्रमुख अधिकारी, सहकारी सभाओं के डायरेक्टर और अधिकारी सुखदेव सिंह भी इसमें मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



केसीसीबी के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और अन्य।

**बैंक अब बी-प्लस की कैटेगरी में**

**बैंक** चेयरमैन ने बताया कि अभी तक यह बैंक सी-ग्रेड में था, लेकिन अब इसे बी-प्लस की कैटेगरी मिल गई है। इसका सीधा फायदा लोन लेने वाले उपभोक्ताओं को हुआ है। अब व्यक्तिगत तौर पर लोन लेने वालों के लिए लोन का आंकड़ा 25 लाख से बढ़कर 40 लाख कर दिया गया है। महिला समृद्धि योजना से अब स्वयं सहायता समूह भी अच्छे-खासे लाभान्वित होंगे, इसकी भी व्यवस्था कर दी गई है।

हर हाथ अनंत ज्ञान







झंडूता बाजार में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते पाठक।




जन चेतना कला मंच झंडूता के अध्यक्ष मछंदर भारती अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।

## कानूनगो को पुर्ननियुक्ति के आवेदन

**बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर कार्यालय में पटवारी कानूनगो के खाली पदों के लिए पारिश्रमिक आधार पर सेवानिवृत्ति पटवारी कानूनगो को पुर्ननियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्ति पटवारी अथवा कानूनगो आठ जनवरी से पूर्व अपने आवेदन उपायुक्त कार्यालय को भेजें। इस संबंध में अधिक जानकारी जिला बिलासपुर की वेबसाइट पर उपलब्ध है। यह नियुक्तियां पारिश्रमिक के आधार पर होंगी इसके लिए आयु सीमा 29-12-2023 तक 65 वर्ष से अधिक न हो। कानूनगो के लिए देय भत्ता 30 हजार एवं पटवारी के लिए 25 हजार होगा। वेबसाइट पर सभी जानकारियां उपलब्ध हैं।

# बिना लाइसेंस फास्ट फूड बेचने पर चालान, नौ सैंपल भरे

## झंडूता और बरठीं में फूड सेफ्टी विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, कंडाघाट जिला सोलन लैब भेजे जाएंगे सैंपल

**गोपाल कपिल, झंडूता**

- फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने झंडूता से सात और बरठीं से दो सैंपल जांच के लिए भरे
- मिठाई में मिलावट सहित रेट लिस्ट जांच करने को लेकर एक टीम का भी किया गया गठन

झंडूता बाजार में वीरवार को फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। बिना लाइसेंस से फास्ट फूड बेचने वाले एक दुकानदार का मौके पर चालान किया गया है।

फूड सेफ्टी ऑफिसर खगेंद्र सिंह की अगुआई में टीम ने छापामारी कर झंडूता और बरठीं क्षेत्र से जांच के लिए नौ सैंपल एकत्रित किए, जिसको जांच के लिए विभाग कंडाघाट जिला सोलन लैब में भेजने जा रहा है। विभाग की इस छापामारी से दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार विभाग ने पानी पूरी, मोमो, नमक, रस, चाय पती, काला नमक व अन्य सैंपल भरे हैं। सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद ही विभाग आगामी कार्रवाई अमल में लाएगा। जानकारी देते हुए बिलासपुर फूड सेफ्टी ऑफिसर खगेंद्र सिंह ने बताया कि विभाग



झंडूता बाजार में फूड सेफ्टी विभाग की टीम बिना लाइसेंस से फास्ट फूड बेचने वाले दुकानदार का चालान करते हुए।

समय-समय पर सैंपल प्रक्रिया करता आ रहा है। जिले में कई सैंपल फेल भी पाए गए हैं, जिन पर नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई गई है। उन्होंने बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर ऐसा करता कोई पाया जाता है, तो उनके खिलाफ मौके पर कार्रवाई अमल में लाई जएगी। विभाग एक विशेष रूप से जिले में एक अभियान भी शुरू करने जा रहा है, जिसमें अब मिठाई की दुकानों की प्रतिदिन जांच की जाएगी। मिठाई में मिलावट सहित रेट लिस्ट जांच करने को लेकर एक टीम का भी गठन किया गया है।

### टीम जिले की दुकानों का करेगी निरीक्षण



यह टीम प्रतिदिन जिले के विभिन्न स्थानों पर जाकर दुकानों का निरीक्षण करेगी। इस दौरान अगर किसी भी मिठाई में मिलावट पाई जाती है, तो मौके पर ही यह मिठाई फेंकवाई सहित कार्रवाई की जाएगी। इसी के साथ मिठाई की दुकानों में रेट लिस्ट भी निर्धारित करने के आदेश जारी किए गए हैं। कौन सी मिठाई कब बनाई गई है और इस मिठाई की कब डेट एक्सपायर है, इसका सारा ब्यौरा देना अनिवार्य कर दिया है। अगर किसी भी दुकान में इन नियमों को पूरा नहीं किया गया है, तो मौके पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उधर, बिलासपुर फूड सेफ्टी ऑफिसर खगेंद्र सिंह ने बताया कि लाइसेंस बनाना सभी के लिए अनिवार्य है। झंडूता और बरठीं से लिए गए सैंपल को जांच के लिए कंडाघाट लैब में भेजा जा रहा है। मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों को बिलकुल भी बख्शा नहीं जाएगा।

# ऐतिहासिक लुहणू क्रिकेट मैदान में अधिकारी लगाएंगे चौके-छक्के

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर के ऐतिहासिक लुहणू क्रिकेट मैदान में अब अधिकारी चौके-छक्के लगाते हुए नजर आएंगे। बिलासपुर उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक के प्रयासों से यहां पर विभागीय अंतर क्रिकेट लीग शुरू होने जा रही है, जिसको लेकर उपायुक्त ने सभी टीमों के कप्तानों के साथ बैठक की है। जिला प्रशासन की ओर से आरंभ की गई इंटर डिपार्टमेंटल क्रिकेट लीग कर्मचारियों के मध्य आपसी जान-पहचान को बढ़ाने व अनुशासन व परस्पर सहयोग का भाव उत्पन्न करने के लिए एक नया मंच स्थापित होगा।

उपायुक्त ने कहा कि इस टूर्नामेंट में जिले के डीसी 11, एसपी 11, एसीसी, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक, जल शक्ति एवं लोक निर्माण विभाग, कृषि विभाग, विद्युत एवं एक्साइज विभाग, स्वास्थ्य, एम्स, शिक्षा विभाग, बेंच और बार एसोसिएशन, व्यापार



उपायुक्त आबिद हुसैन सभी टीमों के कप्तानों के साथ बैठक करते हुए।

मंडल बिलासपुर, व्यापार मंडल घुमारवीं, प्रेस तथा वन विभाग सहित 17 टीम भाग ले रही हैं। इसमें लगभग 260 खिलाड़ी भाग लेंगे। टूर्नामेंट की तिथियों का एलान जल्द किया जाएगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल के दौरान अनुशासन और खेल की भावना का परिचय देने का आग्रह किया। विभिन्न विभागों में कार्य से एक परस्पर मेल मिलाप बढ़े यह भी इस क्रिकेट टूर्नामेंट का एक उद्देश्य रहेगा। उपायुक्त ने सभी से सहयोग की अपील व टूर्नामेंट कि सफलता के लिए सक्रिय प्रयास करने को कहा।

# मसौर से विकास गोल्डी को महामंत्री किया नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- जिला किसान मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित की

भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष सतदेव शर्मा ने जिला बिलासपुर के नेताओं व अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं से चर्चा करने के उपरांत जिला किसान मोर्चा कार्यकारिणी की घोषणा की।

उन्होंने बड़ी बलौर झंडूता से राकेश चंदेल, हटवाड घुमारवीं से प्रकाश चंद, देलग सदर से बाबूराम, मैहथी से इंद्र सिंह, चांदपुर से कांति ठाकुर और बरठीं झंडूता से अजय कुमार को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। दून घुमारवीं से विवेक सांख्यान व मसौर सदर से विकास गोल्डी को महामंत्री नियुक्त किया।

जुखाला से सुखराम सोढी, पनौल घुमारवीं से मंजीत ठाकुर, माकडी से विनोद कुमार, खारसी से बाबू राम शर्मा, लैहड झंडूता से सुरेश कुमार व रोहल झंडूता से ओंकार सिंह सचिव का दायित्व निभाएंगे। उन्होंने कल्लर से गोरख सिंह ठाकुर को कोषाध्यक्ष, बंदला सदर से राम प्रकाश को कार्यालय सचिव, ननांवा से रमेश चंद मीडिया प्रभारी, मतनोह स्वारघाट से परमानंद दोबड, सह मीडिया प्रभारी सदर दरोबड से मरमानंद, डडोह नयनादेवी से गुरबचन और विल्ला से गुरवंत ठाकुर को प्रवक्ता, घराडसानी झंडूता से विजय चंदेल को सोशल मीडिया व आईटी प्रभारी, साई ब्राहमणा से रामानंद शर्मा को सह सोशल मीडिया प्रभारी का जिम्मा सौंपा गया।

उन्होंने श्री नयनादेवी जी अप्पर से महेंद्र, कचैली, श्री नयनादेवी जी लोअर मंडल से महेंद्र ठाकुर, जकातखाना, झंडूता मंडल से राजेश मैहता, घुमारवीं मंडल से देश राज शर्मा और सदर मंडल से दिला राम को किसान मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है।

# स्थापना दिवस भूली कांग्रेस कमेटी

## जिले के कुछ बूथों पर मात्र औपचारिकताएं पूरी करते नजर आई जिला कांग्रेस कमेटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- जिले में अपने ही कार्यों में मशरूफ दिखे कांग्रेस के नेता और पदाधिकारी
- राशि चंदा इकट्ठा करने का अभियान भी कोई खास रफतार नहीं पकड़ पाया

जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर अपनी ही पार्टी का स्थापना दिवस मनाना भूल गई। बिलासपुर जिले में कुछ एक बूथों पर सिर्फ पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया, जबकि मुख्यालय की बात करें, तो कांग्रेस पार्टी अपनी पार्टी का स्थापना दिवस मनाने में यहां पूरी तरह से विफल साबित हुई है।

एक तरफ जहां प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार प्रत्येक जिला के बूथों पर स्थापना दिवस मनाकर झंडा फहराने की बात कहीं गई थी, लेकिन बिलासपुर जिले में इन आदेशों को पूरा करते हुए कोई भी कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता नजर नहीं आए।

आपको बता दें कि एक तरफ कांग्रेस कमेटी 28 दिसंबर को अपने 138वें स्थापना दिवस तक लोगों से 138 रुपए, 1,380 रुपए, 13,800 रुपए या फिर इससे 10 गुना राशि चंदे के रूप में देने की अपील कर रही है, तो वहीं, बिलासपुर जिले में राशि चंदा इकठ्ठा करने का अभियान भी कोई खास रफतार नहीं पकड़ा। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि जिला कांग्रेस कमेटी अपने ही निजी कार्यों में इतने मशरूफ हैं कि उन्हें अपनी पार्टी का स्थापना दिवस भी याद नहीं रहा है। वहीं, इस संदर्भ में जब जिला कांग्रेस पार्टी के कुछ नेताओं व यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों से बात की गई, तो उनका कहना है कि उनको इस बारे में कोई जानकारी नहीं है और न ही जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से उनको इस संदर्भ में कुछ बताया गया था।

### स्थापना दिवस को लेकर नागपुर रैली में मौजूद





राजेश धर्माणी और रामलाल ठाकुर।

बिलासपुर जिले को अभी हाल ही में मंत्रिमंडल में शामिल किया। हालांकि नवनियुक्त मंत्री राजेश धर्माणी व पूर्व वरिष्ठ मंत्री रामलाल ठाकुर कांग्रेस के स्थापना दिवस को लेकर नागपुर में आयोजित विशाल रैली में मौजूद है, परंतु बिलासपुर जिले में अन्य कांग्रेस नेता पार्टी का स्थापना दिवस मनाने में क्यों दिलचस्पी नहीं दिखा पाए, यह एक सवाल पैदा होता है। एक तरफ जहां जिला कांग्रेस कमेटी एकजुटता का संदेश देती है, तो दूसरी ओर अपनी ही पार्टी का स्थापना दिवस नहीं मनाने से जिला कांग्रेस पार्टी की आपसी तालमेल सही न होना दर्शा रही है।

# एनएसएस शिविर के पांचवें दिन नशा निवारण पर निकाली रैली



झंडूता कॉलेज में चल रहे एनएसएस शिविर में नशा निवारण को लेकर रैली निकालते हुए।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

राजकीय महाविद्यालय झंडूता में चल रहे एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवियों की ओर से नशा निवारण को लेकर एक रैली कॉलेज के प्रांगण से एसडीएम कार्यालय तक निकाली गई, जिसके अंतर्गत स्वयंसेवियों ने नशे के दुष्प्रभावों व उससे बचने के लिए लोगों को जागरूक किया।

इस अवसर पर कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर सतीश चंदेल ने स्वयंसेवियों को चुनावी साक्षरता अभियान के बारे में जानकारी दी।

साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को एक जागरूक नागरिक होने के नाते अपने मतदाता पहचान पत्र पंजीकरण व आसपास के लोगों को भी इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत पंजीकृत करवाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त प्राध्यापक वर्ग मौजूद रहा।

# कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी के इतिहास के बारे में दी जानकारी



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुमारवीं में कांग्रेस स्थापना दिवस पर मौजूद महिलाएं।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुमारवीं की ओर से वीरवार विधानसभा क्षेत्र घुमारवीं के हर बूथ पर कांग्रेस स्थापना दिवस मनाया गया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस स्थापना दिवस के इस मौके पर हर बूथ पर कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस का झंडा फहराया गया तथा वक्ताओं की ओर से सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों व उद्देश्य के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान लोगों को बताया गया कि कांग्रेस की विचारधारा का प्रचार-प्रसार करना समय की मांग है। पार्टी कार्यकर्ता इस दिशा में जी-जान से काम करने में जुट जाएं।

क्योंकि कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है और इसने स्वतंत्रता संग्राम के साथ-साथ देश के विकास में भी एक बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी के इतिहास के बारे में भी जानकारी दी गई। कांग्रेस पार्टी का देश की आजादी में एक अहम योगदान रहा है। पार्टी के अनेक नेताओं ने स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति दी है।

# सरकार की फिजूलखर्ची से प्रदेश आर्थिक संकट के दौर में पहुंचा

- प्रदेश सरकार के खजाने में बचे मात्र 23 करोड़

**घुमारवीं।** सुक्खू सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन और फिजूलखर्ची से प्रदेश आर्थिक संकट के दौर में पहुंच गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री का सार्वजनिक बयान की प्रदेश सरकार के खजाने में मात्र 23 करोड़ ही बचे हैं, इस बात की पुष्टि करता है कि कांग्रेस सरकार के एक वर्ष में प्रदेश आर्थिक दृष्टि से संकट में पहुंच गया है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव में दी गई झूठी गारंटियां अब सरकार के गले की फांस बन गई हैं और प्रदेश के विकास व कल्याण में लगाए जाने वाले साधनों का उपयोग अपनी साख को बचाए रखने के लिए मजबूर दिख रही है। महेंद्र धर्माणी ने सुक्खू सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि व्यवस्था परिवर्तन और हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की झूठी बातें करके जनता को गुमराह किया जा रहा है। केंद्र सरकार से मिल रहे धन का दुरुपयोग प्रदेश सरकार अपनी वाहवाही करने में मशगूल है।

# आयुष नेशनल बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए चयनित

**बलवंत कमल, दधोल**

- रामस्वरूप ने इसके लिए स्कूल स्टाफ एवं बच्चे के माता-पिता को दी बधाई

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल के विद्यार्थी आयुष का चयन दूसरी बार अंडर-14 नेशनल बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह



पाठशाला एवं क्षेत्र वासियों के लिए गौरव का विषय है। आयुष इसी वर्ष जुलाई मे पौडीचेरी में अपनी नेशनल बास्केटबाल प्रतियोगिता हिमाचल बास्केटवाल एसोसिएशन की तरफ से खेली थी।

अब आयुष का चयन राजांदगांव छत्तीगढ़ में 4 से 7 जनवरी 2024 तक होने वाली नेशनल बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। आपको बता दें कि आयुष दधोल गांव से संबंध रखता है। इसके पिता सुनील कुमार पेशे से ड्राइवर हैं और माता निशा देवी गृहणी हैं। पाठशाला प्रधानाचार्य सुरेंद्र शर्मा ने कि इस सबका श्रेय बच्चों की कड़ी मेहनत एवं पाठशाला के शारीरिक प्राध्यापक अश्वनी भारद्वाज को दिया है।

उन्होंने कहा कि अश्वनी भारद्वाज की लगन के कारण इस बार दधोल पाठशाला जिला स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के अंडर 14 अंडर 19 और सीनियर स्तर पर आल ओवर चैंपियन रहा। पाठशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामस्वरूप भारद्वाज ने इसके लिए स्कूल स्टाफ एवं बच्चे के माता-पिता को बधाई दी है।

**परेशानी** दो महीनों में सिविल अस्पताल घुमारवीं में कुत्ते के काटने के करीब आ चुके 70 मामले सामने

# आवारा कुत्तों का आतंक, पदाधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं के तहत पूरे शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है, लेकिन नगर परिषद के पदाधिकारी इस और कोई ध्यान देने को तैयार नहीं हैं। लोग परेशान हैं, लेकिन नगर परिषद के पास इन आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई योजना नहीं है। पूरे शहर की हर गली मोहल्ले में कुत्तों की भरमार है। शहर के अंदर ऐसी कोई गली और सड़क नहीं है, जहां आवारा कुत्तों का आतंक न हो।

बस स्टैंड, मीट मार्केट रोड, अस्पताल मार्केट, गांधी चौक आदि के बीचों-बीच इन आवारा कुत्तों की भरमार है। यह आवारा कुत्ते अकसर आने-जाने वाले लोगों पर झपटते हैं, कई बार यह आवारा कुत्ते एक-दूसरे से लड़ते-लड़ते बीच



घुमारवीं शहर में सड़कों पर घूमते आवारा कुत्ते।

सड़क में आ जाते हैं, जिससे वाहन चालकों का इसे उलझ कर गिरने का खतरा बना रहता है। यहां रात ही नहीं, बल्कि दिन में भी इन कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है। जहां एक और रात में अकेले घर से बाहर निकलना खतरे से खाली नहीं है, वहीं दिन में हालात और भी ज्यादा खराब हो जाते हैं, जब यह आवारा कुत्ते झुंड में इकट्ठे होकर आते-जाते लोगों को काटने को दौड़ते हैं। यहां तक कि इन कुत्तों के खौफ से स्कूली बच्चों का स्कूल पहुंचना मुश्किल हो गया है।

लोग भी अब बच्चों को अकेले स्कूल भेजने से कतरने लगे हैं। क्योंकि स्कूल को जाने वाली सड़कों पर कुत्तों को बच्चों के पीछे दौड़ते देखा जा सकता है। यही नहीं इन आवारा कुत्तों को सड़कों के बीचो-बीच गाड़ियों के बीच खासकर दुपहिया वाहनों के पीछे भागने से हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है, जबकि इन कुत्तों के दुपहिया वाहनों के पीछे भागने से शहर में दो-तीन दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, बावजूद इसके कोई भी इस और ध्यान देने को तैयार नहीं हैं।

### जल्द इन आवारा कुत्तों के लिए बनाएं योजना

इन आवारा कुत्तों के आतंक का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले दो महीनों में सिविल अस्पताल घुमारवीं में कुत्ते के काटने के करीब 70 मामले सामने आ चुके हैं तथा इनमें अधिकतर मामले पिछले कुछ दिनों के हैं। स्थानीय लोगों दीपक, मदन, सुरजीत, दुर्गादास, अमित, अभी, राकेश, विक्की, नितेश, रामपाल, राजपाल, सुरेश आदि ने मांग की है कि नगर परिषद जल्द इन आवारा कुत्तों के लिए कोई योजना बनाए, ताकि डर के साए में जी रहे लोगों को राहत मिल सके तथा लोग बेखौफ होकर अपने बच्चों को स्कूल तथा घर से बाहर भेज सकें।

> पिछले कुछ समय ऐसी मरीजों की तादाद बढ़ी है, कुत्ते के काटने पर एंटी रैबीज के तीन इंजेक्शन लगवाने पड़ते हैं। सिविल अस्पताल में यह टीका निशुल्क लगाया जाता है। बाजार में एक एंटी रैबीज का टीका काफी महंगा मिलता है। इंजेक्शन नहीं लगाने वाले मरीज रैबीज की चपेट में आ जाते हैं। कुत्ते के काटने के बाद तत्काल एंटी रैबीज का टीका लगवाना चाहिए।
>
> **आशुतोष शर्मा (वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, सिविल अस्पताल घुमारवीं।**

# असफलता से घबराना नहीं, बल्कि सफलता का रास्ता देखना चाहिए

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता कॉलेज में करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल के संयोजक प्रोफेसर बलवीर चंद की ओर से विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान का आयोजन करवाया गया, जिसमें डीएसपी घुमारवीं चंद्र पाल सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

चंद्र पाल ने विद्यार्थियों को उनके करियर के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि किस प्रकार तर्कसंगत दृष्टिकोण रखते हुए बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। चंद्रपाल ने छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण विषयों के बारे में बताया। व्यक्ति को जीवन में अनेक असफलताओं का सामना करना पड़ता है तथा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनेक कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है, हमें असफलता से



डीएसपी घुमारवीं चंद्र पाल सिंह को झंडूता कॉलेज में सम्मानित करते हुए।

घबराना नहीं है, बल्कि असफलता में सफलता का रास्ता देखना चाहिए तथा साथ ही हमें अपने जीवन का कोई लक्ष्य अवश्य निर्धारित करना चाहिए तथा अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने अध्यापकों से बार-बार मार्गदर्शन प्राप्त करते रहना चाहिए। उन्होंने छात्रों को बताया कि जीवन में समय बहुमूल्य होता है, अत: अपने अध्ययन विषयों को समय-सारणी बनाकर प्रतिदिन अध्ययन करते रहना चाहिए तथा प्रतिदिन विषयों के नोट्स बनाते रहना चाहिए। इस अवसर पर करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सदस्यों समेत कॉलेज का समस्त प्राध्यापक वर्ग उपस्थित रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते स्कूली छात्र।

**बंगाणा।** राजकीय उच्च विद्यालय कोट में एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके तहत आपदा प्रबंधन बारे स्कूली स्टूडेंट्स को जागरूक किया गया। 12/3 कंपनी कमांडर हंसराज की अध्यक्षता में गृह-रक्षा बंगाणा द्वारा मॉक ड्रिल के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मॉकड्रिल में भूकंप से बचाव, बाढ़ से घायलों को प्राथमिक सहायता देना, प्राकृतिक आपदा में सहायता, नशा बचाव रहने बारे व आग से बचाव के बारे गृह-रक्षा कंपनी बंगाणा की टीम द्वारा बताया गया। आयोजन में स्कूल के मुख्याध्यापक सुरेश भारती, गृहरक्षक अजय ठाकुर, राजेंद्र सिंह, टीका चंद, स्कूल स्टाफ व स्कूल प्रबंधन कमेटी सहित अन्य गांववासियों ने भाग लिया व जानकारी हासिल की।

### हिमाचल ने छत्तीसगढ़ को दो-एक से हराया



थ्रो बॉल लड़कों की सब-जूनियर विजेता टीम कोच के साथ।

**बंगाणा।** झारखंड में आज से शुरू हुई राष्ट्रीय थ्रो बॉल जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम ने जीत के साथ आगाज किया। हिमाचल की टीम ने अपने पहले मुकाबले में छत्तीसगढ़ को दो-एक से पराजित किया। गौरतलब है कि झारखंड में 27 से 29 दिसंबर तक राष्ट्रीय थ्रो बॉल जूनियर और सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं चल रही है। इस खेलकूद प्रतियोगिता में देशभर की टीमें भाग ले रही हैं। प्रदेश थ्रो बॉल एसोसिएशन के महासचिव जोगिंद्र शर्मा ने बताया कि लड़कों की सब-जूनियर टीम ने पहले मुकाबले में छत्तीसगढ़ को दो-एक से हराया। हिमाचल के अगले मुकाबले वीरवार को खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में हिमाचल की लड़के तथा लड़कियों की सब-जूनियर व सीनियर वर्ग की टीमें भाग ले रही हैं।

### संघ की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा



बैठक के बाद संयुक्त चित्र में संघ के पदाधिकारी।

ऊना। सेवानिवृत्त आबकारी एवं कराधान अधिकारी/कर्मचारी संघ की बैठक में सदस्यों को पेश आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उनके समुचित समाधान तथा निराकरण के लिए विभाग के संबंधित अधिकारियों से सामूहिक रूप से संपर्क साधने का निर्णय किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुखदेव शर्मा ने की। हाल ही में उपायुक्त राज्य कर व आबकारी पद से सेवानिवृत्त हुए संजय शर्मा को सर्वसम्मति से संघ का वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। मीडिया प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि बैठक के दौरान संघ के संघ की बैठक दो माह की अवधि में प्रत्येक बार नियमित रूप से आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। अन्य गतिविधियों के अतिरिक्त तीर्थाटन को भी संघ की गतिविधि के रूप में शामिल करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में उपाध्यक्ष टेकचंद बैंस, महासचिव धर्मपाल असोत्रा, संयुक्त सचिव बलदेव ठाकुर, कोषाध्यक्ष प्रदीप रायजादा, बाबूराम कौशल, जोगिंदर सिंह, वीना कंवर, सुनीता देवी, केसरी दास तथा अशोक कालिया उपस्थित रहे।

### रमेश मेहरा को जिला अध्यक्ष चुना

**अंब।** हिमाचल प्रदेश साइंस मास्टर एसोसिएशन जिला ऊना की विशेष बैठक ब्लॉक अंब के विश्राम गृह में प्रधानाचार्य नरेश शर्मा एवं हिमाचल प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघ के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजीत सिंह रंजू की अध्यक्षता में हुई। इसमें प्रदेश साइंस मास्टर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों द्वारा हरोली में हुए जिला स्तरीय आम सहमति के समय हुए निर्णय को लागू करने पर सहमति प्रदान की गई, जिसके अनुसार सभी पदाधिकारियों द्वारा रमेश कुमार मेहरा को प्रदेश साइंस मास्टर एसोसिएशन जिला ऊना के प्रधान पद पर नियुक्त किया गया। इस मौके प्रधानाचार्य नरेश शर्मा, विज्ञान अध्यापक संघ के प्रदेशाध्यक्ष चंद्रकेश धीमान, प्रदेश विज्ञान संघ के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजीत सिंह रंजू, जिला विज्ञान अध्यापक संघ ऊना के महासचिव विपन सोहल, कोषाध्यक्ष जोगिंद्र कौशल, रंजीत सिंह, कुलदीप राय चंदेल, धर्मवीर शर्मा, ओम प्रकाश, मुनीश कुमार, रजनीश धीमान, गुरजंट सिंह, सतीश कुमार, बलवीर सिंह, राजीव कुमार, ताजिंद्र सिंह, संदेश कुमार, पंकज कुमार, मोहिंद्र पाल, जरनैल सिंह सहित अन्य विज्ञान अध्यापक उपस्थित रहे।



फोटो: रमेश कुमार मेहरा।

### पशुपालन विभाग की टीम ने बकरियों की जांच की

**बंगाणा।** विभिन्न क्षेत्रों में घुमंतू भेड़ बकरी पालकों के मवेशियों की जांच के लिए पशु रोग अन्वेषण मंडी के डॉ. दीप कुमार ठाकुर के नेतृत्व में टीम ने इलाके का दौरा किया। इस दौरान पशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन ऊना के उपनिदेशक डॉ. विनय शर्मा व स्थानीय पशु चिकित्सक डॉ. राजेश जंगा विशेष रूप से उपस्थित रहे। जांच दल ने इलाके में घुमंतू भेड़ बकरी पालक माधो राम थाना खास की 350, पुरुषोत्तम कुमार छपरोह की 200, बाल किशन चुकाहन की 150, राजकुमार ढोलू की 350 व स्थानीय पशु पालक रोशन लाल थानाकलां की 40 बकरियों की जांच कर इलाज भी किया। इिस अवसर पर जांच दल में शामिल सदस्यों देवेंद्र, लाल सिंह, नरेंद्र, अर्जुन, सुनील, चरण दास, अनीश, बलबीर, वीरेंद्र, राज कुमार, नंदलाल और अंकुश ने सहयोग किया।

### पोस्टर मेकिंग में कोमल ने बाजी मारी

**अंब।** प्रदेश सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंतर्गत समेकित बाल विकास परियोजना अंब के तहत पाठशाला कलरूही में जागरूकता शिविर लगाया गया, जिसमें स्टूडेंट्स के लिए पोस्टर मेकिंग और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें लगभग 125 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान पर कोमल, द्वितीय स्थान पर अंशिता और तीसरे स्थान पर अशमिता रही। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शायिना, द्वितीय स्थान पर कामिनी और तीसरे स्थान पर दीक्षा रहकर रही। मेडिकल ऑफिसर डॉ. इतिश्री ने बच्चों को वो दिन योजना के अंतर्गत जागरूक किया। उपस्थित किशोरियों को मासिक धर्म में स्वच्छता रखने के संदर्भ में खून की कमी (एनीमिया) पौष्टिक आहार के बारे में बताया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी विजय कुमार द्वारा सही पोषण के बारे में स्कूल के बच्चों को अवगत करवाया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक पवन कुमार व स्कूल अध्यापक उपस्थित रहे।

# थानाकलां से 25 बोरी सरकारी सीमेंट बरामद

## बंगाणा पुलिस को चेकिंग के दौरान मिली कामयाबी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**स्थानीय** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सरकारी सीमेंट की 25 बोरियां बरामद की हैं। इस सिलसिले में बीती रात एक गाड़ी को चेकिंग के लिए रोका गया। पुलिस पूछताछ में उक्त गाड़ी (एचपी 34 बी-2224) का चालक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। चेकिंग के दौरान इसमें रखी 11 बोरियां सीमेंट पाई गईं, जो कि चोरी-छिपे ठिकाने लगाई जा रही थीं। पुलिस ने इस मामले में सरकारी गवाह बने पूर्व सैनिक रणजोध सिंह की शिकायत पर गाड़ी मालिक विनोद कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस ने सरकारी सीमेंट की बोरियों को कब्जे में ले लिया है। पकड़ी गई गाड़ी को पुलिस ने जब्त कर लिया है। बंगाणा पुलिस के थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय ने बताया कि बीती रात चेकिंग के दौरान एक गाड़ी को रोका गया। इसमें तलाशी के दौरान 11 बोरियां सरकारी सीमेंट पाई गईं। जांच और पूछताछ के बाद उक्त गाड़ी मालिक की निशानदेही पर 14 बोरियां और बरामद की गई हैं। पुलिस ने गाड़ी मालिक विनोद कुमार के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### रेहड़ी लगाकर यातायात बाधित करने पर कार्रवाई

**गगरेट।** गगरेट पुलिस ने चलेट गांव में सड़क के बीचोंबीच रेहड़ी-फड़ी लगाकर सामान बेचने पर कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी रेहड़ी-फड़ी संचालक खेम करण निवासी बरेली उत्तर प्रदेश के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गगरेट पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान चलेट गांव में एक प्रवासी सड़क के बीच रेहड़ी लगाकर सामान की बिक्री कर रहा था। रेहड़ी-फड़ी सड़क के बीच होने से आम जनता को आने-जाने व यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही थी। पुलिस ने रेहड़ी संचालक से आग्रह किया कि वे अपनी-अपनी रेहड़ी सड़क से हटा लें। पुलिस की हिदायत का जब रेहड़ी संचालक ने अनसुना किया तो पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी रेहड़ी-फड़ी संचालक खेम करण का यातायात बाधित करने पर कार्रवाई की है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने रेहड़ी संचालक के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

### यातायात नियम तोड़ने पर 179 वाहनों के चालान

**ऊना।** जिला पुलिस ने अवैध खनन, सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान व यातायात नियमों की अवहेलना करने पर 83 वाहनों के चालान किए हैं, जिसमें से तीन वाहनों के चालानों का मौके पर ही निपटारा करके पंद्रह सौ रुपए जुर्माना प्राप्त किया है। वहीं अन्य 80 चालानों को कार्रवाई के लिए अदालत में भेज दिया है। पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर जिला पुलिस द्वारा धूम्रपान निषेध अधिनियम के अंतर्गत छह व्यक्तियों का चालान करके छह सौ रुपए जुर्माना वसूला है। जिला पुलिस ने अवैध खनन करने वालों पर भी शिकंजा कसा है। पुलिस ने अवैध खनन करने पर एक टिप्पर व एक ट्रैक्टर को जब्त किया है, जिनके चालान काटकर मौका पर जुर्माने के रूप में 25 हजार 115 रुपए जुर्माना प्राप्त किया है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि जिला पुलिस अवैध खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि ऊना जिला में बिगड़ैल वाहन चालकों पर शिकंजा कसा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आईटीएमएस लागू होने से सभी के लिए यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य हो गया है और यातायात नियम तोड़ने वालों के चालान किए जा रहे हैं।

## बंगाणा और अंब में कांग्रेस ने मनाया स्थापना दिवस

# सुई से लेकर जहाज तक निर्मित होने का सारा श्रेय कांग्रेस पार्टी को : भुट्टो



बंगाणा तथा अंब में कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस मनाते कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा/अंब**

**कुटलैहड़** कांग्रेस कमेटी द्वारा कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी का 139वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। भुट्टो ने कहा कि अगर आज भारत वर्ष में सुई से लेकर जहाज तक निर्मित हो रहा है, तो उसका सारा श्रेय कांग्रेस पार्टी को जाता है। देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में कांग्रेस पार्टी को बलिदान पार्टी से संबोधित किया जाता है। जिस प्रकार कांग्रेस पार्टी में गांधी परिवार के प्रधानमंत्री रहते दो महान विभूतियों ने भारत देश के लिए प्राणों की आहुति देकर बलिदान दिया, उसे आज भी जनता याद करती है। इस मौके पर रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र ठाकुर, कमेटी के महासचिव प्रवीण शर्मा, अजय शर्मा समेत कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उधर, चिंतपूर्णी कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी के 139वें स्थापना दिवस पर विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी का ध्वज फहराकर सलामी दी। ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शर्मा की अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारियों ने पंजोआ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्टी ध्वज फहराया। कार्यक्रम के दौरान विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन सिंह बबलू भी मौजूद रहे। विधायक ने कार्यकर्ताओं से कांग्रेस की नीतियों तथा प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की।

इस मौके पर कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष एवं बीडीसी सदस्य डॉ. राजपाल शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मास्टर प्रीतम जंबाल, सुदर्शन ठाकुर, नरेश बरोटिया, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राघव ठाकुर, नगर पंचायत अंब के पार्षद रितेश शर्मा व राजेश शर्मा, डॉ. नरेश कुमार, सुरिंद्र बैंस समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किशोरी हत्याकांड मामले में आरोपी का पुलिस रिमांड तीन दिन बढ़ा

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**उपमंडल** गगरेट के नंगल जरियालां गांव की किशोरी के अपहरण के बाद हत्या के मामले में गगरेट पुलिस ने एक बार फिर से आरोपी का पुलिस रिमांड हासिल किया है।

अब तक की पूछताछ के बाद पुलिस भी यही दावा कर रही थी कि आरोपी ने ही वासना की आग में अंधा होकर किशोरी की हत्या कर डाली, लेकिन पुलिस की निगाहें अभी तक आरएफएसएल रिपोर्ट पर भी टिकी हैं।

इस मामले में जांच अधिकारी तो मान रहे हैं कि पकड़ा गया आरोपी ही कातिल है, जिसने शराब के नशे में इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया है, लेकिन पुलिस के आला अधिकारियों को शक है कि हत्या का कोई और भी कारण हो सकता है। यही वजह है कि हत्या के पुख्ता कारणों को जानने के लिए पुलिस ने आरोपी से फिर से पूछताछ करने का निर्णय लिया है।

वीरवार को आरोपी का पुलिस रिमांड समाप्त होने पर उसे फिर से न्यायालय में पेश किया गया। यहां से पुलिस ने उसका तीन दिन का और पुलिस रिमांड हासिल किया है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद का कहना है कि आरोपी को तीन दिन के और पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### भाजपा सांसद केंद्र में हिमाचल प्रदेश को आपदा राहत दिलाने में विफल : विकास कश्यप

**मुबारकपुर।** चिंतपूर्णी से पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विकास कश्यप ने कहा कि भाजपा सांसद केंद्र से आपदा राहत दिलाने विफल रहे हैं। भारी वरसात में लोगों का करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ, परंतु भाजपा सांसदों ने प्रदेश में आई भारी आपदा के समय आंखे मूंद ली। केंद्र सरकार ने आपदा राहत पैकेज न देकर प्रदेश में कांग्रेस सरकार होने के कारण सौतेला व्यवहार किया। कश्यप ने कहा भाजपा सांसदों को प्रदेश की जनता से लोकसभा चुनावों में वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश की जनता के हित निर्णय ले रहे हैं। प्रदेश में भारी आपदा का सरकार ने बखूबी से मुकाबला किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपने चुनावी वादों को अमलीजामा पहना रही है। कश्यप ने भाजपा सांसदों से पूछा कि जन धन खातों में कितनी राशि सरकार ने डाली है? मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी जीत का परचम लहराएंगे। केंद्र में इस बार कांग्रेस की सरकार बनेगी।

# विधायक ने नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, अंब**



महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के सम्मान कार्यक्रम में उपस्थित विधायक व अन्य पार्टी नेता।

**चिंतपूर्णी** महिला ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर सुरेश कुमारी की ताजपोशी के उपलक्ष्य में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें चिंतपूर्णी विधायक सुदर्शन सिंह बबलू भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सुरेश कुमारी को पार्टी द्वारा चिंतपूर्णी महिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई दी।

विधायक बबलू ने प्रदेश संगठन द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष के पद सुरेश कुमारी की ताजपोशी के निर्णय को सही ठहराया और इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह का आभार जताया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार, नरेश बरोटिया, प्रधान नंदपुर सरवन कुमार, रघु दत्त, राजेंद्र, स्वर्ण सिंह ढिल्लो, सतीश, रितेश, सुभाष सागू, अशोक कुमार, जीवन बलि, संदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कुटलैहड़ भाजपा मंडल ने बैठक कर लोकसभा चुनावों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



**कुटलैहड़** भाजपा मंडल की बैठक थानाकलां में कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर व कुटलैहड़ भाजपा के प्रभारी चतुर सिंह विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक में लोकसभा चुनावों पर विशेष चर्चा हुई। बैठक में मंडल अध्यक्ष, सदस्य, बूथ प्रभारी, भाजयुमो अध्यक्ष, सदस्य, अनुसूचित जाति मोर्चा सदस्य, महिला मोर्चा सदस्यों को राज्य सरकार की नाकामियों व केंद्र सरकार के दस वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के आदेश दिए गए। इस मौके पर कुटलैहड़ महिला मोर्चा की अध्यक्ष मोनिका कौशल, बीडीसी अध्यक्ष देवराज देवू, मंडल महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा, दिलबाग, गुरचरण सिंह, दीपांकर सिंह कंवर, बीडीसी सदस्य राजेंद्र रिंकू, राज कुमार मनकोटिया, भाजयुमो अध्यक्ष शशि राणा, मनु बांका, नमता रानी, राम सिंह, मोहन लाल के अलावा दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 29 सेवानिवृत्त अभियंताओं ने पेश कीं अपनी सेवाएं

**ऊना।** केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित 33 आपदाओं में से 25 आपदाएं हिमाचल प्रदेश में मौजूद हैं और यह क्षेत्र भूकंप, भूस्खलन, बाढ़, हिमस्खलन और सूखे सहित विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के लिए संवेदनशील है, जिसमें से भूकंप विशेष चिंता का विषय हैं। उपायुक्त ने बताया कि अब तक हिमाचल में 29 सिविल इंजीनियर सुरक्षित निर्माण को बढ़ावा देने के लिए मकान बनाने वाले व्यक्ति को अपनी सेवाएं देने के लिए इच्छुक हैं। इन सिविल इंजीनियरों का विवरण राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिसकी https://hpsdma.nic.in जानकारी हासिल की जा सकती है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में किया गया समझौता घर बना रहे व्यक्ति व सेवा प्रदाता के बीच का आपसी समझोता माना जाएगा, जिसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। उपायुक्त ने बताया कि राज्यभर में इच्छुक सेवानिवृत्त सिविल इंजीनियरों से अपनी जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध करवाने का आग्रह करता है।

## चौकी-मन्यार में सात दिवसीय शिविर संपन्न, एनएसएस का उद्देश्य समाज सेवा के प्रति जागरूक करना

# शिवानी और वासुदेव बनीं सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**राजकीय** महाविद्यालय चौकी-मन्यार एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) इकाई की ओर से चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि रिटायर्ड प्रो. अजय कहोल, वशिष्ठ अतिथि सुनील गर्ग एवं पूर्व प्रधान चौकी-मन्यार प्यार सिंह पटियाल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देखकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम सिंह ने सप्ताह भर चले कार्यक्रम के विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. अजय कहोल ने कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति की अपनी भूमिका होती है। छात्र जीवन में भी एनएसएस और एनसीसी से जुड़े स्टूडेंट्स की समाज के प्रति जिम्मेदारी और जवाबदेही ज्यादा रहती है, इसलिए इस प्रकार के शिविर अनुशासन में जीना और अपने कर्त्तव्यों का बोध करवाते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य समाज सेवा के प्रति जागरूक करना है। इसलिए हमारे अंदर सेवा की भावना एवं सहयोग की भावना होनी चाहिए। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर को शिवानी और वासुदेव श्रेष्ठ स्वयंसेवी चुना गया।

इस मौके पर प्रो. नवीन शर्मा, प्रो. सगुन डोगरा, अनुपमा, राकेश, दिनेश, निर्मला, संयोगिता व सीमा उपस्थित रहीं।




एनएसएस कैंप के समापन मौके पर सामूहिक चित्र में स्टूडेंट्स व अध्यापक।

हर हाथ अनंत ज्ञान




बंगाणा में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते पाठक वीरेंद्र सिंह।




बंगाणा में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए पाठक अभिषेक।




ऊना मुख्य बाजार में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए प्रिंस।




पुरी स्पोर्ट्स वर्ल्ड में अनंत ज्ञान समाचार पत्र का आनंद उठाते हमारे पाठक पंकज शर्मा।




उपमंडल अंब के हीरा नगर में अनंत ज्ञान समाचार पढ़ते हुए अंकुश।

# हाई कोर्ट ने खारिज की सहायक जेल अधीक्षक की याचिका

## जेल में मोबाइल उपलब्ध करवाने पर कैदी से मांगे थे 1.63 लाख

**एजेंसी, चंडीगढ़**

जेल में नशा तस्करी के आरोपी को मोबाइल उपलब्ध करवाने और इसकी एवज में आरोपी की पत्नी से 1.63 लाख रुपए वसूलने के आरोपी सहायक जेल अधीक्षक को अग्रिम जमानत देने से इंकार करते हुए पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने उसकी याचिका को खारिज कर दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि आरोप बेहद गंभीर हैं और आरोपी से हिरासत में पूछताछ बहुत जरूरी है।

याचिका दाखिल करते हुए तरसेम पाल ने बताया कि वह फिरोजपुर जेल में सहायक जेल अधीक्षक के तौर पर कार्यरत था। इस दौरान एक कैदी ने जेल में वीडियो बनाया था जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।




आरोपी ने बताया कि वह अब रिटायर हो चुका है और उसकी जेल विभाग में नौकरी के दौरान छवि साफ रही है। केवल एक कैदी के बयान के आधार पर याची को इस मामले में फंसाया जा सकता है। ऐसे में उसे जमानत दी जानी चाहिए।

हाई कोर्ट ने कहा कि इस मामले में आरोपी कैदी की पत्नी के संपर्क में था जो कॉल रिकॉर्ड से स्पष्ट होता है। इसके साथ ही पैसे के लेन-देन के आरोप गंभीर हैं। ऐसे में याची से हिरासत में पूछताछ जरूरी है।

# फिरोजपुर में बीएसएफ को मिला हेरोइन का पैकेट

**फिरोजपुर।** पंजाब में हेरोइन के पैकेट के मिलने का सिलसला थमने का नाम नहीं ले रहा। वहीं, ताजा मामला फिरोजपुर का है जहां बीएसएफ के जवानों को हेरोइन को पैकेट मिला है। वीरवार को सर्च अभियान दौरान उक्त पैकेट मिला है। यह पैकेट पीली टेप में लिपटा हुआ था।



**पाकिस्तानी ड्रोन ने खेतों में फेंका था हेरोइन का पैकेट**

पंजाब में बीएसएफ ने फिरोजपुर के ममदोट क्षेत्र से हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया है। बीती रात पाकिस्तानी ड्रोन उक्त हेरोइन का पैकेट बीएसएफ की चेक पोस्ट जगदीश, गांव माछीवाड़ा के खेतों में फेंक गया था। पंजाब पुलिस और बीएसएफ का सर्च अभियान अभी भी जारी है । यह पैकेट पीली टेप में लिपटा हुआ था और बीएसएफ की बटालियन 136 ने इसे बरामद किया है।

# दरकते जोशीमठ के बीच चमकी चार धाम की यात्रा, 50 लाख यात्री आए उत्तराखंड

**एजेंसी, देहरादून**

श्री बद्रीनाथ धाम के प्रवेशद्वार जोशीमठ पर इस वर्ष की शुरुआत में ऐसा संकट आया कि इस पौराणिक शहर के अस्तित्व मिटने तक की बात होने लगी थी। ऐसे में चार धाम यात्रा खास तौर पर श्री बद्रीनाथ धाम की यात्रा के प्रभावित होने की आशंकाएं थीं, लेकिन हर बार की तरह आस्था विजयी हुई और आशंका पराजित।

चार धाम यात्रा में इस बार यात्रियों की संख्या का नया रिकॉर्ड बन गया। श्री हेमकुंड साहिब को भी शामिल कर लें, तो इस बार की संपूर्ण यात्रा में पहली बार यात्रियों की संख्या ने 50 लाख का आंकड़ा छू लिया। वर्ष 2023 की शुरुआत जोशीमठ पर आए असाधारण संकट के साथ हुई। ऐसा संकट जिसने देहरादून से लेकर दिल्ली तक में हलचल मचा दी। भूस्खलन का ऐसा दौर चला कि लोगों के घरों में दरारें पड़ने लगीं। जमीन के भीतर पानी के तेजी से हलचल मचाने के संकेत ने लोगों की रातों की नींद और दिन का चैन छीन लिया। आनन-फानन में राज्य और केंद्र की तमाम एजेंसियां सक्रिय हुईं और राहत-पुनर्वास के इंतजाम किए गए। काफी संख्या में लोगों को अपने घर छोड़कर राहत शिविर में रहने को मजबूर होना पड़ा था।

### पिछली बार कुल 46 लाख यात्री आए थे

पिछली बार कुल 46 लाख यात्रियों ने हेमकुंड साहिब सहित चार धामों में पहुंचकर माथा टेका था। इस बार यह संख्या 50 लाख तक पहुंच गई। अकेले श्री बद्रीनाथ धाम में 16 लाख यात्रियों का आना हुआ, जबकि श्री हेमकुंड साहिब में पौने दो लाख यात्री पहुंचे। श्री केदारनाथ धाम में कुल 17 लाख यात्रियों की आमद दर्ज की गई।



# आईपीओ के लिए बाध्य फर्स्टक्राई ने सेबी के पास दाखिल की फाइल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मदर एंड चाइल्ड केयर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फर्स्टक्राई ने वीरवार को बाजार नियामक सेबी के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया, इसमें शेयरों के ताजा मुद्दे के माध्यम से 1,816 करोड़ रुपए जुटाने की मांग की गई है।

फर्स्टक्राई की मूल कंपनी ब्रेनबीज सॉल्यूशंस ने डीआरएचपी दाखिल किया, इसमें 5.4 करोड़ इक्विटी शेयरों के साथ ऑफर-फॉर-सेल (ओएफएस) शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जापानी निवेश दिग्गज सॉफ्टबैंक दो करोड़ इक्विटी शेयर बेचने की संभावना है, जबकि प्रेमजी इन्वेस्ट ओएफएस के दौरान 86 लाख शेयर बेचने की संभावना है। फर्स्टक्राई आईपीओ फंड का उपयोग देश भर में आधुनिक खुदरा स्टोर और गोदाम स्थापित करने के लिए करेगा। इस बीच, फर्स्टक्राई ने वित्त वर्ष 2013 में परिचालन से 5,632 करोड़ रुपए का राजस्व दर्ज किया, जबकि इसका घाटा वित्त वर्ष 2012 में 79 करोड़ रुपए से छह गुना बढ़कर 486 करोड़ रुपए हो गया।

सॉफ्टबैंक समर्थित यूनिकॉर्न ने राजस्व में लगभग 2.4 गुना वृद्धि दर्ज की लेकिन घाटा भी काफी बढ़ गया।

**1,816 करोड़ रुपए जुटाने का रखा लक्ष्य**



## वर्ल्ड न्यूज

### लापता किशोरियों को चंद घंटों में पुलिस ने किया सकुशल बरामद

**हरिद्वार।** परिजनों की डांट से नाराज होकर लापता हुई दो किशोरियों को ज्वालापुर पुलिस ने चंद घंटों में बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। दोनों किशोरियों को सकुशल पाकर परिवार जनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस के मुताबिक ज्वालापुर क्षेत्र निवासी दो किशोरियां सुबह स्कूल के लिए निकली, लेकिन छुट्टी होने के काफी समय बाद भी जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई। किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचित किया था। दोनों किशोरियों को कुछ ही घंटों में सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### फतेहाबाद में दुकानदार की गर्दन पर कापा रख 23 हजार लूटे

**फतेहाबाद।** टोहाना के रतिया रोड पर एक सबमर्सिबल पंप की दुकान पर पहुंचे दो नकाबपोश बदमाशों ने दुकानदार की गर्दन पर तेजधार कापा रखकर उससे 23 हजार रुपए की नकदी लूट ली और फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद दुकानदार ने इस बारे पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही टोहाना थाना प्रभारी व डीएसपी शमशेर सिंह मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। सुनील कुमार ने बताया कि वह दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी में था और नकदी संभाल रहा था। इसी दौरान दुकान में घुसे दो नकाबपोश युवकों ने उसकी गर्दन पर कापा रख दिया और उसका मोबाइल फोन छीनकर फेंक दिया। डीएसपी शमशेर सिंह ने बताया कि जांच शुरू कर दी है।

### पुलवामा में बिजली का करंट लगने से एक महिला की मौत

**पुलवामा।** पुलवामा जिले के पुचल इलाके में वीवार को बिजली का करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुचल निवासी मोहम्मद शफी डार की पत्नी ताहिरा अख्तर को दुर्घटनावश बिजली का झटका लगा, जिस कारण उसका सिर जल गया। महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल पुलवामा ले जाया गया, जहां मौजूद डॉक्टरों ने उसे उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### राजौरी में संदिग्धों ने की वीडीसी के घर का गेट तोड़ने की कोशिश

**राजौरी।** राजौरी के कोटरंका के पीडी गांव में बुधवार की रात को कुछ लोगों ने विलेज डिफेंस कमेटी (वीडीसी) सदस्य के घर का गेट तोड़ने की कोशिश की। इस दौरान वीडीसी सदस्य ने हवा में गोलीबारी की जिसके बाद वह भाग गए। वहीं, वीडीसी सदस्य ने इसकी सूचना पुलिस को दी। वीडीसी सदस्य सचिन सिंह ने बताया कि आधी रात को कुछ संदिग्धों ने घर के मुख्य गेट को जोर-जोर से खटखटाया। उन्होंने हवा में गोलीबारी की। वे गेट से तोड़-फोड कर फरार हो गए।

# चंदा कोचर व 10 अन्य पर टमाटर पेस्ट कंपनी को धोखा देने पर केस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक और सीईओ चंदा कोचर एक बार फिर कानूनी विवाद के केंद्र में हैं। उनके खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में एक नया मामला दर्ज किया गया है, इसमें कोचर और दस अन्य पर टमाटर के पेस्ट में धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है।

कंपनी को 27 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। 2009 का यह मामला हाल ही में तब सुर्खियों में आया जब नौ दिसंबर को पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को जांच शुरू करने का आदेश दिया। इसके बाद, दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोपों का हवाला देते हुए 20 दिसंबर को एक प्राथमिकी दर्ज की। एफआईआर में जिन लोगों के नाम हैं उनमें चंदा कोचर, संदीप बख्शी (सीईओ और एमडी आईसीआईसीआई बैंक), विजय जगडे (पूर्व प्रबंधक आईसीआईसीआई बैंक), मुंबई में आईसीआईसीआई बैंक की ग्लोबल ट्रेड सर्विसेज यूनिट के अनाम अधिकारी, अतुल कुमार गोयल (एमडी और सीईओ पंजाब नेशनल बैंक), केके बोर्दिया (पूर्व जीएम ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स), अखिला सिन्हा (एजीएम पीएनबी और ओबीसी के तत्कालीन शाखा प्रमुख), मनोज सक्सेना (एजीएम पीएनबी और ओबीसी के तत्कालीन शाखा प्रमुख), और केके भाटिया (ओबीसी में पूर्व मुख्य प्रबंधक) शामिल हैं। पीएंडआर ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड (टोमेटो मैजिक) के निदेशक शम्मी अहलूवालिया द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार, आरोपी ने कथित तौर पर एक विदेशी बैंक से 'लेटर ऑफ क्रेडिट' (एलओसी) को असली दस्तावेज के रूप में पेश करने की साजिश रची।



आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक और सीईओ चंदा कोचर

# एसवाईएल विवाद पर बैठक बेनतीजा

## पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा-राज्य का 70 फीसदी एरिया डॉर्क जोन में

**एजेंसी, चंडीगढ़**

एसवाईएल विवाद पर पंजाब-हरियाणा के सीएम के बीच बैठक फिर बेनतीजा ही रही। सतलुज-यमुना लिंक नहर (एसवाईएल) विवाद पर बैठक करीब डेढ़ बजे शुरू हुई। बैठक में दोनों राज्य अपने पुराने स्टैंड पर कायम रहे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि हम अपने पुराने स्टैंड पर कायम हैं। हमारे पास देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। वहीं, हम हरियाणा को यमुना से पानी देने का ऐतराज नहीं करते हैं। सीएम भगवंत मान ने कहा कि सतलुज अब नदी नहीं नाला बनकर रह गया है।

पंजाब का 70 फीसदी एरिया डॉर्क जोन में चला गया है। पानी काफी गहराई में चला गया। ऐसे में ज्यादा क्षमता वाली मोटरों का प्रयोग करना पड़ रहा है। उन्होंने उदाहरण दिया पंजाब में भूमिगत जल निकालने के लिए जितनी क्षमता की मोटर का प्रयोग होता है, दुबई में तेल निकालने के उतनी क्षमता की मोटर का प्रयोग होता है। पंजाब सीएम ने कहा कि पंजाब ग्राउंड वाटर पानी को बचाने के लिए प्रयास किए जा रहा है। पुराने नालों, रजवाहों को संवारा जा रहा है। नए डैम बनाए जा रहे हैं ताकि हम अपनी जरूरतों को पूरा कर पाएं, जबकि हरियाणा ऐसा नहीं कर पाया है।



### पंजाब को चाहिए 52 एमएफ पानी रह गया 14 एमएफ

सीएम ने बताया कि पंजाब को 52 एमएफपानी चाहिए, लेकिन राज्य के पास साढ़े 14 एमएफरह गया है। ऐसे में हम पानी नहीं दे सकते हैं। हम चार जनवरी को होने वाले सुनवाई में अपना रख देंगे।

### बैठक में ये मौजूद

मुख्यमंत्रियों की बीच बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने की। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल मीटिंग में शामिल रहे। दोनों राज्यों के एजी के साथ, दोनों राज्यों के मुख्य सचिव, सिंचाई विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### नहर बनाने पर रहेगा जोर

मामले पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल कहते आए हैं कि एसवाईएल के निर्माण का राज्यों के बीच जल बंटवारे से कोई लेना-देना नहीं है। सीएम का कहना पानी नहीं, हमारा नहर बनाने पर रहेगा जोर रहेगा। पानी के बंटवारे का विवाद अलग है, जो प्राधिकरण हल करेगा।

### सुप्रीम कोर्ट की फटकार

सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद केंद्र फिर इस मामले की मध्यस्थता कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार को काफी लताड़ लगाई थी। अब इस मामले की मीटिंग के बाद जनवरी के पहले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा।

**सर्वे शुरू करने के आदेश**

हरियाणा सरकार ने शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान कहा था कि दो दशक से यह विवाद उलझा हुआ है। पंजाब सरकार नहीं चाहती कि इसका हल निकले। गत दो मीटिंग में कोई हल नहीं हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को सर्वे की प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए थे।

# दौलतपुर में नशा तस्कर की प्रॉपर्टी कुर्क

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

जिला पुलिस प्रशासन ने एक नशा तस्कर की प्रॉपर्टी को कुर्क कर दिया है। वीरवार को दो थानों के एसएचओ और एक डीएसपी समेत भारी पुलिस फोर्स आरोपी के घर दौलतपुर पहुंची और वहां पर आरोपी की प्रॉपर्टी कुर्क करने संबंधी एक बोर्ड भी लगाया।

डीएसपी रजिंदर सिंह मन्हास ने बताया कि दौलतपुर के रहने वाले विनोद कुमार लोंडी के खिलाफ थाना सुजानपुर में साल 2015 में एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज था और तभी विनोद कुमार से 600 ग्राम नशीला पाउडर बरामद हुआ, जिसमें विनोद को सजा भी हुई थी। डीएसपी ने कहा कि नशा तस्कर विनोद कुमार ने जो नशा तस्करी के धंधे से गैरकानूनी प्रापर्टी बनाई हुई थी, उसकी एसएचओ सुजानपुर ने रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजी। इसके बाद वीरवार को भारी मात्रा में पुलिस ने विनोद की प्रॉपर्टी पर पहुंच कर उसे फ्रीज कर दिया है। इस प्रॉपर्टी में दो प्लाट, एक रेजिडेंशल एरिया में मकान, दो दुकानें और एक थार गाड़ी है, जिसको सीज कर दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट तैयार की थी, उसमें यह विनोद कुमार की सारी प्रॉपर्टी गैरकानूनी पाई गई है।

**नशा तस्करी के धंधे से बनाई थी गैरकानूनी प्रॉपर्टी, पठानकोट पुलिस की दूसरी बड़ी कार्रवाई**

डीएसपी ने कहा कि यह प्रॉपर्टी सीज की है इस संबंधी अगर वे लीगल प्रूफ कर पाते हैं तो यह जांच का विषय है। हालांकि, पुलिस की जांच में विनोद की प्रॉपर्टी गैरकानूनी पाई गई है। उन्होंने कहा कि यह जिले में दूसरी कार्रवाई है और भविष्य में भी पुलिस की यह कार्रवाई जारी रहेगी।

## कैट ने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से आर्थिक वृद्धि का लगाया अनुमान

# देश के कारोबार को भी 'प्राण' देंगे श्रीराम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कन्फेडरेशन** ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर के उद्घाटन के बाद देश में आर्थिक वृद्धि का अनुमान जताया है। कारोबार संगठन कैट की मानें तो भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जनवरी में करीब 50 हजार करोड़ रुपए का व्यापार होने का अनुमान है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने वीरवार को जारी एक बयान में कहा कि 22 जनवरी को श्री राम मंदिर के उद्घाटन के बाद भारत में 50 हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यापार होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि इस अतिरिक्त व्यापार की मांग को पूरा करने के लिए सभी राज्यों में व्यापारियों ने व्यापक तैयारियां कर ली हैं।

**उत्पादों पर उकेरा राम का नाम :** खंडेलवाल ने कहा कि बड़ी संख्या में कुर्ता, टी-शर्ट और अन्य वस्त्र तैयार किए जा रहे हैं, जिन पर राम मंदिर के मॉडल की हाथ से कढ़ाई और छपाई हो रही है। देश के सभी बाजारों में बड़ी मात्रा में श्रीराम ध्वजा, श्रीराम अंगवस्त्र सहित श्रीराम के चित्र से अंकित मालाएं, लाकेट, चाबी के छल्ले, राम दरबार के चित्र, राम मंदिर के मॉडल के चित्र, सजावटी लटकनें, कड़े सहित अनेक प्रकार का सामान दुकानों में उपलब्ध है।

इस पूरे अभियान में सभी वर्गों को व्यापार दिलाने तथा घर घर-दुकान-दुकान श्रीराम का जयघोष करने के लिए कैट ने सभी राज्यों के व्यापारिक संगठनों को साथ लेकर एक बड़े समन्वय का काम अपने जिम्मे लिया है।

### राम राज्य दिवस घोषित करने की मांग

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया है कि 22 जनवरी को 'राम राज्य दिवस' के रूप में घोषित किया जाए, क्योंकि श्री राम भारत की प्राचीन संस्कृति, सभ्यता एवं मर्यादा के प्रतीक हैं। कैट महामंत्री ने कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद जनवरी में भारत में पर्याप्त आर्थिक वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद देश में व्यापार के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

# राम भक्तों को अयोध्या से आए अक्षत-कलश भेंट किए

**अनंत ज्ञान, शाहपुरकंडी**

**अयोध्या** में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वीरवार को स्थानीय श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्रीराम जन्मभूमि के जिला पालक कृष्ण वर्मा की देख-रेख में विशेष बैठक हुई।

बैठक में खंड पालक करणदीप सिंह, संयोजक मनदीप सिंह, विश्व हिंदू परिषद के विशाल चौहान, सहसंयोजक योगेश कुमार सहित विभिन्न मंडलों के कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। जिला पालक कृष्ण वर्मा एवं खंड पालक करणदीप सिंह ने बताया कि जुगीयाल खंड में पड़ते छह मंडलों के 84 गांवों के राम भक्तों को अयोध्या से विशेष तौर पर आए अक्षत-कलश भेंट किए गए, जिन्हें राम भक्त 84 गांवों के घर-घर में पहुंचाएंगे। इस मौके पर राम भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। इस मौके पर पंजाब के पूर्व डिप्टी स्पीकर ठाकुर दिनेश सिंह बब्बू, सनातन धर्म सभा शाहपुरकंडी टाउनशिप के अध्यक्ष शिवप्रकाश धीमान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कुमार बिट्टू, उपाध्यक्ष स्माइल शर्मा, भारतीय मजदूर संघ के ओपी वर्मा, अशोक शर्मा, मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन विपिन महाजन, समाज सेवक सुरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र राणा, पवन पटवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्रीराम जन्मभूमि के जिला पालक की देखरेख में आयोजित बैठक में मौजूद सदस्य।

# पंजाब में स्कूल के बच्चों को मिड-डे मील में मिलेंगे फल

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब के सरकारी स्कूलों में पढने वाले बच्चों को अब मिड-डे मील में फल भी वितरित किए जाएंगे। इस संबंध में पंजाब सरकार ने वीरवार को निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

शिक्षा विभाग ने मिड-डे-मील के मेन्यू में मामूली बदलाव किया है। अब विद्यार्थी खाने में काले चने, कढ़ी और राजमा का स्वाद भी उठा पाएंगे। शिक्षा विभाग मिड डे मील में अब बच्चों को सप्ताह में एक दिन खाने के साथ केला या अन्य फल भी देगा। राज्य के सरकारी, सरकारी एडेड, प्राइमरी व एलिमेंट्री स्कूलों में पढ़ाई कर रहे 17 लाख विद्यार्थियों को खाना मुहैया करवाया जाता है। स्कूल कमेटियां सारी चीजों पर नजर रखेंगी।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

## NOTICE

I Savita Devi W/o Sh. Sarup Chand Village Panapar Har, P.O. Panapar, Teh. Palampur, Distt. Kangra (HP) Solemnly declare that. I want to correct my name as Savita Devi instead of Savita in school record of my son Himanshu Thakur. All Concerned note it.

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष :** मेष राशि वालों की आध्यात्मिक विषयों में रुचि रहेगी। भाग्य पूरी तरह से मेहरबान रहेगा, अवसर का लाभ उठाएं और अटके हुए काम को पूरा करें। मानसिक सुख शांति मिलेगी। नए अवसर प्राप्त होंगे। व्यवसाय में प्रगति होगी। आर्थिक क्षेत्र के प्रयास सफल होंगे।

**वृषभ :** आज का दिन धैर्य और संयम से बिताना चाहिए। लंबी दूरी की यात्रा हो सके तो टालें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। अजनबी लोगों पर भरोसा न करें वर्ना लेने के देने पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य का ख्याल रखें। पारिवारिक जीवन में आपसी तालमेल मानसिक बल देगा।

**मिथुन :** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन में अच्छा तालमेल रहेगा। प्रिय व्यक्ति का साथ प्राप्त कर सकेंगे। घर परिवार के मामले में धन खर्च हो सकता है। शाम का समय मनोविनोद में बीतेगा। शेयर में निवेश कर सकते हैं, लाभ मिलेगा।

**कर्क :** आज कार्यक्षेत्र में प्रगति का दिन है। सहकर्मियों और अधिकारियों से सहयोग मिलेगा। अचानक कोई शुभ समाचार मिल सकता है। रुका हुआ धन प्राप्त होगा, बुद्धि-विवेक से सफलता मिलेगी। नौकरी व्यवसाय में नई योजना पर काम शुरू करना अच्छा रहेगा।

**सिंह:** आज का दिन आनंद और उत्साह में बीतेगा। जिन क्षेत्रों में भी प्रयास करेंगे उनमें अनुकूल परिणाम प्राप्त होगा। मिजाज रोमांटिक रहेगा। शौक की चीजों पर पैसा खर्च कर सकते हैं। छोटी दूरी की यात्रा होगी। लाभ वाले मामले में जोखिम भी आज ले सकते हैं किस्मत का पूरा साथ मिलेगा।

**कन्या :** क्रोध अधिक आएगा, संयम से काम लें। वाद-विवाद और दूसरों के मामलों से आज दूर रहें। वाणी और शब्दों का प्रयोग संभलकर करना करें नहीं तो परेशानी होगी। सेहत का ध्यान रखिए। जीवनसाथी की बातों पर ध्यान दें नहीं तो परिवार का माहौल बिगड़ेगा।

**तुला :** आज आपमें आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। अपनी मेहनत और लगनशीलता से काम में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कारोबार में लाभ होगा। कुछ कलात्मक काम भी कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन में तालमेल और प्रेम बढ़ेगा। कुछ पुण्य के काम कर सकते हैं।

**वृष्चिक:** उत्साह और आनंद में वृद्धि होगी। आज प्रयास कीजिए, आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। परिवार के सदस्यों का पूरा सहयोग मिलेगा। कहीं से धन लाभ भी मिल सकता है। बिजनेस और मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए कारोबार से संबंधित यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**धनु:** स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा। नौकरी में अधिकारियों से सहयोग प्राप्त कर सकेंगे। काम-काज में आपका उत्साह बना रहेगा जिससे सफलता प्राप्त कर सकेंगे। मित्रों और संबंधियों की खबर से आनंदित होंगे। पुराने अधूरे काम भी आप पूरा कर सकते हैं। बच्चों से खुशी मिलेगी।

**मकर :** ऐसा कोई काम न करें जिससे आपकी प्रतिष्ठा और छवि धूमिल हो। आपको संभलकर कार्य व्यवहार करना होगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। गैर जरूरी खर्चे हो सकते हैं। दोपहर बाद बनता काम भी बिगड़ सकता है। दिन के पहले भाग में महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा कर लेना अच्छा रहेगा।

**कुंभ :** दिन मंगलमय बीतेगा। आज मां लक्ष्मी की कृपादृष्टि आप पर बनी रहेगी। प्रयास करने से सफलता प्राप्त कर सकेंगे। लाभ मिलेगा। जोखिमपूर्ण निवेश भी आप कर सकते हैं। मित्रों और पुराने परिचितों के सहयोग से आपका काम बन सकता है।

**मीन :** आज दिन भर कार्य की व्यस्तता रहेगी। सामाजिक मामलों में सहभागी हो सकते हैं। मान-सम्मान, यश में वृद्धि होगी। पूजा-पाठ में रुचि लेंगे, मन प्रसन्न रहेगा। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात होगी एवं सहयोग प्राप्त होगा। महिला मित्रों और संबंधियों से फायदा मिलेगा।

## आज का पंचांग

(29 दिसंबर, 2023)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **शुभ मुहूर्त:** अभीजित सुबह 12:02 -12:43 दोपहर तक, **तिथि :** द्वितीया 08:02 सुबह तक, **नक्षत्र :** पुष्य 03:10 सुबह, **पक्ष :** कृष्ण,
**राहुकाल :** 11:05-12:22 दोपहर बाद।

## व्रत त्योहार

▶▶ माउंट आबू में आज से शुरू होगा शरद उत्सव।

सूर्योदय : 07:12
सूर्यास्त : 05:33

**जानकारी** कोयला मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े, संचयी उपलब्धि 692.84 एमटी रही

# कोयला उत्पादन 12.3 फीसदी बढ़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चालू वित्त वर्ष (1 अप्रैल 2023 से 25 दिसंबर 2023) के दौरान देश का कोयला उत्पादन बढ़कर 664.37 मिलियन टन (एमटी) हो गया है, जो पिछले साल की समान अवधि के 591.64 एमटी से 12.29 प्रतिशत अधिक है।

कोयला मंत्रालय द्वारा वीरवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, कोयला प्रेषण के संदर्भ में, इस अवधि के दौरान संचयी उपलब्धि 692.84 एमटी रही, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 622.40 एमटी की तुलना में 11.32 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। इसके अलावा, 1 अप्रैल 2023 से 25 दिसंबर 2023 तक बिजली क्षेत्र को कुल कोयला प्रेषण 8.39 प्रतिशत बढ़कर 577.11 एमटी तक पहुंच गया। 25 दिसंबर तक खदानों, थर्मल पावर प्लांटों, पारगमन आदि सहित कुल कोयला स्टॉक स्थिति 91.05 एमटी तक पहुंच गई, जो 21.57 प्रतिशत की सराहनीय वृद्धि दर्शाती है। मंत्रालय ने बताया कि इसके अतिरिक्त, 25 दिसंबर तक कोल इंडिया लिमिटेड में पिटहेड कोयले का स्टॉक 47.29 एमटी है, जो पिछले साल 25 दिसंबर को 30.88 एमटी के कोयला स्टॉक की तुलना में 53.02 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है।



मंत्रालय ने कहा कि थर्मल पावर प्लांटों को कुशल कोयला आपूर्ति के परिणामस्वरूप विभिन्न पिटहेड पर कोयला स्टॉक का स्तर मजबूत हुआ है, जो देश भर में निर्बाध वितरण सुनिश्चित करने में कोयला आपूर्ति श्रृंखला की प्रभावशीलता को उजागर करता है। इसके अलावा, कोयला परिवहन के लिए महत्वपूर्ण कोयला रेक की निर्बाध उपलब्धता, एक सुचारू निकासी प्रक्रिया सुनिश्चित करती है, परिवहन बाधाओं को प्रभावी ढंग से संबोधित करती है और निर्बाध कोयला आपूर्ति की गारंटी देती है।

## न्यायालय श्री राजन कुमार नायब तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी दुलैहड़, जिला ऊना हि.प्र.

ईश्तहार अखवार जेर आर्डर 5 रूल 1 और 2 जावता दिवानी वावत-तकसीम
मुकद्दमा नं. 44, 45/ना.त.दु./2023
खाता नं.-459, 460
खतौनी नं. 671, 672
महाल- छेत्रा

**सुमित कुमार**
सायलान

**बनाम:**- **1.** श्री जसवीर सिंह उपनाम तेलु राम वासी गांव छेत्रा उप तहसील दुलैहड़, जिला ऊना हि.प्र.। **2.** केवल सिंह पुत्र श्री हेम चंद वासी गांव छेत्रा उप तहसील दुलैहड़, जिला ऊना हि.प्र.। **3.** श्रीमती सीता देवी पुत्री श्री हेम चंद वासी गांव छेत्रा उप तहसील दुलैहड़, जिला ऊना हि.प्र.। **4.** श्रीमति कौशल्या देवी पुत्री श्री हेम चंद वासी गांव छेत्रा उप तहसील दुलैहड़, जिला ऊना हि.प्र.। **5.** श्रीमति स्वर्ण कौर पुत्री श्री हेम चंद वासी गांव छेत्रा उप तहसील दुलैहड़, जिला ऊना हि.प्र.। **6.** श्रीमती प्रकाश कौर पुत्री श्री हेम चंद वासी गांव छेत्रा उप तहसील दुलैहड़, जिला ऊना हि.प्र.।

उपरोक्त मुकद्दमा तकसीम में फ्रीकसानीयान की तामील साधारण समन द्वारा नहीं हो रही है। अब अदालत को यकीन हो चुका है कि मन्द्रजा जैल फ्रीकसानीयान व मृतकों के वारसान की तामील समनों द्वारा नहीं हो सकती है। अत: अब उनकी तामील इश्तहार अखबार जारी किया जाता है कि वह दिनांक 06.01.2024 को 10.00 बजे असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना पक्ष रू-वरू रखें अदम हाजरी व पैरवी उनके विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उसके उपरान्त कोई सुनवाई नहीं की जाएगी।

मुकद्दमा नं. 44, 45/ना.त.दु./2023
आज दिनांक 26.12.2023 हस्ताक्षर मेरे व मोहर अदालत के जारी किया गया।

**नायव तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता (द्वितीय वर्ग) उप-तहसील दुलैहड़ जिला ऊना।**

## व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एवं कार्यकारी दंडाधिकारी नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र.।

मिसल नं. /तह/2023 (RMS)
ता.दा. 06.12.2023 तारीख पेशी: 27.01.2024

**अनुमान मुकदमा**

श्रीमति एन शर्मा पुत्री श्री सुरेन्द्र कुमार, निवासी वार्ड नं.5, नगरोटा बगवां, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा। **प्रार्थी पक्ष**

**बनाम**

**आम जनता** **प्रत्याक्षी पक्ष**

**विषय: प्रार्थना पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13(3) के अंतर्गत जन्म तिथि 01.02.1971 को नगर परिषद नगरोटा बगवां के रिकार्ड में दर्ज करने बारे।**

**अखवारी ईश्तहार:** प्रार्थीया श्रीमति एनं शर्मा पुत्री सुरेन्द्र कुमार, निवासी वार्ड नं.5, नगरोटा बगवां, तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा ने जन्म तिथि पंजीकरण बारे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म दिनांक 01-02-1971 को वार्ड नं. 5 नगरोटा बगवां, तहसील नगरोटा बगवां में हुई। किसी कारणवश मेरी जन्म तिथि नगर परिषद नगरोटा के रिकार्ड दर्ज न है दर्ज करने का आग्रह किया है।

अत: इस अदालती अखबारी ईश्तहार कोर्ट नोटिस द्वारा आम जनता व सगे सम्बन्धियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी को भी इस जन्म तिथि पंजीकरण करने बारे काई एतराज हो तो वह स्वयं बजरिया कौंसल एतराज दिनांक 27.01.2024 को अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। और नियमानुसार जन्म तिथि पंजीकरण के आदेश पारित कर दिए जाएंगे।

आज दिनांक 28.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुआ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र.**

## न्यूज ब्रीफ

### तेलंगाना में सरकार बदलने से हैदराबाद में फॉर्मूला ई रेस को लेकर चिंता

**नई दिल्ली।** फॉर्मूला ई ने हैदराबाद में दस फरवरी को होने वाली रेस को लेकर ताजा चिंता जताते हुए कहा है कि तेलंगाना में नई सरकार से मिली ताजा सूचना के बाद इसका आयोजन मुश्किल लग रहा है । देश में पहली इलेक्ट्रिक रेस इस साल फरवरी में हुई और तत्कालीन आईटी मंत्री केटी रामाराव की इसके आयोजन में अहम भूमिका रही। केटीआर की बीआरएस पार्टी हालांकि दिसंबर में चुनाव हार गई और अब वहां कांग्रेस की सरकार है। पहली रेस के आयोजन में परिचालन संबंधी दिक्कतों को देखते हुए फॉर्मूला ई ने हैदराबाद को अस्थायी कैलेंडर से हटा दिया है, जबकि अक्तूबर में इसे शामिल किया गया था। फॉर्मूला ई ने एक बयान में कहा कि हाल ही में तेलंगाना की नई सरकार से मिले आधिकारिक पत्र के बाद फॉर्मूला ई समझौते के तहत अपनी अनुबंध संबंधी प्रतिबद्धताओं के बारे में तत्काल स्पष्टीकरण चाहता है और यह हैदराबाद रेस को कैसे प्रभावित कर सकता है। इसमें कहा गया कि पत्र को पढ़ने के बाद फॉर्मूला ई चिंतित है कि यह रेस निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नहीं हो सकेगी। फॉर्मूला ई और तेलंगाना सरकार तथा ग्रीनको के बीच चार साल का करार हुआ था।

### इंदौर में भारत-अफगानिस्तान टी-20 मैच का सबसे सस्ता टिकट 743 रुपए का

**इंदौर।** इंदौर में भारत और अफगानिस्तान के बीच 14 जनवरी को खेले जाने वाले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के निचले ईस्ट स्टैंड के सबसे सस्ते टिकट के लिए दर्शकों को 743 रुपए खर्च करने होंगे, जबकि पहली मंजिल स्थित साउथ पवेलियन के सबसे महंगे टिकट के लिए 5,947 रुपए देने होंगे। मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) के एक अधिकारी ने टिकट दरों की घोषणा के बाद वीरवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करीब 28,000 दर्शकों की क्षमता वाले स्थानीय होलकर स्टेडियम में अफगानिस्तान पहली बार कोई मैच खेलेगा। अधिकारी ने बताया कि भारत-अफगानिस्तान टी-20 मैच के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री 30 दिसंबर को सुबह छह बजे से शुरू होगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज 11 जनवरी से शुरू होकर 17 जनवरी को खत्म होगी। ये मैच क्रमशः मोहाली, इंदौर और बेंगलुरु में खेले जाने हैं।

### कार्लोस अल्कराज ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराया

**रियाद।** स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने बुधवार रात सऊदी अरब के रियाद में एक प्रदर्शनी मैच में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को 4-6, 6-4, 6-4 से हराया। बुधवार को हुए इस मुकाबले से पहले, जोकोविच और अल्कराज के बीच 5 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें जोकोविच ने 3 और अल्कराज ने दो में जीत दर्ज की है। सऊदी की राजधानी में होने वाला मैच रियाद सीजन का हिस्सा है, जो कला, संस्कृति और खेल का एक वार्षिक उत्सव है, जिसमें फरवरी की शुरुआत में आगामी रियाद सीजन कप फुटबाल टूर्नामेंट भी शामिल है, जिसमें क्रिस्टियानो रोनाल्डो के अल नासर और लियोनेल मेसी के इंटर मियामी शामिल हैं।

### पेरू फुटबाल फेडरेशन ने किया जॉर्ज फोसाती को टीम का मुख्य कोच नियुक्त

**लीमा।** पेरू फुटबाल फेडरेशन (एफपीएफ) ने उरुग्वे के मैनेजर जॉर्ज फोसाती को राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। फोसाती का कार्यकाल 2026 फीफा विश्व कप तक होगा। 71 वर्षीय फोसाती ने जुआन रेनोसो की जगह ली है, जिनका 18 महीने का कार्यकाल खराब नतीजों के बाद इस महीने की शुरुआत में समाप्त हो गया था। एफपीएफ के एक बयान में कहा गया है कि उरुग्वे के अनुभवी कोच ने 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ यह पद संभाला है। पेरू के शीर्ष क्लब यूनिवर्सिटारियो के प्रभारी के रूप में नौ महीने की अवधि समाप्त करने के बाद फोसाती उपलब्ध हो गए।



# वुमंस टीम इंडिया 6 विकेट से हारी

- जेमिमा ने 77 गेंदों में 87 रन बनाकर वनडे करियर का 5वां अर्धशतक जड़ा
- पूजा ने 46 गेंदों में 62 रन बनाकर चौथा ओडीआई अर्धशतक बनाया

एजेंसी, मुंबई

**भारतीय** वुमंस क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जा रही है। पहला मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 283 रन का टारगेट दिया। भारत ने 8 विकेट पर 282 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर छह विकेट के नुकसान 46.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया की फीबी लिचफील्ड ने 89 गेंदों पर 78 और पैरी ने 72 गेंदों में 75 और तालिया मैक्ग्रा ने 55 गेंदों में 68 रन बनाकर जीत में अहम योगदान दिया। वहीं बेथ मूनी ने 47 गेंदों में 42 रन बनाए। जेमिमा रोड्रिग्ज और पूजा वस्त्राकर ने अर्धशतकीय पारी खेलीं। वहीं यास्तिका भाटिया अर्धशतक से चूक गईं। पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को पहला झटका महज 12 रन के स्कोर पर लगा। ओपनर शेफाली वर्मा 1 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें जॉर्जिया वेयरहम ने मेगन शट के हाथों कैच कराया। टीम के लिए सबसे ज्यादा 82 रन जेमिमा ने बनाए। जेमिमा के वनडे करियर का यह 5वां अर्धशतक है।




# भारत पहले टेस्ट में पारी और 32 रन से हारा

- साउथ अफ्रीका ने 131 पर किया ऑलआउट किया
- नांद्रे बर्गर को चार विकेट, विराट कोहली ने बनाई फिफ्टी

**सेंचुरियन।** सेंचुरियन टेस्ट में भारत तीसरे ही दिन पारी और 32 रन से हार गया। साउथ अफ्रीका ने टीम को दूसरी पारी में 131 रन पर ऑलआउट कर दिया। विराट कोहली ने फिफ्टी लगाई, बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सके। साउथ अफ्रीका से नांद्रे बर्गर को 4 विकेट मिले। भारत ने पहली पारी में केएल राहुल की सेंचुरी से 245 रन बनाए। साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 408 रन बनाए और 163 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में भारत 131 रन ही बना सका। पहले टेस्ट में साउथ अफ्रीका ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

# निलंबन पर अदालत में चुनौती देंगे : संजय सिंह

## बोले- डब्ल्यूएफआई को निलंबित करने में उचित प्रक्रिया का पालन नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारतीय** कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह ने वीरवार को कहा कि खेल मंत्रालय ने कुश्ती की राष्ट्रीय संस्था को निलंबित करते समय उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया और वे सरकार के इस फैसले को अदालत में चुनौती देंगे।

खेल मंत्रालय ने रविवार को डब्ल्यूएफआई को चुनाव के तीन दिन बाद निलंबित कर दिया था कि उसने अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की घोषणा समेत कुछ फैसले करने में अपने ही संविधान का उल्लघंन किया था।

संजय ने हालांकि कहा कि सरकार डब्ल्यूएफआई का पक्ष सुने बिना उनकी स्वायत्त और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई संस्था को निलंबित नहीं कर सकती। संजय ने पीटीआई से कहा कि हमने लोकतांत्रिक तरीके से डब्ल्यूएफआई के चुनाव जीते। जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश निर्वाचन अधिकारी थे, इसमें भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और यूनाईटेड विश्व कुश्ती के भी पर्यवेक्षक थे। चुनावों में 22 राज्य इकाइयों (25 राज्य संघ में से तीन अनुपस्थित थे) ने हिस्सा लिया था, 47 वोट मिले थे, जिसमें से मुझे 40 मिले थे। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद अगर हमें निलंबित कर दिया जाता है, तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई संस्था को अपना पक्ष रखने का मौका ही नहीं दिया गया, जो न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है, जबकि भारतीय संविधान के अंतर्गत हर कोई इसका हकदार होता है।




डब्ल्यूएफआई के लिए अगला कदम क्या होता तो उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएफआई एक स्वायत्त संस्था है और सरकार ने उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया। हम सरकार से बात करेंगे और अगर सरकार निलंबन वापस नहीं लेती है तो हम कानूनी राय लेंगे और अदालत का रुख करेंगे।

संजय ने कहा कि क्योंकि डब्ल्यूएफआई निलंबन का विरोध कर रहा है तो वह आईओए द्वारा गठित तीन सदस्यीय तदर्थ समिति को स्वीकार नहीं करते। बुधवार को आईओए ने डब्ल्यूएफआई का कामकाज देखने के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की थी। संजय ने साथ ही कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया से मिलने के लिए हरियाणा के अखाड़े में पहुंचने से स्पष्ट हो गया कि तिकड़ी (बजरंग, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक) राजनीति कर रही है।

# सीजन ब्रेक से पहले जीत की राह पर लौटना चाहेंगे मुंबई सिटी और चेन्नइयन एफसी

एजेंसी, मुंबई

**मुंबई** सिटी एफसी और चेन्नइयन एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में अपने अभियान का पहला हाफ पूरा कर लेंगे, जब ये दोनों टीमें जीत की राह तलाशते हुए मुंबई फुटबाल एरेना (एमएफए) में पहुंचेंगी और आज रात एक-दूसरे से भिड़ेंगी, क्योंकि ये दोनों टीमें अपने-अपने पिछले मुकाबलों में हार के बाद इस मैच में उतरेंगी। आइलैंड्र्स को कोच्चि में केरला ब्लास्ट्र्स एफसी के हाथों 2-0 से निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा था, जबकि मरीना मचान्स को पिछले हफ्ते नई दिल्ली में पंजाब एफसी के हाथों 1-0 की हार मिली थी।

यह मुंबई सिटी एफसी की इस आईएसएल सीजन में पहली हार थी। उसके पिछले चार मुकाबलों में दो गोलरहित ड्रॉ और केरला ब्लास्ट्र्स एफसी से हार से पता चलता है कि आइलैंड्र्स में सुधार की काफी गुंजाइश है। लिहाजा, चेक हेड कोच पीटर क्रैटकी 2023 का शानदार समापन करने के लिए उत्सुक होंगे, लेकिन इसका मतलब चेन्नइयन एफसी पर काबू पाना होगा।

### एएफसी कप: अंतर क्षेत्रीय सेमीफाइनल में आसियान क्षेत्र के चैंपियन से भिड़ेगा ओडिशा एफसी

**कुआलालंपुर।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम ओडिशा एफसी एएफसी कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतर क्षेत्रीय सेमीफाइनल में आसियान क्षेत्र के चैंपियन से भिड़ेगी, जिसका नाम अभी तय नहीं है। एएफसी कप का ड्रॉ वीरवार को डाला गया। ओडिशा एफसी एएफसी कप दक्षिण क्षेत्र का विजेता रहा। उसने इसी महीने ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में बांग्लादेश के बसुंधरा किंग्स को हराया। आसियान क्षेत्र का चैंपियन बनने की दौड़ में चार टीम हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलिया का सेंट्रल कोस्ट मरीनर्स एफसी, कंबोडिया का पुहनोम पेन क्राउन एफसी, ऑस्ट्रेलिया का मैकआर्थर एफसी और मलेशिया का सबाह एफसी शामिल है। आसियान क्षेत्र का फाइनल 22 फरवरी को होगा और इसका विजेता ओडिशा एफसी से अंतर क्षेत्रीय सेमीफाइनल में भिड़ेगा जो दो चरण का मुकाबला होगा। पहला चरण छह या सात मार्च को आसियान क्षेत्र के चैंपियन की मेजबानी में होगा, जबकि दूसरा चरण 13 या 14 मार्च को भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में होगा। अंतर क्षेत्र सेमीफाइनल का विजेता किर्गिस्तान के एफसी अब्दिश अता केंत या चीनी ताइपे के फ्युचुरो एफसी से भिड़ेगा, जो सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली दो अन्य टीम हैं। अंतर क्षेत्र फाइनल अप्रैल में होगा और इसका विजेता एएफसी कप फाइनल में पांच मई को पश्चिम क्षेत्र के चैंपियन से भिड़ेगा। ओडिशा एफसी आईएसएल का गत चैंपियन है और मौजूदा सत्र में तालिका में तीसरे स्थान पर चल रहा है।

## पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया मजबूत

# दूसरी पारी में 187/6

- 241 रन की बनाई बढ़त
- पाकिस्तान 264 पर ऑलआउट

एजेंसी, मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलिया** और पाकिस्तान के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला मेलबर्न में खेला जा रहा है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट पर 187 रन बना लिए हैं। टीम ने 241 रन की बढ़त हासिल कर ली है। तीसरे दिन पाकिस्तान अपनी पहली इनिंग में 194/6 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और 264 रन पर ऑल आउट हो गया।

ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में मिचेल मार्श और स्टीव स्मिथ ने अर्धशतक लगाया। मेलबर्न में अपना आखिरी टेस्ट मैच खेल रहे डेविड वॉर्नर 6 रन पर आउट हो गए। मार्श शतक से चूक गए, वो 96 रन बनाकर आउट हुए। एलेक्स कैरी 16 रन बनाकर नाबाद लौटे।

पाकिस्तान की ओर से मीर हमजा और शाहीन शाह अफरीदी ने सबसे ज्यादा 3-3 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया अपनी पहली पारी में 318 रन बनाकर ऑलआउट हो गया था।

### मिचेल मार्श शतक से चूके, 96 रन बनाकर हुए आउट

**ऑस्ट्रेलिया** के लिए दूसरी पारी में अब तक सबसे ज्यादा रन मिचेल मार्श ने बनाए। हालांकि वो शतक से चूक गए। उन्होंने 130 बॉल पर 96 रन की पारी खेली। उनके टेस्ट करियर का यह 7वां अर्धशतक है। मार्श को मीर हमजा ने आगा सलमान के हाथों कैच कराया। मार्श के अलावा स्टीव स्मिथ ने 50 रन की पारी खेली। स्मिथ की टेस्ट में यह 40वीं हाफ सेंचुरी है।

### हमजा और शाहीन ने झटके 3-3 विकेट



**ऑस्ट्रेलिया** की दूसरी पारी में तेज गेंदबाज मीर हमजा और शाहीन शाह अफरीदी 3-3 विकेट ले चुके हैं। हमजा ने तीसरे दिन तीन अहम विकेट लिए। इनमें मिचेल मार्श, डेविड वॉर्नर और ट्रैविस हेड का विकेट शामिल है। उन्होंने शाहीन ने उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ के विकेट लिए।




### तीसरे अंपायर के लिफ्ट में फंसने से कुछ देर खेल रुका

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन लंच के बाद का खेल रोकना पड़ा, क्योंकि तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) की लिफ्ट में फंस गए थे। लंच के बाद खिलाड़ी मैदान पर पहुंच गए थे, लेकिन कई मिनटों तक खेल रूका रहा। मैदानी अंपायरों जोएल विल्सन और माइकल गॉ को बताया गया कि इलिंगवर्थ एमसीजी पर अपनी जगह पर नहीं पहुंचे हैं। प्रसारकों ने भी खाली सीटों की ओर कैमरे का रुख किया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैच में देरी हो गई है, क्योंकि तीसरे अंपायर लिफ्ट में फंस गए हैं। इलिंगवर्थ डाइनिंग क्षेत्र से अपनी सीट पर लौटते समय लिफ्ट में फंस गए। मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ठहाके लगाते दिखे तो इलिंगवर्थ की जगह लेने के लिए रिजर्व अंपायर फिलीप गिलेस्पी बॉक्स की तरफ भागे। वॉर्नर के साथ बल्लेबाजी कर रहे स्टीव स्मिथ ने विल्सन से पूछा कि इलिंगवर्थ के लौटने तक क्या वह बैठ सकते हैं। कुछ मिनट बाद इलिंगवर्थ लिफ्ट से निकलकर अपनी सीट पर बैठे और खेल शुरू हुआ।

### पूर्व भारतीय डिफेंडर प्रबीर मजूमदार का निधन

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय डिफेंडर प्रबीर मजूमदार का वीरवार को संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटा है। मजूमदार उस भारतीय टीम के सदस्य थे, जिसने 1974 एशियाई खेलों में हिस्सा लिया था। 1960 और 1970 के दशक के स्टाइलिश डिफेंडर मजूमदार ने घरेलू सर्किट में ईस्ट बंगाल और ईस्टर्न रेलवे का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने संतोष ट्रॉफी में भी बंगाल का प्रतिनिधित्व किया था। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि प्रबीर दा अपने समय के सबसे भरोसेमंद और सम्मानित डिफेंडरों में से एक थे। दुख की इस घड़ी में मैं उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। मजूमदार ने ईस्ट बंगाल के लिए खेलते हुए कई खिताब जीते, जिनमें कलकत्ता फुटबाल लीग, आईएफए शील्ड, डूरंड कप, रोवर्स कप, डीसीएम ट्रॉफी, बोरदोलोई ट्रॉफी और कई अन्य खिताब शामिल हैं।

# संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में नीलम आजाद को झटका, तत्काल रिहाई याचिका टली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने वीरवार को संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले की आरोपी नीलम आजाद की दिल्ली पुलिस की हिरासत से तत्काल रिहाई की मांग वाली बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा और शलिंदर कौर की पीठ ने कहा कि मामले में कोई जल्दबाजी नहीं है। अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए आज़ाद ने कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 22 (1) का उल्लंघन है।

आजाद को तीन अन्य आरोपियों के साथ 13 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था और 21 दिसंबर को दिल्ली की एक अदालत ने उनकी पुलिस हिरासत पांच जनवरी, 2024 तक बढ़ा दी थी। आजाद ने 21 दिसंबर के रिमांड आदेश की वैधता को इस आधार पर चुनौती दी है कि उन्हें



राज्य द्वारा 21 दिसंबर के रिमांड आवेदन की कार्यवाही के दौरान अपने बचाव के लिए अपनी पसंद के वकील से परामर्श की अनुमति नहीं दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें हिरासत में लेने के बाद कानून के विपरीत 29 घंटे बाद पेश किया गया। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता ने इस बात पर जोर देने के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 22(1) में 'पसंद' और 'बचाव' शब्दों पर भरोसा किया है कि यह एक स्वीकृत तथ्य है कि राज्य ने उसे कानूनी प्रतिनिधित्व करने से रोका है।

### आरोपियों का होगा पॉलीग्राफ टेस्ट!

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने गुरुवार को पटियाला हाउस कोर्ट में अर्जी दाखिल कर संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में गिरफ्तार सभी आरोपियों का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की इजाजत मांगी है। इसे में आरोपियों का प्रतिनिधित्व करने वाले कानूनी सहायक वकील उपस्थित न होने के कारण अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. हरदीप कौर ने मामले को 2 जनवरी, 2024 के लिए स्थगित कर दिया। याचिका पर सुनवाई के दौरान सभी छह गिरफ्तार आरोपियों को भी कोर्ट में पेश किया गया था। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए पब्लिक प्रोसिक्यूटर अखंड प्रताप सिंह का कहना था कि इस सुनियोजित हमले के पीछे बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए गहन जांच की आवश्यकता है।

**प्रगति : 350 मीटर सुरंग का काम 10 माह में होगा पूरा, 508 किलोमीटर का मार्ग साढ़े तीन घंटे में तय करेगी**

# समुद्र के नीचे फर्राटा भरेगी बुलेट ट्रेन, प्रोजेक्ट का काम शुरू

**एजेंसी, अहमदाबाद**

मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (एमएएचएसआर) यानी बुलेट ट्रेन के लिए निर्माण कार्य तेजी से जारी है। इसके लिए समुद्र के अंदर सात किलोमीटर रेल मार्ग के लिए काम की शुरुआत हो गई है।



परियोजना कार्यान्वयन प्राधिकरण नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन ने बताया कि 10 महीनों में 350 मीटर तक की पहाड़ी सुरंग का पूरा होना बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए मील के पत्थर में से एक था।

हाई स्पीड ट्रेन कॉरिडोर में मुंबई के बांद्रा- कुर्ला काम्प्लेक्स और ठाणे जिले के शिलफाटा के बीच 21 किलोमीटर लंबी सुरंग भी होगी और इस सुरंग का सात किलोमीटर हिस्सा ठाणे क्रीक के नीचे होगा, जो इसे देश की पहली समुद्र के नीचे सुरंग बनाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष शिंजो आबे ने 14 सितंबर 2017 को अहमदाबाद में इस परियोजना की शुरुआत की थी। एक बार चालू होने के बाद बुलेट ट्रेन 508 किलोमीटर का मार्ग 3-3.5 घंटे में तय करेगी। गुजरात में वलसाड जिले के जारोली गांव के पास 350 मीटर लंबी और 12.6 मीटर व्यास वाली एक पहाड़ी सुरंग का पूरा होना 2023 में परियोजना के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अहमदाबाद और मुंबई के बीच प्रस्तावित पहली बुलेट ट्रेन 2027 में पटरी पर दौड़ सकती है।

### दुनिया की सबसे फास्ट ट्रेन चीन में, स्पीड 600 किमी प्रति घंटा

हमारे देश में वंदे भारत और तेजस ट्रेन को तेज रफ्तार वाली ट्रेनों में शामिल किया जाता है। बुलेट ट्रेन का भारतीयों को इंतजार है। क्या आप जानते हैं दुनिया में सबसे ज्यादा तेज रफ्तार वाली ट्रेन कौन सी है। जब सबसे तेज चलने वाली ट्रेन की बात आती है तो कई लोगों के मन में जापान में चलने वाली बुलेट ट्रेन का ही नाम आता होगा, लेकिन दुनिया की सबसे फास्ट चलने वाली ट्रेन जापान में नहीं, बल्कि चीन में चलती है जिसका नाम मैगलेव है। जब ये ट्रेन पटरी पर दौड़ती है तो इसकी तस्वीर ले पाना भी मुश्किल होता है।



## वर्ल्ड न्यूज

### पुतिन ने पीएम मोदी को रूस आने का दिया न्योता

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नए साल 2024 में रूस की यात्रा के लिए आमंत्रित किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को क्रेमलिन में रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की। इस दौरान पुतिन ने जयशंकर से कहा कि हमें अपने मित्र प्रधानमंत्री मोदी को रूस में देखकर खुशी होगी। पुतिन ने जयशंकर के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी को रूस आने का न्योता दिया। इसके अलावा पुतिन ने अगले साल भारत में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर भी विदेश मंत्री जयशंकर से चर्चा की और कहा कि भारत और रुस के दोस्ताना संबंध बरकरार रहेंगे।



### मध्यप्रदेश में बस में आग लगने से 13 जिंदा जले, 16 झुलसे

**गुना।** मध्यप्रदेश के गुना में यात्री बस में आग लगने से 13 लोग जिंदा जल गए, जबकि गंभीर रूप से झुलसे 16 लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। यह हादसा दोहाई मंदिर के पास हुआ, जहां एक डंपर से टक्कर हो गई। मुख्यमंत्री ने हादसे में लापरवाही बरतने के लिए आरटीओ रवि बरेलिया और सीएमओ बी कतरौलिया को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। वहीं, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने इस हादसे पर शोक जताया है।

### जापान और रूस में 6.3 तीव्रता का भूकंप, लोगों में दहशत

**टोक्यो/मॉस्को।** जापान और रूस में वीरवार को 6.3 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र कुरील आईलैंड्स के करीब है। इसकी गहराई दस किलोमीटर बताई गई है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप के झटके दोपहर दो बजकर 45 मिनट पर महसूस किए गए हैं। हालांकि, भूकंप से जान माल के नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन लोग दहशत में हैं।

### राजधानी दिल्ली में घने कोहरे के कारण 100 उड़ानें लेट

**नई दिल्ली।** लगातार दूसरे दिन वीरवार को राष्ट्रीय राजधानी में घना कोहरा छाया रहने के कारण इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई एयरपोर्ट) पर 100 से अधिक उड़ानों में देरी हुई है। विलंबित उड़ानों में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय (आगमन और प्रस्थान) दोनों शामिल हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने वीरवार और शुक्रवार को सुबह के दौरान घने से बहुत घने कोहरे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। घने कोहरे के कारण ट्रेनों की आवाजाही पर भी असर पड़ा। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक 22 ट्रेन विलंब से चल रही हैं।

### कैलाश विजयवर्गीय ने राष्ट्रीय महासचिव पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने पद से इस्तीफा दे दिया है। वीरवार को उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद उन्हें इस्तीफा सौंपा। कैलाश विजयवर्गीय ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि आज मैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी से मिला। हमारी पार्टी के सिद्धांत 'एक व्यक्ति एक पद' के अनुसार मैंने महासचिव पद से उन्हें इस्तीफा सौंपा।

# लड़ाई सिर्फ विचारधारा की, भाजपा देश को ले जा रही गुलामी की ओर

## कांग्रेस के स्थापना दिवस पर राहुल गांधी ने भरी हुंकार

**एजेंसी, नागपुर**

कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस पर वीरवार को नागपुर में बड़ी सभा आयोजित की गई। इसके लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नागपुर पहुंचे। पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और महासचिव प्रियंका वाड्रा का नागपुर दौरा रद्द हो गया।

कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस पर महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित पार्टी की मेगा रैली 'हैं तैयार हम' में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर देश को पीछे ले जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज़ादी से पहले हिंदुस्तान की जनता,



महिलाओं के कोई अधिकार नहीं थे। छुआछूत थी, यह आरएसएस की विचारधारा है। यह हमने बदला है और वे फिर इसे वापस लाना चाहते हैं, हिंदुस्तान आज़ादी से पहले जहां था, वे वहां उसे लौटाना चाह रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि एक तरफ युवाओं पर आक्रमण किया जा रहा है और दूसरी तरफ हिंदुस्तान के 2-3 अरबपतियों को देश का पूरा धन दिया जा रहा है। डेढ़ लाख युवाओं को हिंदुस्तान की सेना और वायु सेना के लिए चुन लिया गया था। मोदी सरकार ने अग्निवीर योजना लागू की और इन युवाओं को आर्मी और वायु सेना में नहीं आने दिया गया।

उन्होंने कहा कि देश में विचारधारा की लड़ाई चल रही है, लोगों को लगता है कि यह राजनैतिक लड़ाई है, जो सही है लेकिन इस लड़ाई की नींव विचारधारा है। बहुत सारी पार्टियां एनडीए और विपक्षी गठबंधन में हैं लेकिन लड़ाई दो विचारधाराओं के बीच है। इससे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि हमें इस बात पर गर्व है कि बीते 138 सालों में हमने पूरी ईमानदारी से ऐसा भारत बनाने के लिए संघर्ष किया है।

रैली में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि केवल कांग्रेस पार्टी ही देश को एकजुट रख सकती है और गांधी परिवार ने हमेशा कांग्रेस को एकजुट रखा है। कांग्रेस पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता किसी भी स्तर तक पहुंच सकता है। यह पार्टी की व्यापकता को दर्शाता है।

### गाजा में मानवीय अभियान चलाने के लिए जॉर्डन के साथ करेंगे काम : मैक्रों

**पेरिस।** फिलीस्तीन में बढ़ते मानवीय संकट के बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने वीरवार को कहा कि फ्रांस गाजा में मानवीय कार्य करने के लिए जॉर्डन के साथ जुड़ेगा।



फ्रांसीसी प्रेसीडेंसी ने एक बयान में कहा कि फ्रांस आने वाले दिनों में गाजा में मानवीय अभियानों को अंजाम देने के लिए जॉर्डन के साथ मिलकर काम करेगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बयान में कहा गया है कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ अपने फोन कॉल के दौरान गाजा में स्थायी युद्धविराम का भी अनुरोध किया है। सात अक्तूबर को हमास के हमले के बाद हमास और इसराइल के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से फ्रांस इसराइल का सहयोगी रहा है। मैक्रों ने नेतन्याहू के सामने गाजा में नागरिकों की मौत और मानवीय आपातकाल के बारे में अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है।

**कोरियाई प्रायद्वीप में अमेरिका से टकराव**

# किम जोंग ने सेना को युद्ध की तैयारी तेज करने का दिया आदेश

**एजेंसी, प्योंगयांग**

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कोरियाई प्रायद्वीप में अमेरिका और उसके सहयोगियों के चरम का मुकाबला करने के लिए देश की सेना को युद्ध की तैयारी में तेजी लाने का निर्देश दिया है। यह जानकारी उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने गुरुवार को दी।

किम ने वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया की 8वीं केंद्रीय समिति की 9वीं पूर्ण बैठक के दूसरे दिन की बैठक में यह टिप्पणी की। केसीएनए ने कहा कि किम ने कोरियाई प्रायद्वीप में गंभीर राजनीतिक एवं सैन्य स्थिति का गहन विश्लेषण के आधार पर सेना, युद्ध सामग्री उद्योग, परमाणु हथियार और नागरिक सुरक्षा क्षेत्रों के कार्यों को आगे बढ़ाया, जो अमेरिका और उसके सहयोगी बलों के डीपीआरके (डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया) के साथ टकराव वाली चाल के कारण चरम पर पहुंच गया। रिपोर्ट के अनुसार उत्तर कोरियाई नेता ने



साम्राज्यवाद विरोधी स्वतंत्र देशों के साथ रणनीतिक सहयोग के संबंधों का विस्तार एवं विकास करने और तेजी से बदलती विश्व भू-राजनीतिक स्थिति के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साम्राज्यवाद विरोधी संयुक्त कार्रवाई और संघर्ष को गतिशीलता प्रदान करने के लिए पार्टी के स्वतंत्र सिद्धांत को भी स्पष्ट किया और दक्षिण की ओर विदेशी राजनीति के उन्मुखीकरण का संकेत दिया। सरकारी मीडिया ने इससे पहले कहा था कि पार्टी की वरिष्ठ अधिकारी और देश के नेता की बहन किम यो जोंग ने कोरियाई प्रायद्वीप में अमेरिका और उसके सहयोगियों के उकसावे की कड़ी निंदा की और उन पर क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता को खतरा पहुंचाने का आरोप लगाया।

# क्रूरता साबित होने पर तलाक मांगा जा सकता है : इलाहाबाद हाईकोर्ट

**एजेंसी, प्रयागराज**

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उस पति की याचिका खारिज कर दी, जिसने अलग रह रही पत्नी के कहने पर पारिवारिक अदालत द्वारा अपनी शादी को तोड़ने को इस आधार पर चुनौती दी थी कि एक बार क्रूरता पाए जाने पर तलाक लेने की कार्रवाई का कारण बनता है।

इसके अलावा, अदालत ने कहा कि क्रूरता के मामलों में, अदालत को वैवाहिक संबंध बहाल करने का आदेश पारित करने से पहले अन्य परिस्थितियों पर भी गौर करना चाहिए। न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति शिव शंकर प्रसाद





की खंडपीठ ने हेमसिंह उर्फ टिंचू द्वारा दायर पहली अपील को खारिज करते हुए कहा, एक बार जब क्रूरता साबित हो जाती है, तो तलाक लेने की कार्रवाई का कारण बनता है। उसके बाद पार्टियां अपना आचरण कैसा रखेंगी, यह एक प्रासंगिक फैक्टर बना रह सकता है। फिर भी, कानून का कोई नियम उत्पन्न नहीं हो सकता है जो अदालत को अन्य उपस्थित परिस्थितियों को देखे बिना, पक्षों के बीच वैवाहिक संबंध बहाल करने के लिए आदेश पारित करने का निर्देश दे सकता है। अपीलकर्ता पति हेमसिंह ने प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय इटावा के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसने उसकी पत्नी के कहने पर उसकी शादी को समाप्त कर दिया था।

अदालत ने पाया कि प्रतिवादी पत्नी ने क्रूरता के आधार पर विवाह विच्छेद की मांग की थी। अदालत ने अपने फैसले में माना कि क्रूरता का कृत्य स्थापित हुआ और पति द्वारा दायर पहली अपील को खारिज कर दिया।

### एडहॉक कमेटी को मैं नहीं मानता, खेल मंत्री से करूंगा चर्चा : संजय सिंह

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निलंबित अध्यक्ष संजय सिंह ने भारतीय ओलंपिक संघ की ओर से बनाई गई एडहॉक कमेटी को मानने से इनकार कर दिया है। संजय सिंह ने एडहॉक कमेटी को मानने से इनकार कर दिया है और इस मुद्दे पर खेल मंत्री के साथ चर्चा करने की योजना बना रहे हैं।



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को तीन सदस्यीय एडहॉक कमेटी का गठन किया, जिसे डब्ल्यूएफआई के दिन-प्रतिदिन के संचालन की देखरेख का काम सौंपा गया है।समिति की अध्यक्षता भूपिंदर सिंह बाजवा करेंगे, जो वुशू एसोसिएशन ऑफ इंडिया में अध्यक्ष पद पर हैं। अन्य दो सदस्यों में हॉकी के ओलंपियन एमएम सोमाया और पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर शामिल हैं।

# संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने भविष्य की महामारियों के लिए वैश्विक तत्परता का किया आग्रह

**एजेंसी, संयुक्त राष्ट्र**

अंतरराष्ट्रीय महामारी तैयारी दिवस के अवसर पर अपने संदेश में, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कोविड-19 संकट से सबक लेते हुए भविष्य की महामारियों के खिलाफ वैश्विक तैयारियों की अनिवार्यता पर जोर दिया है।

संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारी ने आग्रह किया, जब अगली महामारी आएगी, तो हमें बेहतर करना होगा। लेकिन हम अभी तैयार नहीं हैं। हमें तैयारी करनी चाहिए और कोविड-19 से सबक लेकर काम करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा, हमें अमीर देशों की महामारी स्वास्थ्य देखभाल



आपूर्ति की जमाखोरी और नियंत्रण की नैतिक और चिकित्सा आपदा को त्यागना चाहिए, और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर किसी के पास निदान, उपचार और टीकों तक पहुंच हो। उन्होंने कहा कि आगे का रास्ता वैश्विक सहयोग से होकर गुजरता है। दुनिया को वायरस की निगरानी में सुधार करना चाहिए, स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना चाहिए और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के वादे को वास्तविकता बनाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि ये प्रयास प्रगति कर रहे हैं।

उन्होंने याद दिलाया कि महामारी की रोकथाम, तैयारी और प्रतिक्रिया पर सितंबर में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक एक मजबूत राजनीतिक घोषणा के साथ संपन्न हुई, जो एक महामारी समझौते की दिशा में चल रही बातचीत का पूरक है। उन्होंने कहा, आइए हम सब मिलकर कोविड-19 से मिली सीख पर काम करें, तैयारी करें और सभी के लिए एक न्यायपूर्ण, स्वस्थ दुनिया का निर्माण करें।

### पुंछ और राजौरी में सुरक्षा बल खंगाल रहे जंगल

**पुंछ।** पुंछ और राजौरी जिले के जंगली इलाकों में छिपे आतंकवादियों की धर पकड़ के लिए सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान गुरुवार को भी जारी है। सुरक्षाबल कई जंगली इलाकों में चप्पे-चप्पे को खंगाल रहे हैं। साथ ही लोगों के घरों में भी पूछताछ की जा रही है, लेकिन कहीं कोई सफलता हाथ नहीं लगी है।

### पंजाब पुलिस ने लारेंस और गोल्डी गैंग का गुर्गा किया गिरफ्तार, पिस्तौल व गाड़ी बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने मोहाली से लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गैंग के एक गुर्गे को गिरफ्तार किया है। वह पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में कत्ल, इरादतन कत्ल, आर्म्स एक्ट और यूएपीए समेत कम से कम 20 मामलों में वांछित था। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने वीरवार को बताया कि सतिएवाला, फिरोजपुर निवासी विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्की के पास से पुलिस टीमों ने .30 कैलीबर के एक चीनी पिस्तौल समेत आठ जिंदा कारतूस और उसकी गाड़ी बरामद की। विक्की को मोहाली स्थित उस अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया है, जहां उसने पनाह ले रखी थी। डीजीपी ने बताया कि अपराधी विक्की को एडीजीपी प्रमोद बान के नेतृत्व वाली एजीटीएफ की टीम ने पकड़ा है।

### जयपुर और दिल्ली समेत सात एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, जयपुर**

राजधानी जयपुर सहित आधा दर्जन से अधिक एयरपोर्ट अधिकारियों को ईमेल पर एयरपोर्ट और प्लेन को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कार्यालय कस्टमर केयर आईडी पर ईमेल मिलने के बाद जयपुर एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। जानकारी मिलने पर सीआईएसएफ के अधिकारियों ने





मोर्चा संभाला। इसके बाद स्थानीय एयरपोर्ट थाना पुलिस की मदद से एयरपोर्ट और वहां लैंड होने वाली फ्लाइट्स की जांच शुरू कर दी। पुलिस को अब तक की जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। ईमेल किसने भेजा और कहां से आया, अधिकारी इसका पता लगा रहे हैं।

# डीआरडीओ के 'तापस यूएवी' कार्यक्रम को मिशन मोड में बंद करने का फैसला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सरकार ने रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) में विकसित किए जा रहे स्वदेशी 'तापस यूएवी' कार्यक्रम को मिशन मोड में बंद करने का फैसला लिया है। साथ ही भारत सरकार ने इस फंड से एक उत्पादन एजेंसी के सहयोग से रुस्तम मेल यूएवी परियोजना के विकास के लिए हरी झंडी दे दी है।

डीआरडीओ को तापस यूएवी की 30 हजार फुट ऊंचाई पर लगातार 24 घंटे की उड़ान क्षमता पूरा करने के लिए कहा गया है। इन दोनों लक्ष्यों को हासिल करने के बाद तापस यूएवी कार्यक्रम को मंजूरी देने की शर्त लगाई गई है। तापस का पूरा नाम टेक्टिकल एयरबॉर्न प्लेटफॉर्म फॉर एरियल सर्विलांस बियॉन्ड होराइजन

**30 हजार फुट ऊंचाई पर 24 घंटे उड़ान क्षमता पूरा करने को कहा, रुस्तम मेल यूएवी परियोजना के विकास को हरी झंडी**



(टीएपीएएस) है। यह भारत का पहला मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस यूएवी है, जो अमेरिका के एमक्यू-1 प्रीडेटर ड्रोन जैसा ही है।

तापस अपने आप ही टेक ऑफ और लैंड करने की क्षमता रखने वाला ड्रोन है। डीआरडीओ के तापस मीडियम-एल्टीट्यूड लॉन्ग-एंड्योरेंस मानव रहित हवाई वाहन को एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीए) ने विकसित किया है।

डीआरडीओ का तापस यूएवी उड़ान परीक्षण के दौरान दो बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है। पहली दुर्घटना सितंबर, 2019 में हुई थी। दूसरी बार इसी साल 20 अगस्त को चित्रदुर्ग परीक्षण रेंज में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। जब यह यूएवी दुर्घटनाग्रस्त हुआ, उस समय मैदान पर कोई नहीं था। डीआरडीओ के अधिकारियों ने इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को 76 यूएवी बनाने थे, जिसमें सेना को 60, वायु सेना को 12 और नौसेना को 4 यूएवी के जरिये दिन-रात के हवाई निगरानी मिशन को अंजाम देना था।

**जयंती** कई यादगार फिल्मों से राजेंद्र कुमार, राजेश खन्ना और धर्मेंद्र को स्टार बनाने वाले फिल्म निर्माता की प्रेरककथा

# रामानंद के धारावाहिक 'रामायण' में मग्न हो जाते थे लोग

**अनंत ज्ञान विशेष**

मशहूर फिल्म निर्माता स्वर्गीय रामानंद सागर उर्फ चंद्रमौली चोपड़ा ने 'रामायण' बनाकर टेलीविजन की लोकप्रियता को नया आयाम दिया। रामानंद सागर ने कई फिल्में और टेलीविजन धारावाहिक बनाए, लेकिन धारावाहिक 'रामायण' उनकी इकलौती पहचान बन गई।

इस धारावाहिक ने रामानंद सागर को अमर कर दिया। शुरू में 'रामायण' सीरियल को 45 मिनट के 52 एपिसोड तक चलाने की योजना थी, लेकिन जब देखा गया कि इसके प्रसारण के समय गलियां सूनी और सड़कों पर कर्फ्यू जैसी शांति हो जाती है, तो इसकी लोकप्रियता के कारण इसके एपिसोड की संख्या तीन बार बढ़ाई गई। आखिरकार, यह 78 एपिसोड पर समाप्त हुआ।



### लाहौर से कश्मीर का कनेक्शन

29 दिसंबर, 1917 को लाहौर के पास असल गुरुके में पैदा हुए रामानंद सागर के परदादा लाला शंकर दास चोपड़ा देश के बंटवारे से पहले लाहौर से कश्मीर चले आए थे। हालांकि, देश की आजादी के बाद कश्मीर पर जब पाकिस्तानी कबीलाइयों का हमला हुआ तो उनका परिवार कश्मीर छोड़ने को विवश हो गया।

### पद्मश्री से सम्मानित

**भारत** सरकार ने रामानंद को 2000 में कला और सिनेमा में उनके योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया था। 12 दिसंबर 2005 को 87 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया।

### संस्कृत और फारसी में स्वर्ण विजेता

**रामानंद** को उनकी नानी ने गोद लिया था, जिनके कोई बेटा नहीं था, उस समय उनका नाम 'चंद्रमौली चोपड़ा' से बदल कर 'रामानंद सागर' कर दिया गया था। सागर ने दिन में चपरासी, ट्रक क्लीनर, साबुन विक्रेता, सुनार प्रशिक्षु आदि के रूप में काम किया और रात में पढ़ाई जारी रखी। वह 1942 में पंजाब विश्वविद्यालय से संस्कृत और फारसी में स्वर्ण पदक विजेता थे।

### यादगार फिल्में बनाई

**सागर** ने 'विक्रम और बेताल' और 'अलिफ लैला' जैसे फंतासी धारावाहिक भी बनाए। इससे पहले उन्होंने कई फिल्मों का निर्देशन किया। रामानंद सागर ने 'गीत', 'आंखें', 'ललकार', 'घूंघट', 'आरजू', 'प्रेम बंधन' जैसी कई सुपरहिट फिल्मों का निर्देशन किया। उनके साथ अभिनेता राजेंद्र कुमार, राजेश खन्ना और धर्मेंद्र जैसे स्टारों ने काम किया।

### 1985 में टेलीविजन की ओर रुख

**1985** में सागर ने 'दादा दादी की कहानियां' के साथ टेलीविजन की ओर रुख किया। उनके निर्देशन में बने धारावाहिक 'रामायण' का पहला एपिसोड 25 जनवरी 1987 को प्रसारित हुआ। उनके अगले टेली-धारावाहिक 'श्रीकृष्णा' और 'लव-कुश' थे, जो उनके द्वारा निर्मित और निर्देशित थे। बाद में उन्होंने 'साई बाबा' का निर्देशन भी किया।

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099, ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com, फोन नंबर : 01892-299098, 98168-75517